ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, रविवार
18 मई 2025
वर्ष-26, अंक-105, पृष्ठ-12

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 37.0° | 37.5° |
| न्यून. | 25.4° | 25.6° |



पेज 10

## एक नजर

### हुसैनाबाद में वज्रपात से युवक की मौत, 3 झुलसे

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अंचल क्षेत्र की जमुआ पंचायत के माधेकचहरी गांव के पास शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से 17 वर्षीय युवक ओमप्रकाश चंद्रवंशी की मौत हो गई, जबकि तीन लोग झुलस गए। हुसैनाबाद क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश और वज्रपात भी हुआ। मृतक और झुलसे सभी लोग आम के पेड़ के नीचे खड़े थे।

### आरबीआई 20 रुपए के नए बैंक नोट जारी करेगा

**नई दिल्ली/मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी (नई) सीरीज में 20 रुपए मूल्यवर्ग के नए बैंक नोट जारी करेगा। इन नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। आरबीआई ने शनिवार को जारी बयान में बताया है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 20 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी किए जाएंगे, जिन पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे।

### अरुणाचल प्रदेश में 3.4 तीव्रता का भूकंप

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में शनिवार को दोपहर बाद मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार दिन में 03 बजकर 11 मिनट 36 सेकेंड पर मध्यम तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई। फिलहाल भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

### अमेरिका में भीषण तूफान, 21 लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिसौरी और केंटकी राज्यों में आए भीषण तूफानों और बवंडरों (टॉर्नेडो) ने भारी तबाही मचाई है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन तूफानों में कम से कम 21 लोगों की मौत हुई है, जबकि काफी लोग घायल हुए हैं। तूफानों का यह सिलसिला केवल इन दो राज्यों तक सीमित नहीं रहा। विस्कॉन्सिन, इलिनॉय, टेक्सास, इंडियाना, और फ्लोरिडा जैसे राज्यों में भी मौसम का भीषण कहर देखने को मिला।

## केंद्र ने दिया अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को चिह्नित करने का निर्देश

# कार्रवाई : झारखंड से निकाले जाएंगे बांग्लादेशी और रोहिंग्या

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**




- केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को भी भेजा है पत्र
- चिह्नित करने के लिए हर जिले में स्पेशल टास्क फोर्स के गठन का है निर्देश

**रांची।** भारत में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या (म्यांमार निवासियों) को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए एक पूरी प्रक्रिया बनाई है। इसके तहत सभी जिलों में अवैध तरीके से रह रहे ऐसे विदेशियों को चिह्नित कर उन्हें होल्डिंग सेंटर में रखने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को भी पत्र भेजा है। इसमें झारखंड में अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में यह भी निर्देश दिया कि है कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या को चिह्नित करने के लिए राज्य के हर जिले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाए। उसके बाद एक होल्डिंग सेंटर बनाएं। बता दें कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को देश से बाहर भजेने के लिए बड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी किए गए पत्र में लिखा गया है कि केंद्र के पास संघीय पुलिसिंग की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सभी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें चिह्नित जगह पर रखें और फिर डिपोर्ट की कार्रवाई शुरू करें।

शेष पेज 11 पर

### झामुमो-कांग्रेस ने आलोचना की, भाजपा ने राष्ट्रीय हित में बताया

बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को उनके देश डिपोर्ट करने के मामले पर झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडे का कहना है कि गलती केंद्र करे और उसे सुधारने का काम राज्य सरकार करे। राज्य सरकार के पास भी सीमित संसाधन हैं, ऐसे में केंद्र को अपनी गलती माननी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा आरोप है कि असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के रास्ते ही बांग्लादेशी घुसपैठ करते हैं और वहीं से झारखंड आते हैं। असम और त्रिपुरा में भी भाजपा की ही सरकार है, ऐसे में पहले केंद्र और बीजेपी अपनी गलती माने। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि पहले असम जैसे राज्यों में राज्य सरकार ईमानदारी से कार्य करे। दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा ने केंद्र के इस फैसले का स्वागत किया है। भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव का कहना है सरकार ने इसे लेकर जो निर्णय लिया है, वह स्वागत योग्य है, क्योंकि यह राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने राज्य सरकार पर यह आरोप लगाया कि सरकार बांग्लादेशियों को वोटबैंक के रूप में देखती है और ज्यादातर ने अपने पहचान पत्र भी बना लिए हैं। देखना होगा अब किस तरह राज्य सरकार इसपर अपना कर्तव्य सही ढंग से निभा पाती है, क्योंकि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा सड़क पर उतरेगी और प्रदर्शन करेगी।

## हेमंत सरकार की 'अबुआ आवास योजना' से पूरा हो रहा अपने घर का सपना

# रांची के 3533 लाभार्थियों को मिला अबुआ आवास

- **राज्य** सरकार को कहा धन्यवाद, बोले- सरकार ने सपना पूरा कर दिया
- **रांची** के उपायुक्त ने फीता काटकर कराया उनका गृह प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बहुत खुश हैं सर हमलोग..., सोचे भी नहीं थे कि अपना घर बना पाएंगे..., लेकिन सरकार ने यह सपना भी पूरा कर दिया। पहले हमलोगों का खपरैल घर था, 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में जो कैंप लगा था, उसमें फॉर्म भरे थे..., अब अपना घर मिल गया है। सबको बहुत-बहुत धन्यवाद, सरकार को धन्यवाद। रांची के नगड़ी प्रखंड के साहेर पंचायत निवासी अजय नायक और उनकी पत्नी की खुशी का ठिकाना नहीं था।

अजय नायक के घर शनिवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री अबुआ आवास योजना अंतर्गत 'गृह प्रवेश' कार्यक्रम को लेकर उनके आवास पहुंचे थे। उन्होंने जिला परिषद अध्यक्ष, सदस्य एवं लाभुक के साथ फीता काटकर उनका गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान रांची जिले के सभी 18 प्रखंडों में अबुआ आवास योजना के लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। पूरे जिले में कुल 3,533 लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया।



इस मौके पर सभी प्रखंडों में स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। अनगड़ा में 272, बेड़ो में 171, बुंडू में 94, बुढ़मू में 149, चान्हो में 290, इटकी में 150, कांके में 355, खलारी में 203, लापुंग में 124, मांडर में 288, नगड़ी में 161, नामकुम में 369, ओरमांझी में 165, राहे में 99, रातू में 152, सिल्ली में 219, सोनाहातू में 101 और तमाड़ प्रखंड में 171 लाभुकों ने अपने अबुआ आवास में गृह प्रवेश किया। नगड़ी के साहेर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के लाभुकों ने उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के समक्ष अपने अनुभव साझा किए। लाभुकों ने बताया कि 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में योजना के लाभ के लिए उन्होंने आवेदन दिया था और अब उनका सपना पूरा हुआ है।

मौके उपायुक्त ने कहा कि ऐसे लाभुक जिन्हें किस्त का भुगतान किया गया है वे जल्द अपना आवास निर्माण कराएं। आवास निर्माण होने पर कार्यक्रम आयोजित कर उनका गृह प्रवेश कराया जाएगा। रांची जिला में अबुआ आवास योजना अंतर्गत 13,065 लाभुकों को पहली, 11,724 लाभुकों को दूसरी और 8,468 लाभुकों को तीसरी किस्त का भुगतान किया जा चुका है।

### मुख्यमंत्री ने गरीब और बेघरों के लिए शुरू की अबुआ आवास योजना



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के गरीब और बेघर नागरिकों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू की। यह योजना गरीबों के अपने घर का सपना साकार कर रहा है। योजना के तहत लाभार्थियों को दो लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है, जिससे कि वे पक्का घर बना सकें। यह योजना उन परिवारों के लिए है शेष पेज 11 पर

### मंईयां सम्मान की राशि से आर्थिक स्थिति मजबूत करें लाभार्थी : डीसी

'गृह प्रवेश' कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंईयां सम्मान से स्वावलंबी बनने की बात कही। योजना की लाभुकों से उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह मिलने वाले ढाई हजार की सम्मान राशि से वे अपनी आर्थिक स्थिति और मजबूत कर सकती हैं। जिला प्रशासन योजना की लाभुकों को अंडा उत्पादन और बकरी पालन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अप्रैल तक मंईयां सम्मान योजना के 3,051 लाभुकों के बीच 1,59,300 चूजे और 350 लाभुकों के बीच 730 बकरियों का वितरण किया गया है।

## पलामू के होटवार जंगल में पुलिस-टीएसपीसी में मुठभेड़



- एके-47 की मैगजीन सहित कई सामग्री मिली, सर्च अभियान जारी
- दस लाख के इनामी उग्रवादी शशिकांत के दस्ते से भिड़ी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र स्थित होटवार जंगल में रविवार को पुलिस और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि टीएसपीसी के दस लाख के इनामी जोनल कमांडर शशिकांत के दस्ते से मुठभेड़ हुई है।

मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से पुलिस ने एके-47 की मैगजीन, पिट्ठू बैग, वर्दी और अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस मान रही है कि इस दौरान कई उग्रवादियों को गोली लगी है। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शशिकांत के नेतृत्व में टीएसपीसी का दस्ता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही एसपी अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया। शेष पेज 11 पर

### रवींद्र गंझू उर्फ आक्रमण से एनआईए करेगी पूछताछ

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध आम्रपाली कोयला परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के जोनल कमांडर रवींद्र गंझू उर्फ आक्रमण से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) चार दिनों तक पूछताछ करेगी। रांची एनआईए के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को एनआईए की ओर से दायर रिमांड के आवेदन पर यह आदेश दिया है। एनआईए की ओर से 10 दिनों की रिमांड मांगी गई थी, लेकिन कोर्ट ने चार दिनों की रिमांड दी है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## आदिवासी संगठनों का बंद 4 जून को

### सिरम टोली फ्लाईओवर के विरोध में आहूत किया गया है बंद

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** रांची के सरना भवन में शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक प्रेस वार्ता कर सिरम टोली सरना स्थल के मुख्य द्वार पर प्रस्तावित फ्लाईओवर, रैंप निर्माण को लेकर विरोध जताया। केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाव मोर्चा के बैनर तले आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि सरकार सरना स्थल के सामने फ्लाईओवर को अंतिम रूप देने की कोशिश में जुटी है। 24 अप्रैल को इस मुद्दे पर आपात बैठक



भी बुलाई गई थी। गीताश्री उरांव ने पेसा कानून, धर्म कॉलम और आदिवासियों की जातीय जनगणना को लेकर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया कि सातवां धर्म कॉलम हटा दिया गया है और अंग्रेजों के समय से चले आ रहे धर्म कॉलम को मिटाया जा रहा है। साथ ही, प्रशासनिक सहयोग से अंचल कार्यालयों और थानों में आम आदिवासी परेशान हैं और उनकी धार्मिक जमीनें भी छीनी जा रही हैं। प्रदेश के पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा कि पेसा कानून की नियमावली बनाई गई है, लेकिन ग्राम सभा के अधिकारों को लेकर अब भी शेष पेज 11 पर

### लोस अध्यक्ष ओम बिरला 25 मई को आएंगे रांची

**रांची।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला आगामी 25 मई को रांची आएंगे। उसी दिन दोपहर में चैंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर के प्लैटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आमंत्रण पर लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में भाग लेने की अपनी अनुमति प्रदान की है। 25 मई की शाम 5:00 बजे लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रांची लौटेंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि रांची में शाम पांच बजे स्वर्ण भूमि सभागार शेष पेज 11 पर

## जेएससीए का चुनाव आज, सुरक्षा कड़ी

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) का रविवार (18 मई) को होने वाले चुनाव को लेकर यहां सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जेएससीए मैदान रांची में रविवार को सुबह 8:00 बजे से दिन में 1:00 तक मतदान होगा और शाम तक परिणाम आ जाएंगे। चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की अगुवाई वाली टीम का सीधा मुकाबला एसके बेहरा की टीम से है। दोनों पक्षों के उम्मीदवार लगातार वोटरों से संपर्क साध कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। दोनों ही टीमों ने चुनावों को लेकर अपनी प्राथमिकताएं गिनाई हैं



- चुनाव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं

और अपना घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है। 'द टीम' की ओर से अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जेएससीए में पारदर्शिता लाना और राज्य में क्रिकेट से जुड़े लोगों और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देना है। स्वर्गीय अमिताभ चौधरी के नक्शे कदम पर चलने की कोशिश होगी शेष पेज 11 पर

**टीम शाहदेव के उम्मीदवार**

- **अध्यक्ष :** अजय नाथ शाहदेव, **उपाध्यक्ष :** संजय पांडे, **सचिव :** सौरभ तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), **संयुक्त सचिव :** शाहबाज नदीम (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), **कोषाध्यक्ष :** अमिताभ घोष।

**टीम बेहरा के उम्मीदवार**

- **अध्यक्ष :** एसके बेहरा, **उपाध्यक्ष :** नंदू पटेल, **सचिव :** एसबी सिंह, **कोषाध्यक्ष :** सौम्या सेन, **संयुक्त सचिव :** राजकुमार शर्मा।

## इंडिया

# बहुत बढ़ी हैं बिजली गिरने से मौत की घटनाएं, जागरूकता ही बचाती है



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत और झारखंड में बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि चिंताजनक है हाल ही में सीआरपीएफ के माओवादी विरोधी अभियान के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सेकंड इन कमांडर महारबाम प्रभुसिंह की मौत चाईबासा में हो गई। ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने की वजह से 9 लोगों की मौत हो गई। गुमला में 2023 में बिजली गिरने से 30 लोगों की मौत हुई थी। एनसीआरबी के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाली 8,060 आकस्मिक मौतों में से लगभग 36% या 2,886 मौतें 2022 में बिजली गिरने के कारण हुईं, जो 1967 में 1,165 थीं। पिछले साल मार्च और अप्रैल के बीच मौतों में 184 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। लाइटनिंग रेजिलिएंट इंडिया कैंपेन के वैज्ञानिक कर्नल संजय श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) के अनुसार जलवायु परिवर्तन बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि का कारण है 'यह वनों की कटाई, जल निकायों में कमी, शहरीकरण, प्रदूषण के कारण एरोसोल के स्तर में वृद्धि, बड़े पैमाने पर खनन, औद्योगीकरण सहित अन्य कारकों से बढ़ता है।'दो दशकों में बिजली गिरने से होने वाली मौतों के विश्लेषण से पता चलता है कि उनके दोपहर में होने की संभावना अधिक होती है। बिजली गिरने का शिकार ग्रामीण (96%) किसान, मवेशी चराने वाले और जंगल के शिकारी हैं।जनसंख्या के अलावा झारखंड, बंगाल की खाड़ी के करीब स्थित है और छोटानागपुर पठार में ऊबड़-खाबड़ जमीन है, जबकि ओडिशा में खुले में खनन और औद्योगीकरण का असर बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि पर पड़ सकता है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार "अगर अत्यधिक गर्मी के कारण जमीन अधिक गर्म हो जाती है, और मॉनसून की बारिश तपती धरती के संपर्क में आती है। ऐसे में आधे घंटे से तीन घंटे के भीतर बिजली गिरना शुरू हो जाती है।' भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व महानिदेशक केजे रमेश के अनुसार 'अगस्त



और सितंबर में बिजली अधिक गिरती है क्योंकि ये भारी बारिश के महीने होते हैं।'विशेषज्ञों का कहना है कि जागरूकता और बिजली से बचाव के उपायों से मौतों को पूरी तरह से रोका जा सकता है। दामिनी नामक मोबाइल ऐप बिजली गिरने की 40 किमी के दायरे में जीपीएस अलर्ट भेजता है। एप में सावधानियां भी बताई गई हैं। पांच तरीकों से बिजली के कहर से बच सकते है- बारिश के दौरान खेतों, खुले मैदानों, पेड़ों या किसी ऊंचे खंबे के पास न जाएं, क्योंकि इन पर बिजली गिरने की संभावना सबसे अधिक होती है।तेज बारिश हो हो और बादल गरज रहे हों तब झीलों, नदियों और तालाब जैसी जगहों से दूर रहें। इन खुली जगहों पर बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है। आंधी के दौरान बिजली के उपकरणों, जैसे लैंडलाइन फोन, कंप्यूटर, या अन्य प्लग-इन डिवाइस का उपयोग करने से बचें, क्योंकि बिजली तारों के माध्यम से फैल सकती है और खतरा पैदा कर सकती है। तूफान बीत जाने के बाद भी, तुरंत बाहर ना निकलें। कम से कम 30 मिनट तक इंतजार करना जरूरी है। बिजली देर से गिर सकती है, और जब तक तूफान और बिजली चमकना पूरी तरह से बंद नहीं हो जाए तब तक खतरा बना रह सकता है।जमीन के सीधा संपर्क से बचें और खाट या फिर बेड पर रहें।

या फिर जमीन पर नंगे पैर न रहें। रबर की चप्पलों का प्रयोग करें।बिजली कड़कने पर घर में आश्रय लें, टिन या धातु से बनी छत वाले मकानों से दूर रहें।खुले आसमान के नीचे हों तो तुरंत छुप जाएं जमीन पर न लेटें।कभी भी पेड़ के नीचे न खड़े हों और एक स्थान पर भीड़ न लगाएं, सभी फैलकर खड़े हों।कार/बस या ढके हुए वाहन के अंदर हैं, तो वहीं रहना सुरक्षित है।घर के बाहर धातु की वस्तुएं इस्तेमाल न करें, बिजली और टेलीफोन के खंबों से दूर रहें।बिजली कड़कने के दौरान घर के अंदर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग निकाल दें और खिड़कियों और दरवाजें से दूर रहें और खुले में खड़े न हों।प्लंबिंग और लोहे के पाइपों को न छुएं। साथ ही नल से बहते पानी का इस्तेमाल न करें। जब भी आप खराब मौसम में घर से बाहर जाएं या घर के अंदर रहें और आपके सिर पर बाल खड़े हो जाएं और त्वचा में झुनझुनी होने लगे तो समझ जाएं कि आपको करंट लग सकता है। इस कारण तुरंत झुक जाएं और अपने कानों को हाथों से ढक लें। कुल मिलाकर यदि आपकी गर्दन के पीछे के बाल खड़े हो जाएं तो समझें कि बिजली गिरने वाली है। पहले लोग अपनी इमारतों में ऊपर एक त्रिशूल जैसी आकृति कुछ लोग साईकिल की रिम भी लगाते थे, जिसे तड़ित-चालक कहा जाता था, उससे बिजली गिरने से काफी बचत होती थी, असल में उस त्रिशूल आकृति से धातु का एक मोटा तार या पट्टी जोड़ी जाती थी और उसे जमीन में गहरे गाड़ा जाता था, ताकि बिजली उसके माध्यम से नीचे उतर जाए और इमारत को नुकसान न हो।

### सटीक और साहसिक सैन्य कार्रवाई

## 'ऑपरेशन सिंदूर' हर भारतीय सैनिक के लिए गर्व का क्षण है

07 मई 2025 को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी ठिकानों पर एक सटीक और साहसिक सैन्य कार्रवाई की। यह जवाब उन 26 निर्दोष नागरिकों की शहादत के प्रतिशोध में दिया गया, जो पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में मारे गए थे। एक सैनिक के रूप में, जिसने अपने जीवन में कई बार देश की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी है, मैंने इस ऑपरेशन को गर्व और सम्मान की भावना से देखा। यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि दुनिया को यह संदेश था कि भारत अपनी सरजमीं पर आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सबसे




सुबेदार मेजर अरुण कुमार सहार (सेवानिवृत्त)।

बड़ी विशेषता थी थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच अद्वितीय तालमेल। वायु सेना ने बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय समेत नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। थल सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पूरी मुस्तैदी के साथ निगरानी और मोर्चा संभाला, जबकि नौसेना ने अरब सागर में समुद्री निगरानी और रणनीतिक दबाव बनाए रखा, जिससे किसी भी शेष पेज 11 पर

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, कहा

# चहेतों को लाभान्वित करने के लिए लाई गई है नई शराब नीति

**बोले नेता प्रतिपक्ष**

- यदि हेमंत सरकार ईमानदार है, तो एक लाइसेंस धारी को एक दुकान ही किया जाए आवंटित
- अधिसूचित क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में हो आवंटन, ग्रामीण महिलाओं को मिले प्राथमिकता

नवीन मेल डेस्क



**गृह, पेयजल व पंचायती राज विभाग को एक भी पैसा जारी नहीं : मरांडी**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा है कि चालू वित्त वर्ष के डेढ़ महीने बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक गृह विभाग, पेयजल विभाग और पंचायती राज विभाग जैसे तीन अहम विभागों को एक भी पैसा जारी नहीं किया गया है। कुछ ही दिनों में मानसून का आगमन हो जाएगा, जिसके बाद आगामी दो-तीन महीनों तक कोई सिविल कार्य नहीं हो सकता है। बाबूलाल ने कहा कि गृह विभाग के मामले में तो समझा जा सकता है कि राज्य में डीजीपी की नियुक्ति ही नहीं हुई है, तो बजट आवंटन का फिलहाल कोई मतलब नहीं बनता। मुख्यमंत्री खुद की कमाई के लिए, खुद की दिहाड़ी पर एक भ्रष्ट अधिकारी की नियुक्ति कर बजट का पैसा बचा रहे हैं। लेकिन, पेयजल विभाग को राशि जारी न करना समझ से परे है। झारखंड में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है और प्रदेश के कई हिस्सों में जल संकट गंभीर रूप ले चुका है। ऐसे में पेयजल योजनाओं का बजट रोकना आम जनता के साथ अन्याय है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पंचायती राज विभाग की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक है। ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों कार्य अधूरे हैं, मजदूरों का भुगतान लंबित है, लेकिन विभागीय मंत्री, अधिकारी पांच सितारा होटल में सेमिनार आयोजित कर करोड़ों रुपए फूंक रहे हैं।

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को हेमंत सरकार की नई शराब नीति पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री को लिखे पत्र का भी उल्लेख किया। कहा कि पहले भी उन्होंने राज्य सरकार की नीति और नीयत को उजागर किया है और समय आने पर फिर खुलासा करेंगे।

बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कहा कि हेमंत सरकार ने अपने कार्यकाल में तीसरी बार शराब घोटाले की नींव डाली है। पहले के दो घोटाले अभी जांच के घेरे में हैं और अब तीसरी बार अपने चहेतों को उपकृत करने के लिए नए तरीके से शराब नीति लाई गई है। यह माफियाओं को खुली छूट देकर शराब पर कब्जे की वैधानिक कार्रवाई है।

मरांडी ने कहा कि इस नीति के तहत नीलामी यूनिट के आधार पर होगी। हर यूनिट में एक से चार दुकानों का प्रावधान है। कोई भी व्यक्ति या समूह इसके तहत अधिकतम 12 यूनिट ले सकता है। इसमें ऐसा भी प्रावधान है कि अगर किसी ने ऐसी यूनिट ली, जिसमें चार दुकानें हैं, तो वह व्यक्ति या समूह एक जिले में 48 दुकानें ले सकता है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, एक व्यक्ति या समूह इस नीति के तहत राज्य में 140 दुकानें ले सकता है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सभी को पता है कि कारोबारी पहले से ही दो, चार, दस, बीस कंपनियां बनाकर बैठे हैं। वे अलग-अलग कंपनियों और समूहों के नाम पर नीलामी में भाग लेंगे और इस नीति का फायदा उठाकर पूरे राज्य की शराब दुकानों पर कब्जा और एकाधिकार स्थापित करेंगे। फिर एक बार राज्य के शराब व्यापार पर कुछ चुनिंदे नामों का खुला नियंत्रण होगा। इस प्रकार यह नीति माफियाओं को कानूनी मान्यता देने की साजिश है।

मरांडी ने कहा कि इस नीति के कारण फिर से राज्य को राजस्व की भारी क्षति होगी। कहा कि इस मॉडल से चंद रसूखदार और सत्ताधारी नेताओं के करीबी व्यापारी ही लाभ उठाएंगे। बेरोजगारों, छोटे उद्यमियों और ग्रामीणों के लिए इसमें कोई जगह नहीं है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार अगर सचमुच में रोजगार देना चाहती है, तो एक व्यक्ति को एक दुकान की नीति लागू हो। इससे शराब व्यापार में समानता और पारदर्शिता आएगी। साथ ही, जो लाइसेंस ले उसे ही दुकान चलाने की शर्त रखी जाए। ताकि, बिचौलियों और नामधारी माफियाओं का धंधा बंद हो। दुकान संचालन में परिवार की प्रत्यक्ष उपस्थिति भी अनिवार्य की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिसूचित क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में दुकानों को आरक्षित किया जाए। इससे स्थानीय समुदायों को न्यायसंगत भागीदारी मिलेगी और माफियागिरी से मुक्ति भी मिलेगी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं, जो सड़क किनारे हड़िया बेचने को मजबूर हैं, उन्हें वैध तरीके से दुकानें आवंटित की जाए। ताकि, राज्य की बहन-बेटियां सम्मानजनक तरीके से आजीविका पा सकें। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार ऐसा नहीं करती है, तो भाजपा इसका पूरे प्रदेश में प्रबल विरोध करेगी। पार्टी चुप नहीं बैठेगी। प्रखंड, जिलों तक आंदोलन करेगी। प्रेसवार्ता में भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने दिया जेपीएससी को रिजल्ट प्रकाशन का निर्देश

- परीक्षा परिणाम को लेकर राज्यपाल से मिला था जेएलकेएम का प्रतिनिधिमंडल

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के परीक्षाफल के प्रकाशन का निर्देश आयोग को दिया है। इसे लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर रिजल्ट प्रकाशित करने की मांग की थी।

शिष्टमंडल की अगुवाई कर रहे मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि 11वीं से 13वीं सिविल सेवा, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर, फूड सेफ्टी सिक्योरिटी ऑफिसर, असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति और अन्य परीक्षाओं की जानकारी राज्यपाल को दी गई। इसके बाद राज्यपाल ने टेलीफोन से वार्ता करते हुए आयोग से परीक्षाफल प्रकाशन में विलंब का कारण पूछा और यथाशीघ्र रिजल्ट प्रकाशन का निर्देश दिया। वहीं, आयोग ने रिजल्ट प्रकाशन पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

मौके पर देवेंद्र नाथ महतो ने रिजल्ट प्रशासन में हुए विलंब का सरकार के उदासीन रवैये को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि आयोग जल्द रिजल्ट प्रकाशित करे, नहीं तो जून माह में मोर्चा आंदोलन को बाध्य होगा। शिष्टमंडल में सत्यनारायण शुक्ला, हर्षित सिंह, श्याम तिवारी, चंदन कुमार रजक, अजित महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# श्वेता सिंह मामले में राज्यपाल से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

- आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए पहल करने का किया आग्रह

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, झारखंड विधानसभा के सदस्य सीपी सिंह, पूर्व विधायक बिरंची नारायण एवं झारखंड प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने राजभवन में भेंट की। उन्होंने राज्यपाल का ध्यान बोकारो विधायक श्वेता सिंह के विरुद्ध लगे गंभीर आरोपों की ओर आकृष्ट किया। इन आरोपों में गैर कानूनी कार्य करने, विधानसभा के नामांकन पत्र भरने के समय सूचना छुपाने, बीएसएल (एचएससीएल पूल) द्वारा श्वेता सिंह को आवंटित क्वाटर का नो ड्यूज सर्टिफिकेट संलग्न नहीं कर के गलत जानकारी शपथ पत्र के साथ देने, चार वोटर आईडी कार्ड रखने तथा दो पैन कार्ड रखने संबंधित अपराध सम्मिलित हैं। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से उक्त प्रकरणों की शीघ्र निष्पक्ष जांच करवाने तथा भारत निर्वाचन आयोग एवं आयकर विभाग द्वारा निर्धारित नियमों, दिशानिर्देशों एवं संबंधित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

अबुआ साथी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित समीक्षा बैठक

## पीडी आईटीडीए ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार शनिवार को अबुआ साथी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। नोडल पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण, संजय भगत द्वारा अबुआ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के संबंध में ऑनलाइन बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। विभागावार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने त्वरित निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त महोदय के निदेशानुसार अबुआ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा की जायेगी, जिन पदाधिकारियों के लॉगिन में ज्यादा मामले लंबित हैं वो इसे गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र त्वरित निष्पादन करें। ऑनलाइन बैठक में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## ड्रग माफिया धडल्ले से वितरित कर रहे नकली दवा : जेपी पांडेय



**रांची (हि.स.)।** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के नेता जय प्रकाश पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से ड्रग माफियाओं के मिलिभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि राज्य की निरीह जनता के बीच नकली दवाओं का वितरण कर करोड़ों रुपये की उगाही कर रहे हैं और जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मामले पर सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यकाल में पलामू जिले में नकली दवा वितरण का भंडाफोड़ हुआ था। लेकिन खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि राज्य में अब तक ड्रग माफियाओं पर अंकुश नहीं लगाई जा सकी है। अब भी लगभग झारखंड के सभी जिलों में नकली दवा वितरण का काला कारोबार फल फूल रहा है और जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जारी है।

## आशा गोयल की हत्या की एसआईटी गठन कर हो जांच : रक्षा राज्य मंत्री

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** तीन दिन पूर्व सिमडेगा शहर में दिनदहाड़े आशा गोयल की हत्या को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य सरकार से इसकी उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है। इस संबंध में जारी एक बयान में रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा है कि आशा गोयल अपने घर में अकेले रहती थी और दिनदहाड़े उनकी गला रेतकर निर्मम हत्या की गई है। घटना के चार दिन बाद भी अब तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है, जो कहीं ना कहीं गंभीर प्रश्न खड़े करता है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि सिमडेगा शहर में दिनदहाड़े घर में घुसकर निर्मम हत्या की घटना से आम नागरिक दहशत में है। मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले को लेकर एसआईटी का गठन किया जाए और इसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो। दोषियों पर अविलंब ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके पीछे के कारणों का भी यथाशीघ्र उद्वेदन पुलिस प्रशासन करे। इसके साथ ही उस क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए।

**हत्या मामले में सभा ने की मुख्यमंत्री से दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग**



**रांची।** अग्रवाल सभा और मारवाड़ी सहायक समिति ने सिमडेगा जिले में 14 मई को शेडू अग्रवाल की पुत्री आशा गोयल की अत्यंत निर्मम हत्या की घोर निंदा की है। अग्रवाल सभा रांची के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल और सचिव अनिल अग्रवाल मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने शनिवार को संयुक्त रूप से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र प्रेषित कर कहा है कि अग्रवाल सभा और मारवाड़ी समाज इस दुखद एवं अमानवीय घटना की घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक जघन्य अपराध है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले की शीघ्र उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। मृतका के परिवार को उचित आर्थिक और कानूनी सहायता देने तथा परिवार की सुरक्षा का समुचित प्रबंध करने की मांग भी की गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना से न केवल सिमडेगा बल्कि समस्त झारखंड के अग्रवाल समाज में भारी गहरा रोष है। यदि इस घटना पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समाज में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास कमजोर होगा। पत्र में कहा गया है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित हो।

## डॉ लंबोदर ने की ओबीसी क्रीमी लेयर की सीमा 12 लाख करने की मांग

- पीएम को लिखा पत्र, जातीय जनगणना कराने के लिए प्रकट किया आभार

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आरक्षित पिछड़ी जातियों (ओबीसी) की क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने की मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है। इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। हमेशा पिछड़ों के हितों की चिंता करने वाले पूर्व विधायक ने पत्र में कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष में पिछड़ी जातियों के लिए क्रीमी लेयर की निर्धारित सीमा 08 लाख से बढ़ाकर 12 लाख की जाए। ऐसा होने पर देशभर की करीब 54 प्रतिशत पिछड़ी जातियां उनका आभारी रहेंगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रेषित अपने पत्र में कहा है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2008 में देश की पिछड़ी जातियों (ओबीसी) की क्रीमी लेयर की सीमा साढे चार लाख रुपए निर्धारित की गई थी, जिसे 26 फरवरी 2016 को बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया था। इस सीमा की बढ़ोतरी किए जाने के लगभग नौ वर्ष बीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात के लिए धन्यवाद के पात्र हैं कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयकर की अधिसीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपए की गई है। साथ ही, देश की पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के हितों की रक्षा के लिए जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया गया है। मगर देश की 54 प्रतिशत पिछड़ी जातियों के हक व अधिकारों व उनके हितों की रक्षा के लिए क्रीमी लेयर की अधिसीमा में अब तक बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस कारण हजारों की संख्या में पिछड़ी जातियों के लोग आरक्षण के दायरे से बाहर होते जा रहे हैं। इसलिए क्रीमी लेयर की अधिसीमा 12 लाख करने की आवश्यकता है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने 'द विंग्ड रिंग्स' पुस्तक का किया लोकार्पण

- 12 वर्षीय अनुष्का सिंह ने लिखी है यह किताब

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद की छात्रा अनुष्का सिंह की लिखित पुस्तक 'द विंग्ड रिंग्स' का लोकार्पण किया। यह 'द विंग्ड सीरीज' का पहला भाग है, जो नौ संघर्षरत युवाओं की कहानी बताती है। इस पुस्तक में युवाओं की भावनाओं, षड्यंत्रों और प्रेम को दर्शाया गया है। यह पुस्तक सामाजिक भय, आघात और अवसाद से जूझने वाले व्यक्तियों की भी कहानी है, जो स्वयं को स्वीकार करने और सांसारिक मानदंडों से परे अपने विकल्पों को स्वीकार करने के बारे में है। पुस्तक अंग्रेजी भाषा में लिखी गई है ।

'द विंग्ड रिंग्स' पुस्तक का लोकार्पण करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने 12 साल की उम्र में, अनुष्का सिंह की साहित्य में व्यापक अभिरुचि की प्रशंसा की और इसे झारखंड के लिए गर्व का विषय बताया। अनुष्का सिंह कक्षा 8 की छात्रा हैं, जो वर्तमान में दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद में पढ़ रही हैं। अनुष्का ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची और इंदिरापुरम (गाजियाबाद) में भी पढ़ाई की है।

पुस्तक की प्रस्तावना में लेखिका अनुष्का ने अपने पिता को रोल मॉडल माना है। उन्होंने यह पुस्तक अपने दादा दिवंगत अमीरचंद सिंह और दादी जमूरता देवी को समर्पित की है।

# कमांडो ट्रेनिंग आदेश की अवहेलना पर आरपीएफ के 10 जवान निलंबित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची / प. सिंहभूम (हि.स.)।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में अनुशासनहीनता के एक गंभीर मामले में आरपीएफ के 10 कांस्टेबलों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन जवानों पर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से दिए गए वैध आदेश का पालन न करने का आरोप है। चक्रधरपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पी. शंकर कुट्टी की ओर से शनिवार को यह कार्रवाई 16 मई 2025 को की गई। मिली जानकारी के अनुसार निलंबित जवानों को हजारीबाग और मानेसर स्थित एनएसजी (एनएसजी) एवं बीएसएफ केंद्रों में आयोजित कमांडो ट्रेनिंग में भाग लेने का आदेश दिया गया था। लेकिन इन जवानों ने इस आदेश का पालन नहीं किया, जिसे सेवा अनुशासन के उल्लंघन के रूप में देखा गया। इसके बाद उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ की गई और प्रारंभिक चरण में सभी को आरपीएफ नियमावली 1987 के नियम 134(क) के तहत निलंबित कर दिया गया।

# पिता के नाम का दुरूपयोग किसी भी संतान को स्वीकार नहीं : नियती चौधरी

- पैसा कमाने के लिए कुछ स्वार्थी लोग पिता से जुड़े : अभिषेक चौधरी
- आपराधिक छबि के लोग राजनीति फायदा उठाने की कर रहे कोशिश : नियती चौधरी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसियेशन (जेएससीए) का 18 चुनाव मई को होने वाले हैं। इस बीच जेएससीए को खड़ा करने वाले पूर्व आइपीएस अधिकारीअमिताभ चौधरी के बेटे अभिषेक चौधरी और बेटी नियती चौधरी ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी भावनाओं को साझा करते हुए गंभीर सवाल उठाए।

अभिषेक चौधरी ने कहा कि राजनीतिक फायदे के लिए कुछ लोग उनके पिता का नाम दुरूपयोग कर रहें हैं। चुनाव में बेशक प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए यह लोकतंत्र की खूबसूरती है लेकिन बताना चाहूंगा कि उनके पिता से कुछ लोग ऐसे भी जुड़ गए थे जो स्वार्थ के लिए आए थे और उनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ पैसा कमाना था।

वहीं नियती चौधरी ने कहा कि उनके पिता का नाम दुरूपयोग किया जा रहा है, आपराधिक पृष्ठ भूमि के लोग मेरे पिता का नाम राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहें हैं यह हमें स्वीकार नहीं है, यह किसी भी संतान को स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एक गुट था जो अपने को अमिताभ चौधरी के लोग बता रहे थे जिसमें राजकुमार शर्मा और एसपी सिंह हैं जो हमारे पिता के साथ आपरधिक गतिविधियां की है।

वे वोटरों का प्रभावित करने के लिए मेरे पिता के नाम का सहारा ले रहे थे हालांकि उन्हें नोटिस मिली है कि वे उनके पिता के नाम उपयोग न करें।

फिल्म, कला और संस्कृति उप समिति की बैठक

# सिनेमाघरों में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों के लिए एक शो हो अनिवार्य : झारखंड चेंबर

नवीन मेल डेस्क



**बैठक में ये लोग रहे मौजूद**

बैठक में चेंबर उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल उप समिति चेयरमैन आनंद जालान बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, पश्चिम सिंघ्भुम से कोल्हान हॉ फिल्म एंड म्यूजिक एसोसियेशन सदस्य किशन अग्रवाल, राजीव प्रकाश चौधरी, विवेक नायक, सौरव सिंह, सत्यजीत सुंडी, बुलंद अख्तर, ओम प्रकाश भगत, विजय लकड़ा सहित राज्य के कई फिल्म निर्माता और कलाकार मौजूद थे।

**रांची (हि.स.)।** झारखंड चेंबर की फिल्म, कला और संस्कृति उप समिति की बैठक चेंबर भवन में शनिवार को हुई। राज्य भर से फिल्म कला के क्षेत्र से जुड़े फिल्म निर्माता और कलाकारों ने इस बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में यह कहा गया कि राज्य के सभी सिनेमाघरों में प्रतिदिन एक प्राइम टाइम शो क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों के लिए आरक्षित किया जाए कहा गया कि दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड में फिल्में बन तो रही हैं, लेकिन उन्हें प्रदर्शित करने के लिए सिनेमा हॉल उपलब्ध नहीं हैं। झारखांड की ही फिल्मों को राज्य के सिनेमाघरों में कोई स्थान नहीं दिया जाता है। अन्य राज्यों की तर्ज पर राज्य में भी क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को प्रतिदिन दिखाई जानी चाहिए। इस बात पर भी चर्चा की गई कि फिल्मों को दी जाने वाली सब्सिडी आठ वर्षों से बंद है। इससे झारखंड के कलाकार बेरोजगारी के कगार पर पहुंच गए हैं, जबकि यह सरकार की फिल्म नीति में शामिल है। बावजूद इसके सब्सिडी नहीं दी जा रही है। इसे भी गंभीरता से संज्ञान में लेने की जरूरत है।

मौके पर चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि एक छोटी सी फिल्म बनाने में 40-50 लाख की लागत लगती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को टैक्स फ्री भी किया जाना चाहिए। ताकि, यहां के लोगों को प्रोत्साहन मिले। इससे यहां पर्यटन भी बढेगा और सरकार को भी राजस्व की प्राप्ति होगी। इस बात पर भी चर्चा की गई कि राज्य के 12 जिलों में एक भी सिनेमाघर नहीं हैं। इस वजह से दर्शकों तक फ़िल्में नहीं पहुंच पाती हैं। फिल्मकारों को जिला भवन, ब्लाक हॉल, सामुदायिक भवन, धमकुडिया भवन में फिल्मकारों को अपनी फिल्म दिखाने की अनुमति दी जाए। इससे सरकार को राजस्व भी बढेगा। साथ ही गांव गांव तक सरकार की लाभुक योजनाओं को भी फिल्म के बीच में प्रचार के तौर पर डालकर आसानी से पहुंचाया चाया जा सकता है।

## बीआईटी मेसरा में मेंटरशिप वर्कशॉप का हुआ आयोजन



- झारखंड के 15 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल को अपग्रेड करने के लिए दिए गए सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** असफलता से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। नाकामी का लुत्फ उठाएं, क्योंकि सफलता के बीज इसमें ही छिपे होते हैं। समाज के आम लोगों को ध्यान में रख कर, कम खर्च पर नवाचार होनी चाहिए।

इसमें नवीनता, विशेषता और उपयोगिता पर ध्यान देना जरूरी है। बीआईटी मेसरा में आयोजित मेंटरशिप वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने शनिवार को ये बातें कहीं। इसमें इंस्पायर अवॉर्ड में नेशनल स्तर पर चयनित झारखंड के 15 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल को अपग्रेड करने के लिए सुझाव दिए गए। यह मेंटरशिप वर्कशॉप राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्थान भारत, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड और बीआईटी मेसरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में डॉ सतीश कुमार, डॉ सनत कुमार मुखर्जी, डॉ नरेंद्र यादव, डॉ संजीत कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ राहुल प्रकाश, डॉ आनंद प्रसाद सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलम आईलिन टोप्पो, अपर्णा तिवारी, डॉ भास्कर कर्ण उपस्थित थे। आयोजन में डॉ शाहनवाज कुरैशी, दिवाकर सिंह, सुमीत मुखर्जी एवं अन्य ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### सीआईपी, रांची ने मरीजों की सेवा करते हुए पूरे किए 108 साल

# कई कीर्तिमान किए स्थापित झारखंड की उपलब्धियों में से एक : निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मनोरम वादियों की बीच रांची शहर में 211 एकड़ में फैला, सीआईपी मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और कल्याण की भावना को बढ़ाने वाले वातावरण में नवीनतम चिकित्सा प्रगति प्रदान पिछले 108 सालों से करता आ रहा है। इस केंद्रीय मनोरोग संस्थान की स्थापना अंग्रेजों ने 17 मई 1918 को किया था। इसे रांची यूरोपीय पागलखाने के नाम से भी जाना जाता है। 108 वीं वर्षगांठ पर किशोरों के लिए कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का थीम सीएमई के तहत किशोरों का मानसिक स्वास्थय की जानकारी देना था। इसमें किशोरों को विद्यालय से संबंधित परेशानी, नई और कोमल भावनाओं पर नियंत्रण, मादक द्रव्यों के आदि होने और सोशल मीडिया से होने वाले भटकाव, मोबाईल की लत के साथ माता-पिता के दायित्वों की भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिम्स के डायरेक्टर और सीईओ राजकुमार, सम्मानित अतिथि राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति अशोक आर पाटिल, भारतीय मनोचिकित्सा सोसायटी झारखंड के अध्यक्ष डा महेश हेमब्रम, सीआईपी के निदेशक विजय कुमार चौधरी, रिनपास की निदेशक जयति सिमलई, मशरूर जहां सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### माता-पिता के दायित्वों पर हुई चर्चा

इस कार्यक्रम में बच्चों के किशोरावस्था में माता-पिता की भूमिका पर चर्चा करते हुए उन्हें बताया गया कि अपने बच्चों को किशोरावस्था में ध्यान देने की जरूरत होती है। बहुत बार होता है कि माता-पिता दोनों काम करते हैं, अपने बच्चों को समय नहीं दे पाते हैं जबकि बच्चों से संवाद स्थापित किए रहना चाहिए। अन्य कामों की तरह बच्चों के लिए समय जरूर निकालना चाहिए। बच्चे के स्वभाव में बदलाव आता है तो उसपर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। अकेलेपन के कारण उन बच्चों में हीन-भावना ग्रसित हो जाती है। किशोरावस्था में सबसे ज्यादा प्रभाव संगति का पड़ता है,संगति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। बच्चा गुमसुम हो गया है तो कारण के जड़ तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। जहां तक हो सके मोबाइल और सोशल मीडिया के पहुंच से दूर रखना चाहिए, कम से कम उपयोग करने की सलाह देनी चाहिए। रचनात्मक गतिविधियों में लगाना चाहिए जिससे उन्हें सोचने, समझने और कुछ नया करने के तरीकों को बढ़ावा मिल सके।



सीआईपी के निदेशक ने राष्ट्रीय नवीन मेल से खास बातचीत में बताया कि सीआईपी, रांची ने 108 वर्षों की लंबी यात्रा तय करते हुए कई बदलावों को देखा है और साथ ही देश में नैदानिक सेवाओं, अत्याधुनिक अनुसंधान और जनशक्ति प्रशिक्षण सहित मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में कई नवाचारों के साथ एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य सेवा वितरण केंद्र के विकास का श्रेय हासिल किया है। मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान के बारे में ज्ञान एकत्र करना, उसे संगठित करना, प्रसारित करना और प्रकाशित करने में भी कई उपलब्धियां हासिल की है। पिछले 108 सालों से सीआईपी मरीजों को अनवरत सेवा देती आ रही है और आगे भी देती रहेगी। सीआईपी, रांची ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं जो झारखंड की बड़ी उपलब्धियों में से एक है।



**आंधी-पानी** से टूटे तार, डालियां टूटी

## गुरुदेव श्री अवधेशानंद गिरि जी महाराज का एयरपोर्ट में हुआ भव्य स्वागत



**रांची।** जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज का आज शाम 5 बजे रांची एयरपोर्ट पर आगमन होने पर प्रभु प्रेमी संघ तथा गौ माता सेवा समिति के सदस्यों एवं सैकड़ो भक्तगणों ने संत शिरोमणि परम पूज्य गुरुदेव श्री अवधेशानंद गिरी जी महाराज का भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया। तत्पश्चात पूज्य स्वामी जी रांची एयरपोर्ट से जमशेदपुर के लिए सड़क के रास्ते प्रस्थान किये ।स्वामी जी जमशेदपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। स्वामी जी 18 मई को संध्या 5 बजे जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित कुसुम कामिनी ऑडिटोरियम मे प्रवचन देंगे। तथा 19 मई को प्रातः 8:30 बजे गुजराती सनातन समाज द्वारा बिष्टुपुर में आयोजित दर्शन व दीक्षा के कार्यक्रम में भाग लेंगे। सनातन धर्म की आध्यात्मिक ज्योति और वेदांत के प्रखर प्रवक्ता जूनागढ़ अखाड़ा के महामंडलेश्वर आचार्य श्री अवधेशानंद गिरि जी महाराज का आज रांची एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 1400 लोगों ने ग्रहण किया खिचड़ी भंडारे का प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भगवान श्रीहरि वेंकटेश्वर की प्रसन्नता के लिए शनिवार को 879वें खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया।खिचड़ी भंडारे में लगभग 1400 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में ज्येष्ठ मास कृष्णपक्ष पंचमी तिथि को सर्वत्र व्याप्त रहने वाले और शुभ सौख्य प्रदान करने वाले भगवान श्रीमन्नारायण का आवाहन, आसन, अर्ध्य, पाद्य, मधुपर्क, आचमनीय, स्नान, वस्त्र, विलेपन, यज्ञोपवीत और अलंकार आदि समर्पित करके नित्याराधन संपादन हुआ।

फिर अंगन्यास, करन्यास वासुदेव न्यास और संकर्षण न्यास किया और फिर नक्षत्र, कुंभ और कपूर से वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक महाआरती हुई। इसके बाद श्रुति स्मृति उपनिषद् आदि मंत्रों से महास्तुति की गई। यजमान से मंत्रों का संकल्प कराया गया और घंटानाद करते हुए पर्दा के अंदर विधिपूर्वक ग्रासमुद्रा, खिचड़ी महाप्रसाद का भोग लगाया गया। खिचड़ी महाप्रसाद का भोग ओम प्रकाश गाड़ोदिया, पत्नी मंजू गाड़ोदिया एवं राजकुमार, पत्नी गायत्री साहू रांची निवासी ने निवेदित किया था।

## आयकर राजपत्रित संघ के अशोक प्रसाद बने अध्यक्ष, महेश कुमार महासचिव

**रांची।** झारखंड-बिहार आयकर राजपत्रित कर्मचारी संघ (ITGOA) का द्विवार्षक चुनाव संपन्न हो गया. महेश कुमार को में निर्वचित घोषित किया गया है. अध्यक्ष पद पर अशोक प्रसाद व महासचिव पद पर महेश कुमार निर्वाचित घोषित किये गये. चुनाव में झारखंड व बिहार स्थित आयकर कार्यालयों में 14 और 15 मई को संघ के सदस्यों ने वोट डाला था।

## सरला बिरला स्कूल में 'एक्स्ट्रावैगेंजा 2025' का हुआ समापन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में आयोजित छह दिवसीय आवासीय ग्रीष्मकालीन शिविर 'एक्स्ट्रावैगेंजा 2025' का समापन बेहद उत्साहपूर्ण और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए रचनात्मकता, मनोरंजन और सीख से भरपूर था। इस शिविर में बच्चों ने रोबोटिक्स, नृत्य और कला जैसी गतिविधियों में भाग लिया और आनंद के साथ-साथ नई बातें सीखीं। खगोल विज्ञान पर एक जानकारीपूर्ण कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिससे बच्चों को अंतरिक्ष और ब्रह्मांड के बारे में रोचक जानकारियाँ प्राप्त हुईं। उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने का कौशल सिखाने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसके अलावा, रोबोटिक्स, योग, श्रमदान, खेल-कूद, जुम्बा, एरोबिक्स, टैलेंट हंट और डीजे नाइट जैसी अनेक रोमांचक गतिविधियां भी शिविर का हिस्सा रहीं, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह से भाग लिया। इस शिविर की एक खास बात यह रही कि बच्चों ने मधुबनी पेंटिंग और दीवार पर चित्रांकन जैसी पारंपरिक कलाओं में भी हाथ आजमाया। वहीं, बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित एक शानदार नृत्य-नाटिका - 'उलगुलान' प्रस्तुत की गई। यह नृत्य नाटिका कथक और छऊ नृत्य शैली का मिश्रण था। यह ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना और उनकी रचनात्मक ऊर्जा को सही दिशा देने का कार्य किया। छात्रों और उनके मार्गदर्शकों की मेहनत व समर्पण अत्यंत सराहनीय रहा। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

## सीयूजे में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया 20 मई से

- सत्र 2025-26 में 13 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में होगा नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) रांची में 2025-26 सत्र में स्नातकोत्तर की विभिन्न कोर्स में नामांकन के लिए नामांकन प्रक्रिया (रजिस्ट्रेशन) 20 मई से शुरू होगी, जो 10 जून 2025 तक चलेगी। नामांकन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो जीपी सिंह ने कहा कि इस वर्ष झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची में कुल 13 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (कोर्सों) में नामांकन होंगे। इन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए कुल सीटों की संख्या 460 है। बताया गया कि वैसे सभी उम्मीदवार, जो संबंधित कार्यक्रम के संबंधित विषय में सीयूईटी (पीजी) -2025 प्रवेश परीक्षा में उपस्थित हुए हैं और जिनके पास वैध सीयूसीईटी स्कोर है, वे इस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। जो उम्मीदवार सीयूजे में प्रवेश के लिए आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे अपने कैटेगरी के अनुसार आवश्यक नामांकन शुल्क अदा करके प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। यूआर/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए नामांकन शुल्क 800 रुपए, एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 400 रुपए तथा डीएपी (पीडब्ल्यूडी) एवं और सभी श्रेणियों की महिला उम्मीदवारों के लिए नामांकन शुल्क 200 रुपए है।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर सदर अस्पताल से निकाली गई जागरुकता रैली

# जिंदगी में स्ट्रेस मैनेज करना बेहद जरूरी : डॉ सीमा गुप्ता

- सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में संगोष्ठी का भी हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सदर अस्पताल रांची से विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में उच्च रक्तचाप पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च रक्तचाप के कारण, लक्षण एवं बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करना, गंभीर चिकित्सा जटिलताओं के विकास में उच्च रक्तचाप के प्रभाव को समझना तथा इसके बचाव एवं रोकथाम को लेकर जागरूकता फैलाना है। ज्ञात हो कि दुनिया भर में 100 करोड़ से ज्यादा वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। वयस्क आबादी में 45 प्रतिशत लोग उच्च रक्तचाप की समस्या से जूझ रहे हैं। इस वर्ष विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का थीम 'अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जिएं' है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम 17 मई 2025 से एक महीने तक पूरे रांची जिले में चलाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न आईईसी पोस्टर, बैनर और बैठक के माध्यम से समुदाय एवं लोगों को इसे लेकर जागरूक किया जाएगा। वहीं, जिला अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की जा रही है। जिला कुष्ठ रोग निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ सीमा गुप्ता ने कहा कि नियमित व्यायाम करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से उच्च रक्तचाप से बचा जा सकता है।

## प्रथम राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता 2025-26 का समापन

**रांची।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा राज्य में पहली बार राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से चयनित 320 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहली बार आयोजित हो रही राज्यस्तरीय कैरम प्रतियोगिता को लेकर छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला। खेलगांव में आयोजित हुए इस राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में अंडर 17 और अंडर 19 आयु वर्गो के अंतर्गत एकल और युगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में सिमडेगा और दुमका के छात्रों का दबदबा रहा। अधिकांश प्रतियोगिताओ में इन जिलों से चयनित छात्रों ने कैरम में अपने रणनीतिक कौशल का लोहा मनवाया।

### आज / कल




## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 156वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, आशा काबरा परिवार एवं सभी सदस्यों सेवको ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया और ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। इसके बाद खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। काबरा परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज के जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया गया। आज के भंडारे में आमरस का प्रसाद विशेष रूप से भक्तों के बीच वितरण किया गया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू, आशा विनीत, ईला, निर्मल, प्रियंका, लावण्या देव, रणधीर जायसवाल, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।



# सीसीएल में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट व वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर 18 मई से 31 मई 2025 तक गांधी नगर क्रीड़ांगण, काँके रोड, राँची में आयोजित किया जा रहा हैं। यह शिविर सीसीएल के कर्मचारियों के 6 से 16 वर्ष के बच्चों और बच्चियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा हैं। सीसीएल हर वर्ष ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों के बच्चों को खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह पहल सीसीएल की सामाजिक जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कर्मचारियों के परिवारों की भलाई के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम सभी कर्मचारियों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने बच्चों को इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि वे खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास कर सकें। ज्ञात हो कि सीसीएल राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ अपने कर्मचारियों एवं उनके परिजनों का भी ख्याल रखता हैं। एफएफपीएआई (फेडरेशन ऑफ फैमिली फिजिशियनस ऑफ इण्डिया) की राँची इकाई एफपीए (फैमिली फिजिशियनस ऑफ इण्डिया) के तत्वावधान में विश्व हाईपरटेंशन दिवस के अवसर पर लगभग 1000 व्यक्तियों का निःशुल्क रक्तचाप मापा गया। साथ ही निःशुल्क रक्त शर्करा का भी माप किया गया। इस जाँच में अधिकांश का रक्तचाप सामान्य था परन्तु लगभग 10 % का रक्तचाप सामान्य से अधिक पाया गया। ज्ञात हो कि सामान्य रक्तचाप 120 /80 होता है। लगभग 2 % व्यक्तियों का रक्तचाप माप अत्यधिक, अर्थात् 180 /100 मीमीएचजी से अधिक पाया गया। उस ही प्रकार रक्त शर्करा भी लगभग 10% व्यक्तियों का सामान्य से अधिक पाया गया एवं लगभग 5 % व्यक्तियों का ०० मीग्रा/डेली से अधिक मिला। सभी को स्वस्थ्य जीवनशैली, नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित किया गया।

# सिल्ली पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

शनिवार के दिन सिल्ली पुलिस ने चातमबाड़ी गांव में अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद सिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई किया। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ सूचना मिली थी जिसके तहत कार्रवाई करते हुए अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया और अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा। अभियान में अवर निरीक्षक उदय कुमार सिंह,आर के यादव समेत सशस्त्र बल भी मौजूद रहे। मौके पर अशोक पाहान, सुरेंद्र पाहान, घलटू मुंडा, भाग्यवती देवी, गीत देवी, रवीना देवी, इतवारी देवी एवं जितमनी देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# न्यूज बॉक्स

## राज स्पोर्ट्स बुंडू ने लिटिल स्टार को 6-1 से हराया



**बुंडू।** तमाड़ पांच परगना क्षेत्र के बहूचर्चित एकमात्र फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 39वां मैच राज स्पोर्ट्स बुंडू और लिटिल स्टार कितादेर के बीच जी इ एल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीम काफ़ी सुंदर खेल का प्रदर्शन किया। राज स्पोर्ट्स के मुकेश माली ने 2, सूरज मुंडा 2, रामेश्वर मुंडा और अरुण द्वारा 1-1गोल किए। लिटिल स्टार द्वारा पूरे मैच के दौरान केवल एक गोल कर पाई। जिस कारण राज स्पोर्ट्स ने अपने टीम को 6-1 का अंतर से जीत दिलाया। मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार 2 गोल मारने वाले राज स्पोर्ट्स के सूरज मुंडा को दिया गया। मैच का संचालन , करम मुंडा,राजेश मुंडा और महावीर पुराण ने किया। लीग का 40 वा मैच जे एफ सी बुंडू और एस पी ब्रदर्स के बीच दिनांक 18/05/2025 दिन शनिवार को सुबह 7 बजे खेला जायेगा। इस अवसर पर निशांत भेंगरा, करम मुंडा, जॉन कमल, प्रेम पूर्ति, लखिनरायण मुंडा, रितेश गुप्ता के अलावे काफ़ी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

## मांडर चान्हो में अबुआ आवास के लाभुकों को कराया गया गृह प्रवेश



**मांडर/चान्हो।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के बांसजाड़ी, करगे, चान्हो के चोरेया समेत कई जगहों पर अबुआ आवास के लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। मांडर में प्रमुख फिलिप सहाय एक्का के द्वारा फीता काटकर लाभुक सुकरमनी उराईन को को गृह प्रवेश कराया।प्रमुख ने कहा कि एक गरीब विधवा असहय महिला को खुले आसमान के नीचे सिर के ऊपर एक छत मिला है। उन्होंने सभी लाभुकों से अपील की कि आवास को पूर्ण करें। चोरिया में लाभुक रिंकी देवी को विधि विधान के साथ गृह प्रवेश कराया गया। वहीं कर गई में रिंकी देवी और सुषमा देवी को जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने गृह प्रवेश कराया।मौके पर उप प्रमुख अमानत अंसारी, राजेंद्र मुंडा, पंचायत सहायक रामजीत राम प्रधान एतवा पहन, पंचायत सचिव जयंत गुप्ता, रोजगार सेवक आशिक अंसारी, रोजगार सेवक नीतीश उरांव समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# बीडीओ ने उद्घाटन कर पंचायतों में कराया अबुआ आवासों में गृह प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**



लापुंग प्रखंड के सापुकेरा एवं दोलैचा पंचायत सहित विभिन्न पंचायतों में पूर्ण किए गए अबुआ आवासों का प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज एवं मुखिया सविता उरांव, मालती रानी केरकेट्टा, बिरसमणी देवी, सरोज मुंडा, धुचला मुंडा, दुर्गा उरांव, सुमिला मिंज सहित अन्य मुखिया सहित विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली ने अलग-अलग घरों का संयुक्त रूप से फीता काट कर गृह प्रवेश कराया। सापुकेरा पंचायत में बीडीओ उषा मिंज ने मुखिया सविता उरांव के साथ मिलकर लाभुक मुनी देवी पति बासु साहु तथा सोमारी मुंडाईन पति जीतन मुंडा के घरों का गृह प्रवेश कराया गया। जबकि ककरिया में चार अबुआ आवास के चार लाभुकों क्रमशः शिल्पा धान पति मनीष धान, दुर्गा देवी पति राम प्रवेश साहु, सेमल रक्षित तथा दीपक रक्षित के घरों का मुखिया बिरसमणी देवी ने पूर्व मुखिया गंगाधर साहु , विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा तथा समाजसेवी शिव कुमार सिंह के साथ मिलकर फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन करते हुए गृह प्रवेश कराया। वहीं दूसरी ओर लापुंग थाना क्षेत्र के दोलैचा पंचायत अन्तर्गत अरमालटदाग गांव की उर्मिला देवी पति शंकर गोप के अबुआ आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम शनिवार को आयोजित की गई। मुखिया मालती रानी केरकेट्टा ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काट कर पार्वती देवी और उसके परिवार को गृह प्रवेश कराया। मुखिया मालती रानी केरकेट्टा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पार्वती देवी को अबुआ आवास आवंटित किया गया था। गृह प्रवेश के दौरान समाजसेवी गंदुर उरांव, कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाईक, विधायक के विशेष प्रतिनिधि चरकु भगत, बलभद्र गोप, रोजगार सेवक विष्णु प्रसाद, स्वयं सेवक अर्जुन साहु, प्रेमचंद गोप सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## सिलाई मशीन का किया गया वितरण




**पिठौरिया।** शनिवार को कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय रांची में कल्याण विभाग और जेएसएलपीएस के सहयोग से कांके विधायक सुरेश बैठा, प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उपप्रमुख अजय बैठा, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक कुमार राव के द्वारा 40 अनुसूचित जन जाति के महिला लाभुको के बिच सिलाई मशीन का वितरण किया गया. इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओ को आजीविका से जोड़ना हैं. मौके पर विधायक ने जेएसएलपीएस के कार्यों कि सरहाना करते हुए कहा कि समिति के माध्यम से महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा हैं. मैं हमेशा इनके मदत के लिए खड़ा हूँ. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेएसएलपीएस के अभिषेक कुमार राव, प्रेम कुमार, कलीम अहमद, दमयंती मुंडा, अप्पू कुमारी,कृष्णा लोहरा, उमा संकर यादव, बीपिन सिंह, पत्रस टूटी, सुरेंद्र कुमार, निर्मला गाड़ी, मनीषा तिवारी, फूलवंती देवी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्कूल में वाटर मेलन डे कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मुरी।** संत माईकल +2 स्कूल मूरी में शनिवार को वाटर मेलन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ग नर्सरी से वर्ग दो तक के बच्चों को सम्मिलीत किया गया। बच्चे इस मौके पर लाल हरी पोशाक पहनकर शामिल हुए। इस मौके पर विद्यार्थीओ ने वाटर मेलन से सम्बन्धित तरह-तरह के पोस्टर, चार्ट, चित्रकारी इत्यादी बना कर विद्यालय लेकर आए थे। इस कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थीओं के बीच तरबूज का वितरण किया गया जिसे बच्चो ने बड़ी आनंद के साथ खाया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक श्री राकेश कुमार ने बच्चो के बीच वाटर मेलन खाने के फायदे और इसकी खूबी के बारे में जानकारी साझा किए और यह भी बताया कि वाटर मेलन में पानी की अत्यधिक मात्रा पाई जाती है जो शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक है। इस मौके पर विद्यालय के प्राधानाचार्य सी. एल. प्रजापति ने कार्यक्रम की सराहना कि साथ ही बच्चो का उत्साह भी बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रीना साहु ने किया साथ ही विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं श्वेता सिंह, दिपीका कुमारी, प्रतिमा कुमारी , प्रशांत गोराई, प्रिती सिंह, श्वेता सिंह पांडे, सिमरन अफसाना आदि मौजूद थे ।

# मुरी गोला पथ चौड़ीकरण को लेकर चार घंटे फंसे रहे स्कूली बच्चे




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

मुरी गोला पथ चौडी करण को लेकर लगभग चार घंटा शनिवार को जाम रहा। बताते चलें कि इस रास्ते तीन स्कूल है संत माईकल स्कूल, डीएभी एवं गौतम बुद्धा आदि स्कूल है। जाम के कारण स्कूल बस,एम्बुलेंस फंसे रहे जिससे बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी का सामना उठाना पड़ा।यह पहली बार जाम का समस्या नहीं है आए दिन हमेशा मुरी गोला पथ जाम रहता है। इस पथ का चौडीकरण किया जा रहा है यह चौड़ीकरण कोलकाता कंपनी के संवेदक के द्वारा लापरवाही करते हुए दोनों साइड आने जाने वाला रास्ता मिट्टी डालकर छोड़ दिया जाता है और रास्ते को बंद कर दिया जाता है जिससे बड़ी वाहन एवं छोटी वाहनों को परेशानी उठानी पड़ती है। परंतु संवेदक को जाम से कोई मतलब नहीं रहता है ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक को हमलोग रास्ता को लेकर बोलते हैं तो संवेदक के द्वारा किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है। ग्रामीण अपनी समस्या लेकर किसके पास जाएं यह बड़ी समस्या बनी हुई है इसका निदान कौन करेगा। चौड़ीकरण में लापरवाही करते हुए संवेदक के द्वारा काम किया जा रहा है जहां मिट्टी की जगह मुरुम पथ पर डालना है वहां मिट्टी डाला जा रहा है।

## खलारी में गृह प्रवेश कराकर लाभुकों को सौंपे गए 205 अबुआ आवास

**खलारी।** खलारी में शनिवार को 205 अबुआ आवासों का गृह प्रवेश कराकर लाभुकों को सौंपा गया। प्रखंड के चुरी पश्चिमी व उत्तरी पंचायत को छोड़कर शेष 12 पंचायतों में अबुआ आवास का निर्माण किया जा रहा है। बचे हुए अन्य निर्माणाधीन अबुआ आवासों के पूरा होने पर उनका गृह प्रवेश कराया जाएगा।

विधायक सुरेश बैठा ने बुकबुका व बलथरवा में गृह प्रवेश कराकर लाभुकों को आवास सौंपा। बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 565 लाभुकों को अबुआ आवास आवंटित किया गया था। अबुआ आवास होने से गरीब लोगों को काफी सहायता मिल रही है।

बलथरवा में जिप सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, सीओ प्रणव अम्बष्ट व बीडीओ संतोष कुमार व ग्राम प्रधान छोटू मुंडा ने लाभुक मुन्नी देवी के आवास का फीता काटकर, नारियल फोड़कर व पूजा कर गृह प्रवेश की औपचारिकता पूरी की। इस मौके पर अबुआ आवास के ब्लाक कोआर्डिनेटर किशोर कुजूर, आदित्यनाथ झा, झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, पप्पू सिंह आदि उपस्थित थे।

## मुखिया संग की बैठक आयोजित



**पिठौरिया।** शुक्रवार को कांके प्रखंड के कांके उत्तरी पंचायत के सभागार में कांके प्रखंड के सभी मुखिया का झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उराँव की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व समिति से कांके प्रखंड मुखिया संघ को भंग कर नया कांके प्रखंड मुखिया संघ बनाया गया। बैठक में सर्व समिति से चंदवे पंचायत के मुखिया गुरुचरण मुंडा को अध्यक्ष, पिठौरिया पंचायत के मुखिया मुन्नी देवी को उपाध्यक्ष, हुंदूर पंचायत के मुखिया रजनी देवी को सचिव, चुटु पंचायत के मुखिया लक्ष्मी देवी को उपसचिव, ईचापिड़ी पंचायत के मुखिया लाखो उरांव को कोषाध्यक्ष, बनाया गया है। बैठक में मुखिया राम लखन मुंडा, लाला महली, उज्जवल पहान, साधो उराँव, सुमित सुरीन, अनीता मुंडा, संगीता भंवरा, पूजा किसपोटा, आरती उरांव, नीलू पहान, फुलमनी नाग, सुधा पहान वगैरा उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही मुखिया गानों का अंचल पदाधिकारी कांके एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कांके के साथ बैठक सुनिश्चित की जाएगी। बैठक नहीं होने के कारण मुखिया गानों का मान सम्मान तथा कई प्रकार की समस्याओं का निष्पादन एवं आपसी समन्वय नहीं बन पा रही है। नवनिर्वाचित कांके प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष गुरुचरण मुंडा ने कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है इसे दूर करना हम सबों का पहला लक्ष्य है। बैठक का समापन कांके उत्तरी पंचायत के मुखिया अनुराधा चौरिया ने की।

## आपदा के 49 लाभुकों को दी गई 156800 रूपए की सहायता राशि



**खलारी।** खलारी में आपदा के तहत 49 लाभुकों को 156800 रूपए की सहायता प्रदान की गई। विधायक सुरेशकुमार बैठा ने लाभुकों को सहायता संबंधी कागजात सौंपा। अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने बताया कि बीते वर्ष अतिवृष्टि से जिन लोगों के कच्चे मकान को आंशिक नुकसान पहुंचा था, उन्हें राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत सहायता राशि दी गई है। बताया कि अंचल क्षेत्र के कोनका, विश्रामपुर, चुरी मध्य, चुरी दक्षिणी, हुटाप, लपरा आदि ग्राम के लाभुकों को सहायता राशि दी गई है।

## विधायक सुरेशकुमार बैठा ने 25 छात्र-छात्राओं को साइकिल सौंपा



**खलारी।** खलारी प्रखंड के कक्षा आठ तक के 393 विद्यार्थियों को साइकिल मिलेगा। शनिवार को खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थानीय विधायक सुरेशकुमार बैठा ने 25 छात्र-छात्राओं को साइकिल सौंपा। विधायक ने स्वयं साइकिल चलाकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे और शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्राप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पर साइकिल की घंटी बजाकर बच्चों ने खुशी जाहिर की। बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गोपालराम दास ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए बच्चों को साइकिल दिया गया है। इस अवसर पर सीओ प्रणव अम्बष्ट, बीपीओ सरवरीनाथ चौरसिया, प्रधानाचार्य रंथू साहू, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, अनिल पासवान, साबीर अंसारी, इंदिरा देवी, नंदू मेहता, राजेषसिंह मिंटू, राजेश गोप, मो बषीर, गोपाल सिंह, तनवीर आलम, पप्पू सिंह, सलामत अंसारी, भोला यादव, बीरेन्द्र यादव, विक्की सिंह, रोषन लाल, जावेद अंसारी, मुन्ना देवी आदि उपस्थित थे।

## सीनियर हेड बाय अनुपम कुमार व सीनियर हेड गर्ल आर्या चौधरी बनी

# विद्यार्थियों के मंत्रिमडल का हुआ गठन, दिलाई गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**




उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में सत्र 2025-2026 के लिए विद्यार्थियों के नए मंत्रिमंडल का गठन व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट व प्रखड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार थे। नए मंत्रिमंडल में सीनियर हेड बाय अनुपम कुमार, सीनियर हेड गर्ल आर्या चौधरी, सहायक हेड बाय नैयरशान अहमद तथा सहायक हेड गर्ल इशिता लकड़ा को बनाया गया। वहीं जूनियर हेड बाय अभिषेक पांडेय, जूनियर हेड गर्ल आर्या आसमा, जूनियर सहायक हेड बाय प्रथम गोस्वामी व जूनियर सहायक हेड गर्ल श्रेया केसरी को चुना गया। मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण दिलाया गया। इसके अलावा विद्यालय के चारों हाउस के ग्रुप कप्तान तथा जूनियर हाउस कप्तान को भी शपथ दिलाया गया। वहीं विद्यालय के विभिन्न विभागों जिसमें साहित्यिक क्लब, सांस्कृतिक क्लब, विज्ञान क्लब, अनुशासन क्लब, खेल-कूद क्लब, पर्यावरण क्लब तथा विद्यालय बैंड ग्रुप के लिए भी सीनियर व जूनियर कप्तानों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने सभी कप्तानों को बारी-बारी से बैज प्रदान कर उनका सम्मान किया तथा उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आरती तिर्की व नैना भारती कुजूर ने किया। प्रणव अम्बष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें उनके बचपन व स्कूली दिनों की याद आ गई। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करने कहा। प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुअल ने कहा कि एक अच्छा लीडर समाज को बदल सकता है। नेतृत्व करना कोई पद नहीं है बल्कि इस कार्य से समाज, राज्य व देश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना होता है। इसी प्रकार बच्चे भी एक लीडर के रूप में विद्यालय के हर क्षेत्र की प्रगति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्राचार्या सिस्टर नेली, अनिमा कांसीर, शशि चौधरी, नारबर्टा टोप्पो, अम्बुज कर्मकार, प्रभाकर शर्मा, विशाल शर्मा, अलका राही, जान डुंगडुंग, किशोर लकड़ा, कलबिन्दर कौर, अंजना लकड़ा, रोजी मगदली टोप्पो सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्कूल में समर कैंप का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

ऑक्सब्रिज (एन.) स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ योगा, जुम्बा, बाथ टब, रेन डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, फैशन शो में भाग लिये तथा विभिन्न तरह के झूलों का आनंद उठाया। बच्चों ने आईसक्रीम, केक, चाकलेट तथा फ्रूटी का भी लुत्फ उठाया। हेड प्रिंसिपल ईवोन ई एक्का ने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक अच्छा माध्यम है। यह बच्चों को न केवल उन्हें नये कौशल सीखने का अवसर देता है, बल्कि आपस में सहयोग, आत्मविश्वास तथा सामाजिक जुड़ाव की भावना भी जागृत करता है।

## दृष्टिहीन ने पत्थर कारोबारी पर जालसाजी कर जमीन हड़पने का लगाया आरोप

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के शिउली बोना गांव के दृष्टिहीन आदिवासी बगाल मरांडी ने डीसी के जनता दरबार में आवेदन देकर पत्थर माफियाओं से अपनी जमीन की सुरक्षा करने की गुहार लगायी है। बंगाल ने पत्थर माफिया मानिक चंद्र महेश्वरी और उनके सहयोगी सुरेंद्र टुडू पर जालसाजी कर शिउली बोना मौजा के जमाबंदी नंबर 16, प्लॉट संख्या 595/ 617/618 एवं 619 की संपूर्ण जमीन रकवा 20 बीघा का कागज तैयार कर खनन पट्टा स्वीकृति करने के प्रयास को रोकने की गुहार लगायी है। साथ ही जमीन की सुरक्षा करने और उपरोक्त धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# सांसद प्रतिनिधि ने मुख्य अधिशासी अधिकारी को मांग पत्र सौंपकर जल व्यवस्था सुधारने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

गर्मी के इस मौसम में रामगढ़ छावनी क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी हो रही है। जिसको लेकर भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने शनिवार को अधिशासी अधिकारी रामगढ़ छावनी परिषद को एक मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने जल आपूर्ति व्यवस्था को सुधारने हेतु तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। छावनी परिषद क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह और शाम नियमित जल आपूर्ति



**जल आपूर्ति का समय कम से कम एक घंटा किया जाए ताकि सभी घरों को समुचित मात्रा में जल मिल सके ताकि लोगों को पूरी तरह से जल मिल सके।**

सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक वार्ड में पानी सप्लाई का निर्धारित समय तय किया जाए ताकि नागरिक पूर्व तैयारी कर सकें। जल आपूर्ति का समय कम से कम एक घंटा किया जाए ताकि सभी घरों को समुचित मात्रा में जल मिल सके। जहां पाइपलाइन की सुविधा नहीं है, वहां प्रति दिन दो बार टैंकर से जल आपूर्ति कराई जाए। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा यह केवल पानी की समस्या नहीं है, यह सीधे तौर पर नागरिकों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और गरिमा से जुड़ा मुद्दा है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को जिस तरह जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छावनी परिषद इस विषय को गंभीरता से लेते हुए अविलंब प्रभावी समाधान करेगा।

# स्कूल में अंतर हाउस सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़।** होली क्रॉस स्कूल घाटोटांड़ के सेफ क्लब ने शनिवार को असेंबली ग्राउंड में एक अंतर हाउस सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण बनाने के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता स्कूल के चार हाउसों यमुना (हरा), कृष्णा (लाल), कावेरी (नीला) और गंगा (पीला) के बीच था। प्रत्येक टीम के लिए तीन राउंड रखे गए थे। पहला राउंड सड़क सुरक्षा के प्रतीकों से जुड़े प्रश्नों पर आधारित था। दूसरा राउंड सामान्य प्रश्नों पर आधारित था। तीसरा राउंड ट्रैफिक में इस्तेमाल होने वाले हैंड साइन प्रतीकों पर केंद्रित था। इस कड़े मुकाबले में कृष्णा हाउस (लाल) ने पहला स्थान हासिल किया। जिसमें अंशु पांडे, आयुषी कुमारी और मैरा क़मर प्रतिभागी थे। दूसरा स्थान यमुना हाउस (हरा) ने प्राप्त किया, जिसमें प्रवित, आदित्य शर्मा और तनमय स्वराज प्रतिभागी थे। तीसरा स्थान कावेरी हाउस (नीला) ने प्राप्त किया।

## न्यूज बॉक्स

### जिप सदस्य पहल के पर ग्रामीणों को मिला नया ट्रांसफार्मर



**बरकट्ठा।** प्रखण्ड के गोरहर पंचायत स्थित आदिवासी क्षेत्र करंडो में ट्रांसफार्मर उड़े एक सप्ताह हो गया था। बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे । वहीं हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लोग अंधेरे के कारण भयभीत रहते थे।इस निमित ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना रामसहाय मांझी एवं अन्य के द्वारा जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया क़ो दिया गया। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के पदाधिकारियों व उपायुक्त हज़ारीबाग़ से न्होंने बात कर 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर मिलने से उक्त गांव के लोगों में ख़ुशी का माहौल है। पंचायत समिति प्रतिनिधि रामसहाय मांझी, दिलीप टूडू, बाबूराम टूडू, अर्जुन सोरेन, अनिल सोरेन, संतोष टूडू, लालजी हेमब्रम, विनोद मुर्मू एवं सभी ने जिला परिषद सदस्य क़ो इसके लिए धन्यवाद दिया तथा क्षेत्र में किए जा रहे उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### आगामी 30 जून को हूल दिवस को लेकर मंत्रियों को किया गया आमंत्रित



**बरकट्ठा।** भारत जकात माझी परगना महल बरकट्ठा के अध्यक्ष राम जी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, कोषाध्यक्ष सुनील मुर्मू के द्वारा शनिवार को झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की , पर्यटन मंत्री सुदीब्य सोनू से मिलकर आगामी 30 जून को सूरजकुंड धाम में आयोजित होने वाली हुल दिवस को लेकर मंत्रियों को आमंत्रित किया गया। वहीं अध्यक्ष रामजी बेसरा ने जानकारी देते हुए कहा कि 30 जून दिन सोमवार को सुबह 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम में हुल दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें बरकट्ठा, चलकुशा,बगोदर,बरही, विष्णुगढ, टाटीझरिया के आदिवासी समाज के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। मौके पर सदस्य वासुदेव मरांडी, सहदेव मरांडी, महेंद्र मुर्मू, बालेश्वर बास्के,सुरेश टुडू ,कन्हाई बेसरा, प्रेम हादसा,विनोद बेसरा, सुनील मुर्मू, प्रदीप कॉल समेत अन्य लोग शामिल थे।

### छात्रों के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**हजारीबाग।** 10+ 2 लॉर्ड कृष्णा स्कूल अमृत नगर में छात्रों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मीडिया प्रतिनिधियों ने बच्चों से उनकी सफलता का राज जाना।मौके पर बच्चों ने अपने शैक्षणिक स्तर,समय प्रबंधन,गुरुजनों एवं माता-पिता के योगदान पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में 12वीं विज्ञान का छात्र एवं छात्रा तथा दसवीं कक्षा के छात्र एवं छात्रा उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार देव एवं सचिव अमिताभ नीरज ने बुके एवं मोमेंटो देखकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय से 12वीं विज्ञान की छात्रा प्रथम अनुष्का प्रकाश 92.4, द्वितीय उज्जवल कुमार सिंह 92.2 एवं तृतीय तानिया कुमारी 83.5 प्रतिशत समेत सफल अन्य छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार देव ,सचिव अमिताभ नीरज एवं शिक्षक गण मो अफरोज आलम, अनिल साव , भोला कुमार राय, जितेंद्र राय, जीवन कुमार यादव, पंकज कुमार राय, संदीप कुमार, सुमित कुमार, प्रदीप यादव, सुमंत कुमार उपाध्याय अतर अहमद, काजल कुमारी ,मिली कुमारी रानी, देवंती देवी, रेखा देवी ,शहनाज खातून ,पायल अग्रवाल एवं पूनम कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के रूप में पुरे विश्व में मनाया जा रहा हैं। "विश्व रक्तचाप दिवस" के अवसर पर रामगढ़ जिला कें सदर अस्पताल, रामगढ़ के परिसर में डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन, एवं डॉ० तुलिका रानी, जिला कुष्ठ निवारण सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी , रामगढ़ के द्वारा विधिवत् दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन के द्वारा उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए आमतौर पर अनेक प्रकार के उपाय के विषय में कहां स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, स्वस्थ वजन स्तर का रखरखाव, शराब और धुम्रपान नहीं करना एवं संबंधित जागरूकता के विषय में जानकारी दी तथा डॉ० तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण सह नोडल पदाधिकारी, रामगढ़ ने कहा कि तनाव, उच्च रक्तचाप के कुछ संभावित लक्षण सिर दर्द, छाती में दर्द, थकान, सांस लेने में कठिनाई, चक्कर आना और मूत्र में रक्त इत्यादि नियमित रूप से दवा लेना और डॉक्टर कि सलाह लेते रहनी चाहिऐं। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अन्तर्गत "विश्व रक्तचाप दिवस" के अवसर पर दिनांक 17 मई 2025 से 16 जून 2025 तक स्पेशल स्क्रीनिंग ड्राइव के तहत हाइपरटेंशन स्क्रीनिंग को वृहद रूप से 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों का पापुलेशन बेसड एवं ओप्पोर्टनिस्टिक स्क्रीनिंग रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल, सीएचसी, पीएचसी, यूपीएचसी, यूएचडब्लूसी एंड एएम में किया जाना हैं साथ ही साथ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में हाइपरटेंशन से संबंधित गतिविधि किया जाना है। समारोह में मुख्य रूप से पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, डीएस, डीएमडब्लू, डीटीओ, डीपीएम, डीएएम, डीडीएम , एनपीपीसीएफ कंसलटेंट , डीपीए सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए ।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ी होंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रांची द्वारा रामगढ़ जिला के वैसे खिलाड़ी एवं उनके प्रशिक्षक, जिन्होंने दिनांक 01.04.2024 के बाद अन्तरराष्ट्रीय / भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलो के विभिन्न अन्तराष्ट्रीय / राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किया हो तथा विभागीय संकल्प में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की आहर्ता धारित करते हों, जिन्हे अभी तक नकद पुरस्कार राशि प्राप्त नहीं हो सकी है, उनसे "नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)" के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन आमंत्रित किया गया है। योग्य खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए विभागीय संकल्प संख्या-03 दिनांक 11.03.2023 के अनुसार नकद पुरस्कार राशि देय होगा। जिले के योग्य खिलाड़ी/ प्रशिक्षक "नकद पुरस्कार / सम्मान राशि" हेतु अपना आवेदन विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से दिनांक 31.05.2025 के अप० 05:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय, भवन A- Block, द्वितीय तल कमरा सं0-303 छत्तरमाण्डु, रामगढ़ में जमा करेंगे। आवेदन का प्रपत्र एवं सम्मान राशि संबंधी विभागीय संकल्प संख्या-03 दिनांक 11.03.2023 की प्रति निदेशालय के वेबसाई से डाउनलोड किया जा सकता है।

## दामोदर घाटी निगम में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत होंगे कई कार्यक्रम

# स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से ही होती है : महा प्रबंधक

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**




भारत सरकार के कैबिनेट सचिव के निर्देशानुसार, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दामोदर घाटी निगम, हजारीबाग परियोजना में दिनांक 16 से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 मई को डीवीसी हजारीबाग परियोजना के सभी कार्मिकों को "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत एवं समृद्ध भारत" अभियान के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ, जिसे वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख राम स्नेह शर्मा प्रभारी भूमि संरक्षण व कार्यालय प्रमुख अनुप पुरकायस्थ उप महाप्रबंधक राकेश रंजन केशरी, उप महाप्रबंधक चिकित्सा डॉ. अशोक कुमार समेत अन्य अधिकारी सुजीत नारायण, रवींद्र कुमार, राजन टुडू एवं विकास कुमार द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया। इसके पश्चात राम स्नेह शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में तथा अनुप पुरकायस्थ ने अंग्रेजी में स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि "स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से ही होती है। हमारे बुजुर्गों की यह परंपरा रही है कि वे दिन की शुरुआत ही सफाई से करते हैं, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।" इस पखवाड़े में आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई निर्णय लिया गया कि विभिन्न स्थानों पर डीवीसी के कर्मचारी स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का प्रत्यक्ष उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश पहुंचे। इसी क्रम में शनिवार को एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख राम स्नेह शर्मा तथा भूमि संरक्षण विभाग के प्रभारी एवं कार्यालय प्रमुख अनुप पुरकायस्थ ने किया। रैली का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह रैली भूमि संरक्षण विभाग, डीवीसी परिसर से प्रारंभ होकर हजारीबाग झील तक आयोजित की गई। रैली में परियोजना के विभिन्न विभागों एवं अनुभागों के लगभग 100 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



सौंदा बस्ती पारटांड के समीप शनिवार को सडक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार रीवर साइड दुमहानी कॉलोनी निवासी तेजुवा महतो उम्र करीब 43 वर्ष अपनी मोटर साइकिल जेएच 02 एन-5249 से अपनी बड़ी बेटी अशकी देवी के ससुराल बीचा से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में सौंदा बस्ती पारटांड मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर सडक किनारे डिवाइडर से जा टकराया। घटना में तेजुवा महतो के सर में गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगो की मदद से घायल युवक को भुरकुंडा सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भुरकुंडा ओपी के एसआई अविनाश कुमार भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल पहुंचे। जहां शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## पत्रकार कुंवर यादव को मिली धमकी, थाने में आवेदन देकर सुरक्षा की लगाई गुहार

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के झुरझुरी निवासी पत्रकार कुंवर यादव को फोन पर धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत कुंवर यादव ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मेरे मोबाइल नंबर 9304366162 पर मोबाइल नंबर 9570554541 से फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया के वाह्टशप ग्रुप भगवती मंडप यज्ञ समिति और आजाद हिन्द युवा क्लब ग्रुप में उक्त नंबर से भी मेरे खिलाफ धमकी भरा पोस्ट किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त नंबर गांव के ही बलदेव यादव पिता डेगलाल यादव का है। जिससे मुझे जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही उसका संबंध असमाजिक तत्व के लोगों के साथ है। जिससे मैं बहुत ही भयभीत हूं।

## उजड़ते जंगल से प्रभावित हो रहा आदिवासी महिलाओं का जीवन

**गोला।** झारखंड के अलग राज्य बने ढाई दशक बीत चुका है। वनाधिकार कानून को लागू हुए 19 वर्ष हो गए हैं। इसके बाद भी वन क्षेत्र में रह रहे आदिवासियों के जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं आया है। मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल को छोड़कर अब तक जितने भी यहां के मुख्यमंत्री बने सभी आदिवासी ही हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जंगल और उसके आस-पास सदियों से रह रहे आदिवासियों के जीवन में बदलाव क्यों नहीं आ रहा है। गोला प्रखंड के 18778.79 एकड़ वनभूमि में कभी भरपूर जंगल था। लेकिन अब इतना नहीं बचा है। गोला के ग्रामीणों ने अपनी समस्या साझा की। गोला के जंगलों व इससे सटे इलाकों में हजारों की संख्या में आदिवासी बसते हैं, जो सीधे तौर पर प्रकृति पर निर्भर हैं। लेकिन जंगलों के विनाश से आदिवासियों का जीवन बुरी तरह से प्रभावित है। आज भी जंगलों की कटाई धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे अधिकतर जंगल-पहाड़ वृक्ष विहिन हो गए हैं।

## हाफिज बने मो तनवीर का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से किया स्वागत

# 9 हाफिज और 4 बने कारी

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



हाफिज की तालिम लेकर अपने गांव रसोईयाधमना लौटने वाले मो तनवीर हसन पिता मो ताहिर अंसारी का गर्मजोशी से खैर मकदम किया गया. समाजसेवी मो तौकीर रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त युवक ने गिरिडीह स्थित घोड़थम्बा के मदरसा दारुलउलूम कादरिया से हाफिज की तालीम लिया है. यह तालीम झारखंड के पुराने आलिम व फाजिल मौलाना मो इस्लाम मिस्बाही के निर्देशन में अल जमीअतुल अशरफिया यूनिवर्सिटी आजमगढ़ उत्तर प्रदेश से मिला. जिन्हे मुफ़्ती ए आजम हिन्द के डिग्री खलीफा अल्हाज मुफ़्ती मो शमशुद्दीन अहमद रिजवी कादरी ने दी. जिसमे 13 बच्चों के सिरों पर दस्तार बन्दी किया गया. इनमे 9 बच्चो को हाफिज व 4 को कारी के सनद देते हुए दस्तार की फजीलत बताए गए. मौके पर मशहूर व सलाहियत मौलाना मो इस्लाम मिस्बाही, मुखिया गोविंद साव, पंसस मो तैयब अंसारी, सेक्रेट्री मो गनी, मो खलील, हाफीज मो सरफराज मिस्बाही हाफिज, मो आयूब रज़ा, हाफिज मो दाऊद, समाजसेवी रिजवान अली, हाजी मो अख्तर, हाजी मो युनुस, हाजी सलीम रुस्तम मिस्बाही, डॉ राजुद्दीन, मो इसराइल, अब्दुल वाहिद, समाज सेवी मो तस्लीम, राजदेव गुप्ता, अनुज कुमार यादव, मो इम्तियाज, मो तबरेज, अंसारी आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

## कंजगी गांव में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाला गया

**गिद्दी।** कंजगी गांव में ग्रामीण युवाओं ने शुक्रवार को शौर्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। यह शौर्य तिरंगा यात्रा गांव के विभिन्न रास्तों से गुजरा। पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक जीत और आतंकवादियों की मिट्टी में मिलने की खुशी में निकाले गए इस तिरंगा यात्रा में गांव के नन्हे बच्चे भी शामिल थे। इस शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारा लगा रहे थे। इस तिरंगा यात्रा में अनिल सोनी, बच्चन गोप आदि शामिल थे।

## धूमधाम से मनाया गया विश्वविद्यालय का 10वां स्थापना दिवस

# मनमोहक नृत्य व गायन पर झूमे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**




आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग का 10वां स्थापना दिवस झील रोड स्थित ओपन थिएटर परिसर में धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, प्रतिकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार व आईसेक्ट इंटर कॉलेज की प्राचार्या ममता शर्मा के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वाति एंड ग्रुप की ओर से पेश की गई गणेश वंदना की मधुर आवाज़ ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। पम्मी एंड ग्रुप के नागपुरी गीत की प्रस्तुति ने जहां एक ओर झारखंड की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया, वहीं निकिता, शालिनी, यशोदा, दिव्या, दिव्यांशु, अकांक्षा, ज्योति, राखी व प्रिया के सोलो डांस, पल्लवी एंड ग्रूप, अनन्या एंड ग्रूप, वाशु एंड ग्रूप व गीतांजलि एंड ग्रूप के ग्रूप डांस के अलावा विद्यार्थियों की ओर से पेश किये गये गज़ल, कव्वाली, स्पेनिश व साउथ इंडियन ग्रुप डांस ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुमित की स्टैंडअप कॉमेडी ने भी खूब तालियां बटोरी। इससे पूर्व स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि विश्वविद्यालय अपने शुरुआती दिनों से ही विद्यार्थियों के समावेशी विकास को लेकर प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य को हकीकत में तब्दीली की उम्मीद लिए विश्वविद्यालय अपने कर्त्तव्य पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि 16 मई 2016 को सीमित संसाधनों के साथ आरंभ हुआ यह विश्वविद्यालय आज झारखंड की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विश्वविद्यालय की ओर से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान किये जाने के साथ साथ समय समय पर कैरियर काउंसलिंग, विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल जैसी सुविधाओं ने विद्यार्थियों के भविष्य की राह को भी आसान किया है। वहीं कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय ना केवल सूदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहा है बल्कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की राह भी तय कर रहा है ! उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने इन 10 वर्षों के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल किया है। यहां के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ साथ, खेलकूद और युथ फेस्टिवल जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भी अपना परचम लहराया है ! प्रतिकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्वविद्यालय ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, वह तो महत्वपूर्ण है पर अभी बहुत आगे तक जाना है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय को भारत का नंबर वन विश्वविद्यालय बनाना है और इसमें विश्वविद्यालय से जुड़े सभी लोगों का योगदान महत्वपूर्ण होगा।

### 16 मई 2016 को हुई थी आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना

हजारीबाग में आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना 16 मई 2016 को हुई थी। यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमएससी, एमकॉम, बीलीब, एमलीब के अतिरिक्त मैनेजमेंट के क्षेत्र में बीबीए, पीजीडीआरडी, एमबीए, कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, एमसीए, बीएससी आईटी, एमएससी आईटी, कृषि के क्षेत्र में बीएससी (प्रतिष्ठा) एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर, पत्रकारिता में बीजेएमसी, एमजे, योग में एमए इन योगा, पीजी डिप्लोमा इन योगा, बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स, मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स और मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स, फार्मेसी में डी फार्म, बी फार्म, लॉ में एलएलबी, एलएलएम, इंजिनियरिंग जैसे व्यवसायिक कोर्सों की पढ़ाई कराई जाती है। साथ ही कई विषयों में भी पीएचडी कराई जाती है।

## कांग्रेसी नेता को मिली अहम जिम्मेदारी

# जय हिन्द सभा कार्यक्रम के लिए प्रभारी किया नियुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह को जय हिन्द सभा कार्यक्रम के लिए हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव के०सी० वेणुगोपाल द्वारा प्रेषित निर्देशों के आलोक में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि मुन्ना सिंह की संगठनात्मक क्षमता, जनसंपर्क और जमीन से जुड़े कार्यों को देखते हुए उन्हें यह दायित्व दिया गया है। वे हजारीबाग के नगर निगम क्षेत्रों में आयोजित होने वाले जय हिन्द सभा के प्रभारी के तौर पर कार्य करेंगे। जबकि जय हिन्द सभा का आयोजन 20 मई से 30 मई 2025 तक किया जाएगा, जिसमें सेना के पूर्व सैनिकों, सेवानिवृत्त कर्मियों एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य देश की सशस्त्र सेनाओं के शौर्य और बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना है। मुन्ना सिंह ने इस अवसर पर कहा, कि यह मेरे लिए गौरव और जिम्मेदारी का विषय है। मैं प्रयास करूंगा कि यह कार्यक्रम नगर निगम क्षेत्र में पूरी गरिमा और प्रभाव के साथ संपन्न हो। यह हमारी सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक अनूठा प्रयास है।

## रोड शेल को लेकर ग्रामीणों ने प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा

**रामगढ़।** रोड शेल को लेकर ग्रामीणों ने केदला प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा
केदला, निज प्रतिनिधि। जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले सांसद राज्यसभा खीरु महतो के निर्देश पर शुक्रवार को केदला उत्खनन परियोजना कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीणों ने केओसीपी प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा। इसके पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जदयू केदला मध्य पंचायत अध्यक्ष भूदेव महतो और संचालन जदयू मांडू प्रखंड सचिव बालेश्वर तुरी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए जदयू प्रदेश महासचिव झारखंड राजू महतो ने कहा कि जो कोयला वर्तमान में केदला डिपो के स्टॉक में है उसे रोड सेल में शीघ्र दिया जाए।

# डीसी की अध्यक्षता में कृषि पशुपालन मत्स्य व सहकारिता विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

● मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से दी जाएगी प्रोत्साहन राशि



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कृषि,पशुपालन,मत्स्य व सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि *मिलेट मिशन के तहत मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिले के 1500 हेक्टेयर भूमि में आच्छादित करने का लक्ष्य दिया गया है। इस मिशन में लघु एवं सीमांत किसानों को प्रति एकड़ 3000 रु की दर से अधिकतम 5 एकड़ का 15000रु तक का प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान किया गया है।जिसके लिये किसान अपने ए टी एम,बी टी एम,प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं तथा किसी प्रकार की समस्या समाधान के लिए सीधे जिला कृषि पदाधिकारी के मो0 न0 9431974405 से संपर्क कर सकते हैं।जिले में किसान क्रेडिट कार्ड 93016 निर्गत है जिसमें से जिन लाभुकों के खाते में लेंन देंन हो रही है इसकी अद्यतन रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।इस वितीय वर्ष 2025-26 में 33714 किसानों को के सी सी से आच्छादित करने का लक्ष्य है।डैम किनारे जमीन वाले किसानों को चिन्हित कर के सी सी दिलाकर कमांड एरिया में कृषि हरियाली लाने की दिशा में कार्य करने का सुझाव दिया गया।इस कार्य मे आत्मा और कृषि विभाग और जलपथ प्रमंडल आपस मे समन्वय बनाकर कार्य करें।जिले में संसाधनों का उपयोग कर ग्रीन एरिया बनाएं।किसी सी लोन डिफॉल्टर,एन पी ए हुए खाते तथा बिना के सी सी के किसानों को चिन्हित कर उन्हें जागरूक करें।उनका सॉइल हेल्थ कार्ड बनवाएं और उन्हें बताएं कि किस जमीन पर कौन सी खेती उपयुक्त होगी।किसानों को अम्लीय व क्षारीय मिटी में होने वाले फसल की जानकारी दें।मिट्टी जांच करने वाली एजेंसी का नाम पता सभी किसानों को जानकारी हो ताकि निशुल्क मिट्टी जांच कर सकें।जिले में आयोजित कृषक पाठशाला की भी समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग की समीक्षा में बताया गया कि वितीय वर्ष 2024-25में 1907 अनुमोदन के विरुद्ध 1148 लाभुकों के बीच डी बी टी की गई जिसमे बकरा विकास योजना के 623 लाभुकों,सुकर विकास योजना के 94 लाभुकों ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना के56 लाभुकों,बैकयार्ड लेयर कुक्कुट पालन योजना में 32 लाभुकों तथा बतख चूजा पालन योजना 343 लाभुकों मेंकिया गया।जोड़ा बैल वितरण योजना में 13 लाभुकों में कुरडेग ,जलडेगा ,बांसजोर,केरसई,बानो के दो दो लाभुक तथा कोलेबिरा के तीन लाभुकों में वितरण किया गया।सहकारिता विभाग की समीक्षा में तामड़ा लैम्प्स,हुरदा,सिमहातू, डुमरडीह कुरडेग तथा ओड़गा लैम्प्स की समीक्षा में ओडिट रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। जिन लैम्प्स में खाद वितरण होता है ,वे किन किसानों को खाद उपलब्ध कराते है,पर बताया गया कि जो भी किसान खाद के लिये आते हैं उन्हें दिया जाता है।इसके साथ ही बादाम बीज,तथा फसल बीमा योजना की स्थिति से अवगत कराया गया। किसानों द्वारा प्राप्त धान क्रय को मिलरों द्वारा उठाव नही करने पर उनसे बात कर उठाव कराएं या उचित कार्रवाई की जाय। मत्स्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि तीन तालाबों की बंदोबस्ती की जानी है।लाभुक समितियों में सूचना दी गई है।कुल 200 किसानों में से 90 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण की समीक्षा में परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया कि कृषकों के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत दलहन के लिए अरहर,उरद तथा तिलहन के लिए मूंगफली,व सरसों बीज का वितरण किया जाना है।

## सिमडेगा शहर में ट्रैफिक व्यवथा सुगम व पथ अतिक्रमण मुक्त करें : उपायुक्त

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक सुधार,झूलन सिंह चौक से महाबीर चौक के बीच लगने वाले जाम से निजात पाने की दिशा में किये जाने वाले प्रयास पर चर्चा की गई। डिवाइडर के विभिन्न विकल्प तलाशने के निर्देश दिए गए।विशेषकर बस स्टैंड से निकलने वाले गाड़ियों के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसका अनुपालन सुनिश्चित करने,आवागमन को सुचारु रुप से संचालन में सुगम बनाने पर विचार किया गया।इस व्यवस्था में ट्रैफिक प्रभारी,नगर परिषद तथा जिला परिवहन पदाधिकारी के समन्वय से कार्य करने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता,अंचलाधिकारी,प्रशासक नगर परिषद,परिवहन अदधिकारी,ट्रैफिक तथा सदर इंस्पेक्टरको स्थानीय सिविल सोसाइटी,मीडिया प्रतिनिधि व बस मालिक जैसे लोगों को बैठक में बुलाकर विचार विमर्श करने का निर्देश दिया गया ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।पार्किंग स्थल चिन्हित कर बोर्ड लगाने तथा नो पार्किंग एरिया का बोर्ड लगाकर माइकिंग प्रचार करने के लिये नगर प्रशासक को कहा गया।यहप्रचार कार्य एक सप्ताह तक लगातार की जाय उसके बाद फाइन काटी जाय।शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों में माल लोडिंग अनलोडिंग की समय तय कर सूचना दे दी जाय।फ्रूट्स वेंडर एरिया तय कर उन्हें अवगत करा दें ।सभी ठेला,वेंडर फ्रूट विक्रेताको उसका अनुपालन सुनिश्चित करें।आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,अनुमंडल पदाधिकारी,जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी,पुलिस उपाधीक्षक, सदरअंचल अधिकारी,नगर प्रशासक,ट्रैफिक प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी आयोजित

## छात्रों के विकास और सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी सह पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार, बीआरसी के रिसोर्स टीचर बालगोविंद पटेल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं अभिभावक शामिल हुए।गोष्ठी में छात्रों के बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक विकास पर चर्चा की गई। वार्डन कमला बड़ाइक ने छात्रों को गर्मी की छुट्टी में घर जाकर पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी तथा अभ्यास पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि नामांकन की अंतिम तिथि 22 मई है और छूटे हुए छात्र अपने अभिभावकों के साथ आवश्यक दस्तावेज लेकर जल्द विद्यालय आएं।थाना प्रभारी सोनू कुमार ने साइबर फ्रॉड, मानव तस्करी, बाल विवाह और डायन प्रथा जैसे सामाजिक अपराधों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों को सतर्क रहने, बच्चों को जागरूक करने और किसी भी आपात स्थिति में थाना से संपर्क करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, जिसमें 2 वर्ष की सजा या 1 लाख तक जुर्माना हो सकता है। साथ ही सर्पदंश जैसी स्थिति में तुरंत अस्पताल ले जाने की सलाह दी।बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अखसरी खातून, उपाध्यक्ष विनय कुमार साहू, सदस्य भीष्म सिंह, महावीर सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं लेखापाल विपिन कुमार समद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## टुटीकेल पंचायत में बीडीओ ने किया भ्रमण विभिन्न योजनाओं के लिए जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो के द्वारा प्रखंड के टुटीकेल पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का किया इस अवसर पर उनके द्वारा कमला देवी के जमीन में बिरसा हरित ग्राम योजना में गड्ढा खुदाई , लेबयान डांग के जमीन में बिरसा हरित ग्राम योजना में फालदार पौधों , पूनम डांग का बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मोनिका मरियम डांग का बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, ख्रिस्तपोल डांग का बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना एवं सयून डांग , प्यारी डांग , प्रेमिका एलिस लुगून , लिली देवी अबुआ आवास का निरिक्षण. मौके पर उपस्थित आवास के लाभुक को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया . बागवानी के लाभुक गड्ढा खुदाई कार्य पूर्ण करने एवं पंचायत कर्मी को सभी नये बागवानी में पिट डिगिंग का कार्य अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया. इस अवसर पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी ,प्रखण्ड समन्वयक ( पंचायती राज ), मुखिया, उपमुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मेट, लाभुक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## फर्जी आधार कार्ड के सहारे जमानत की कोशिश, अदालत ने की जांच में खुलासा

नवीन मेल संवाददाता

● आरोपी इमरान की जमानत याचिका खारिज

**सिमडेगा।** एक विचाराधीन कैदी को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा इस शर्त पर जमानत दी गई थी कि वह आधार कार्ड प्रस्तुत करने के बाद ही जमानत पा सकेगा। बंदी छोटन चिक बड़ाइक का अदालत में दाखिल किए गए आधार कार्ड को एडीजे की अदालत ने फर्जी पाया। वहीं उसकी जाली आधार कार्ड बनाकर अदालत में दाखिल करने में मदद करने वाले मो इमरान की पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। बताया गया कि जेल में बंद एक कैदी छोटन चिक बड़ाइक की जमानत के लिए उसके आधार कार्ड को इमरान द्वारा गलत तरीके से बनाया गया था। अदालत ने जब आधार की जांच कराई तो वह फर्जी पाया गया। बताया गया कि छोटन चिक बड़ाईक नामक कैदी का फर्जी आधार कार्ड बनवाने में इमरान ने मदद की थी। बताया गया कि झारखंड उच्च न्यायालय ने बी.ए. संख्या 12256/2023 में आदेश के तहत जमानत दी थी कि आरोपी अपने आधार कार्ड की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेगा। लेकिन जमानत के लिए जमा आधार कार्ड की जांच अदालत द्वारा कराई गई तो यह फर्जी पाया गया। अदालत द्वारा यह पाया गया कि अधिकृत सेवा केंद्र में जाए बिना ही वाद में तैयार आधार कार्ड प्राप्त करने में उसने कामयाबी हासिल की और वह जाली पाया गया,जिसके बारे में अभी भी जांच लंबित है। अदालत ने पाया कि यदि याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाएगा तो उसके द्वारा साक्ष्यों से छेड़छाड़ किए जाने की पूरी संभावना है। अतः अदालत ने पाया कि उपरोक्त तथ्यों,परिस्थितियों और आरोप की प्रकृति और मामले को देखते हुए याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने के पक्ष में नहीं है।

## कोलेबिरा में चोरी हुआ पिकअप नगड़ी थाना क्षेत्र से हुआ बरामद

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के एस एस प्लस टू हाई स्कूल के समीप से चोरी की गई पिकअप नगडी थाना क्षेत्र से हुआ बरामद। प्लस टू स्कूल के समीप से बलबीर प्रधान के पिकअप को बोलेरो पिकअप गाड़ी (जेएच 07सी 4884) को चोर ने बुधवार की रात लगभग 11:45 में चुरा लिया था. चोरी की घटना घर के प पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी.हालांकि देर शाम उक्त वाहन रांची के रिंग रोड से बरामद हुआ।पिकअप के मालिक बलबीर प्रधान ने बताया कि उन्होंने शाम 7:00 के लगभग अपनी गाड़ी घर के सामने खड़ी की थी.सुबह जब उन्हें चोरी घटना का पता चला,तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी. घटना के बाद बुधवार संध्या को पुलिस ने लावारिस स्थिति में नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड में उक्त वाहन को नाली में गिरे हुए स्थान में पाया. बरामद वहां को नगडी पुलिस अपने कब्जे में रखे हुए हैं।

### सिमडेगा में कांग्रेस भू-संपदा समिति की विशेष बैठक

## जिला कार्यालय में भूमि सत्यापन और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला कार्यालय एवं परिषदन भवन में भू-संपदा समिति की शनिवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधायक भूषण बड़ा एवं विधायक नमन विकसल कोंगाड़ी ने की। इस बैठक में समिति के प्रमुख सहयोगी डेविड तिर्की, जोनसन मिंज, प्रदीप केशरी, जोशिमा खाखा, संतोष सिंह, विशाल तिर्की, सामरोम पॉल टोपनो, रावेल लकड़ा, सीमा सीता एक्का, अमित डुंगडुंग, फ्रांसिस बिलुंग समेत कई साथी उपस्थित रहे।बैठक में सिमडेगा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न कांग्रेसजनों ने उपलब्ध भूमि की जानकारी साझा की। दोनों विधायकों ने भूमि से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के बाद कई स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूमि के मालिकों से प्रकृति, कब्जा, रजिस्टर 02 में दर्ज नाम और वंशावली संबंधी जानकारी ली गई तथा भूमि दस्तावेजों को जल्द से जल्द समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।यह भी तय किया गया कि भू-संपदा समिति की अगली बैठक 22 मई 2025 को सुबह 10:00 बजे परिषदन भवन, सिमडेगा में आयोजित की जाएगी। उसी दिन पूर्वाह्न 9:45 बजे फरसाबेड़ा सरना स्थल में आगामी 28 मई को आयोजित 'संविधान बचाओ अभियान' कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता की जाएगी, जिसमें जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, विधायक भूषण बड़ा एवं नमन विकसल कोंगाड़ी मीडिया को संबोधित करेंगे।11:00 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी एवं सभी 10 प्रखंड अध्यक्षों के साथ एक विस्तृत बैठक कर 'संविधान बचाओ अभियान' की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्यों के अतिरिक्त रणधीर रंजन, लीला नाग, चंदन कुमार सिंह, शिव प्रसाद केशरी, शकील अहमद, डॉ. इम्तियाज, साबिर खान, मो. अरमान, संजय तिर्की और विजय किंडो भी सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

## दुर्गा पहाड़ी मंदिर के गर्भगृह का किया गया सुंदरीकरण, नव शक्ति पिंड की हुई प्राण प्रतिष्ठा




नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत समडेगा स्थित दुर्गा पहाड़ी मंदिर में गर्भगृह का सुंदरीकरण एवं नव शक्ति पिंड की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत संपन्न हुई। दुर्गा पूजा समिति संयोजक एवं समाजसेवी नीलाम्बर चौरसिया के द्वारा गुफा में स्थापित गर्भगृह को नया स्वरूप दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा पूजन में नीलाम्बर चौरसिया परिवार सहित शामिल हुए। पूजन कार्य आचार्य कौशलेश दुबे, बालगोबिंद सिंह व गंधर्व सिंह द्वारा विधिपूर्वक संपन्न किया गया। मंदिर के इतिहास को लेकर समडेगा निवासी मगन सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा यहां पिछले लगभग 60 वर्षों से होती आ रही है। सप्तमी से नवमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और संधि पूजा में बकरी व कोंहड़ा की बलि भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि ग्राम समडेगा के कर्मा सिंह और गुरुचरण सिंह, मां दुर्गा के परम भक्त थे और उन्होंने कोंगसोर, जोलड़ा (उड़ीसा) से मां दुर्गा का आह्वान कर उन्हें बानो लाया था। इसके बाद कुछ अनिष्ट घटनाओं के चलते मां को वर्तमान दुर्गा पहाड़ी पर स्थापित किया गया, जो आज आस्था का केंद्र है। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य कौशलेश दुबे ने बताया कि वे पिछले 36 वर्षों से पूजन कर रहे हैं। मां के प्रति श्रद्धा लिए हजारों श्रद्धालु बानो, रनिया, कामडारा, बसिया, हुरदा, मनोहरपुर समेत आसपास के क्षेत्रों से आते हैं। माता भक्त टी.पी. मनोहरण ने राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता शिवनंदन बड़ाईक को बताया कि रोजाना भक्त पूजा के लिए आते हैं। नव शक्ति पिंड की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## एडवांटा सीड्स से तामड़ा पंचायत में किसानों के लिए संगोष्ठी

**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत सचिवालय में शनिवार को एडवांटा सीड्स कंपनी के तत्वावधान में एक दिवसीय कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिमडेगा जिले के विभिन्न पंचायतों से लगभग 60 प्रगतिशील किसान शामिल हुए।संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं धान की रोग प्रतिरोधक और उच्च उत्पादकता वाली किस्मों के बारे में जागरूक करना था। कंपनी के टेरिटरी मैनेजर अभिनंदन दुबे ने धान की हाइब्रिड किस्मों की विशेषताओं से किसानों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इन किस्मों में बेहतर रोग प्रतिरोधक क्षमता, मजबूत तना, गिराव प्रतिरोध तथा वजनदार दाने जैसे गुण पाए जाते हैं, जो किसानों के लिए लाभदायक हो सकते हैं।कार्यक्रम में एडवांटा सीड्स के मार्केट डेवलपमेंट ऑफिसर राहुल मिश्रा एवं सुरेंद्र साहू भी मौजूद रहे। उपस्थित किसानों ने कार्यक्रम में पूछे गए प्रश्नों के माध्यम से अपनी समस्याओं और शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

## रसीली लीची के साथ गुलजार हुआ सिमडेगा महावीर चौक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** गर्मी का महीना अपने साथ चिलचिलाती धूप, गर्म हवाएं और हलक को तर करने वाली बेचैनी लेकर आता है। लेकिन सिमडेगा में मई का महीना केवल इन परेशानियों के लिए नहीं जाना जाता, बल्कि एक खास मीठे फल लीची के कारण भी यह समय खास बन जाता है। यहां की गुदेदार और रसीली लीची न केवल सूखे गले को राहत देती है, बल्कि इसका स्वाद और पोषण भी लोगों को खूब लुभाता है। यही कारण है कि सिमडेगा की लीची की मांग लगातार बढ़ती जा रही है।फिलहाल, सिमडेगा की लीची झारखंड के अलावा ओडिशा के सुंदरगढ़ और उसके आस-पास के जिलों में भेजी जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के लोग भी सिमडेगा की लीची के स्वाद के कायल हो गए हैं। वहां के व्यापारी थोक में लीची की खरीदारी कर रहे हैं। जिले के कई क्षेत्रों जैसे सिमडेगा, कोचेडेगा, मुडिया, रेंगारिह, जलडेगा,बोलबा, कोलेबिरा और लचरागढ़ में लीची का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है।लीची का पेड़ आमतौर पर तीसरे साल से फल देना शुरू कर देता है। एक पेड़ से लगभग दो से ढाई हजार तक लीचियाँ प्राप्त होती हैं। व्यापारी अक्सर पूरे पेड़ की फसल को एकमुश्त खरीद लेते हैं, जिससे किसानों को एक साथ अच्छी आय हो जाती है। इस व्यापार मॉडल से ग्रामीणों को काफी लाभ होता है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आता है।इस समय सिमडेगा के बाजारों में लीची 30 रुपये प्रति दर्जन की दर से बिक रही है, जो ग्रामीण उत्पादकों के लिए एक अच्छा दाम है। हालांकि, बताया गया है कि जैसे ही बारिश शुरू होगी, लीची के दामों में गिरावट आ सकती है, क्योंकि यह फल बहुत अधिक समय तक टिक नहीं पाता।कुल मिलाकर सिमडेगा की लीची ने ना सिर्फ इस क्षेत्र की पहचान बनाई है, बल्कि स्थानीय किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# न्यूज बॉक्स

### मुख्यालय समेत कई इलाकों में 22 घंटे से बिजली गुल, विभाग के लापरवाही से लोग परेशान

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली विभाग की लापरवाही और कर्मियों के मनमानी रवैये के चलते पिछले 22 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। मामूली आंधी-पानी के बाद बिजली सेवा बाधित हो गई, लेकिन अब तक इसे बहाल करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मी हमेशा 11,000 वोल्ट या 33,000 वोल्ट के फॉल्ट का बहाना बनाकर जवाब देते हैं, जबकि वास्तविकता में मामूली मौसम परिवर्तन के बाद ही उपकरणों में गड़बड़ी होना विभाग की तकनीकी लचरता को दर्शाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तो 11,000 और 33,000 वोल्ट के उपकरण 'कुकुरमुत्ते' जैसे हो गए हैं।जो हल्की हवा-पानी में भी फॉल्ट पकड़ लेते हैं।बिजली नहीं रहने से प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। खासकर बारिश के इस मौसम में अंधेरा ग्रामीणों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि सांप-बिच्छू जैसे विषैले जीव-जंतु के काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से जल्द स्थिति सुधारने और जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### सक्सेस पॉइंट लचरागढ़ में शिक्षा सहभागिता मंच का आयोजन

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ स्थित सक्सेस पॉइंट कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षा सहभागिता मंच का आयोजन बहुउद्देश्यीय भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रस्तावित उच्च विद्यालय की प्राचार्या कल्याणी बारला, विशिष्ट अतिथि नेलशन भगत तथा अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर की गई।संस्थान के निदेशक कुंदन कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, मीडियाकर्मियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए संस्थान के उद्देश्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए फैकल्टी की शुरुआत की जा रही है।मुख्य अतिथि ने संस्थान द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं विद्यार्थियों को करियर से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वरिष्ठ शिक्षक मंगल साहू ने कंप्यूटर शिक्षा की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। नेलशन भगत ने घोषणा की कि 1 जुलाई 2025 से लचरागढ़ में अत्याधुनिक लक्ष्य फिजिकल एकेडमी की शुरुआत की जाएगी, जहाँ प्रतियोगी परीक्षा, फिजिकल ट्रेनिंग और कंप्यूटर शिक्षा एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में मनाया गया विश्व हाइपरटेंशन दिवस

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बानो में हाइपर टेंशन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने स्कीट के माध्यम से हाइपरटेंशन के बारे में बताया उससे होने वाले बीमारियों के बारे में और उनसे बचाव के बारे में उन्होंने बहुत अच्छे तरह से समझाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह संस्थान के निदेशक डॉ. प्रह्लाद मिश्रा ने हाइपर टेंशन के बारे में विस्तार से बताया। से पूरा विश्व इस बीमारी के बारे एवं लोगों में जागरूकता लाने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है।वैज्ञानिक कारण से जब धमनी पर खून का दबाव बढ़ जाता है तब हम लोगों का हाइपरटेंशन या बीपी बढ़ती है जिससे हम लोगों को सर में चक्कर आना सीने में दर्द नाक से खून आना और ऐसी बहुत सारी बीमारियां होती है हम लोग नियमित व्यायाम करके संतुलित भोजन पर्याप्त नींद लेकर और तनाव को दूर कर इस बीमारी से हम लोग बच सकते हैं । वहीं कार्यक्रम के बारे में बताते हुए संस्थान की ट्यूटर अमृता लवली जोजो ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को हाइपर टेंशन के बारे में जागरूक करना और उन्हें हाइपर टेंशन के लक्षणों और उसके निदान के बारे में बताना था।

### ठेठईटांगर खनन विभाग की कार्रवाई उड़ीसा से अवैध चिप्स लदा हाईवा जब्त

**ठेठईटांगर।** जिला खनन विभाग ने शनिवार को ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए उड़ीसा से अवैध रूप से चिप्स लदा हाईवा को जब्त किया। माइनिंग विभाग की टीम ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की और पकड़े गए वाहन को ठेठईटांगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया।जिला खनन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि जब्त हाईवा बिना वैध चालान के निर्माण सामग्री (चिप्स) लेकर जा रहा था। प्रारंभिक जांच में यह पुष्टि हुई कि वाहन खनन नियमों का उल्लंघन कर रहा था। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।जब्त हाईवा पर खनन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

### गुम हुए व्यक्ति को पुलिस ने किया बरामद

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बोलबा झोयला टोली के गुम हुए व्यक्ति को बोलबा पुलिस ने किया बरामद। घटना के सम्बन्ध में थाना प्रभारी संतोष कुमार राय ने बताया कि बोलबा झोयला टोली की नीलिमा टेटे ने बोलबा थाना में अपने पति अबेदियुस टेटे की गुमसुदगी के सम्बन्ध में सन्हा दर्ज कराया था। आवेदन में नीलिमा टेटे के द्वारा कहा गया था कि 10 मार्च 2025 को मेरे पति अबेदियुस टेटे काम करने मुंबई गया था इस दौरान रेलवे स्टेशन से गुम हो गया। दिनांक 02 अप्रैल को उसकी पत्नी के द्वारा बोलबा थाना में आवेदन देकर अपने पति को खोजने की मदद मांगी थी। जिसपर बोलबा पुलिस द्वारा सनहा दर्ज करते हुए तकनिकी शाखा और मुंबई पुलिस से सम्पर्क और समन्वय स्थापित करते हुए सही सलामत अबेदियुस टेटे को बरामद कर लिया गया इसके बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया। इस मौक़े पर थाना प्रभारी संतोष कुमार राय एवं पुलिस बल मौजूद थे।इस प्रकार बोलबा पुलिस द्वारा लगातार लोगों की भलाई के काम करते देख लोगों ने प्रसंशा करते हुए आभार व्यक्त किया है।

### डाक बंगला बानो में अनुमंडल बनाओ मंच की हुई बैठक



**बानो।** डाक बंगला बानो में शनिवार को बानो को अनुमंडल बनाओ मंच की बैठक मंच के अध्यक्ष बीरजो कंडुलना की अध्यक्षता में हुई । बैठक में मुख्य रूप से मंच के संचालन के लिए फंड जमा करने पर चर्चा की गई।बडकाडुइल मुखिया अनिल लुगुन ने कहा - अभियान को पंचायत स्तर तक पहुंचा कर सहयोग राशि के सम्बंध में चर्चा की जानी चाहिए।सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना कहा फंड के संग्रहन के लिये टीम गठन करना आवश्यक है तथा पंचायत के बाजार तक पहुँच कर मंच के कार्यों के बारे में जानकारी देने की बात पर जोर दिया। सी एस जड़िया ने कहा चंदा के लिये रसीद हो , सन्तोष साहू ने कहा कोई भी संगठन को चलाने के लिए राशि की आवश्यकता पड़ती है।इसके लिए हर गाँव मे प्रतिनिधि चयन कर कार्य सौंपा जाय । मौके पर उकौली मुखिया कृपा हेमरोम ,सुलेमान बारला ,गंगा सिंह आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया।बैठक में चूड़ामणि यादव ,शंकर सिंह , बालमुकुंद सिंह ,मो रफीक ,अमित बडिंग ,तनु हुसैन ,महेश सिंह ,शिवनन्दन बड़ाईक आनन्द मसीह तोपनो ,सिप्रियअन जड़िया आदि लोग उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठित साथी समिति की बैठक 19 को

**सिमडेगा।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा साथी समिति का गठन किया गया है।इस समिति की पहली बैठक प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 19 मई को शाम 4.30 बजे होगी। सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि नालसा एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में साथी अभियान के तहत बेघर,बेसहारा बच्चों को चिन्हित कर कैंप लगाकर आधार कार्ड बनाया जाएगा,ताकि ऐसे बच्चे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि आधार एवं ट्रैकिंग तक पहुंच तथा समग्र समावेशन के लिए सर्वेक्षण हेतु साथी समिति का गठन किया गया है। कमेटी में प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,यूआईडी जिला प्रभारी सरोज कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी,सिविल सर्जन,जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी,डीएसपी मुख्यालय,चाइल्ड केयर संस्थान के अरविंद कुमार,दीपक सोरेंग,अर्चना कुमारी,सरोजनी कुल्लू,सुनीता कुमारी,पैनल अधिवक्ता संजय कुमार महतो,जगदीश्वर साहू,अनूपा खलखो,सुकोमल,पीएलवी अशोक कुमार तिवारी,विष्णु प्रसाद,दीपक कुमार और शहजादा सरफराज को शामिल किया गया है। प्राधिकार सचिव मरियम ने बताया कि कमेटी सदस्य साथी अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित करेंगे जिनका आधार नहीं बन सका है।

## धनवार विधानसभा में बिजली को लेकर आंदोलन करेगा भाकपा माले

# पूर्व विधायक ने सौंपा मांग पत्र, 20 मई को सब स्टेशन पर होगा धरना कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**



धनवार विधानसभा में लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ भाकपा माले अब जोरदार आंदोलन के मूड में है। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने विधुत विभाग को इससे संबंधित मांग पत्र सौंपते हुए 20 मई को विधानसभा क्षेत्र के तीनों सब स्टेशन में धरना प्रदर्शन करने की बात कही है। पूर्व विधायक ने शनिवार को धनवार, तिसरी और गांवा के विधुत सब स्टेशन में मांग पत्र सौंपा है। जिसमें पुरे विधानसभा क्षेत्र में 30 मेगावाट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने,गद्दर पॉवरग्रिड को अविलम्ब चालू करने, गाँवों में जले हुए ट्रांसफर्मर और जर्जर तारों को बदलने व ऊर्जामित्रों द्वारा दिए गए फर्जी बिल की जांच करने की मांग की गई है। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि धनवार, तिसरी और गांवा को 30 मेगावाट बिजली आपूर्ति की जानी है. जिसमें धनवार को लगभग 20 और तिसरी - गांवा को 11 मेगावाट लेकिन वर्तमान में केवल 16 मेगावाट बिजली आपूर्ति की जा रही है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में बिजली की आंखमिचोली चल रही है ऊपर से वोल्टेज भी डीम रहता है। 24 घंटे में 4 से 5 घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसमें सुधार नहीं हुआ, बिजली की आँखमिचोली चलती रही तो 30 तारीख के बाद हजारों लोगों के साथ वे तिसरी, गांवा और धनवार में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। साथ ही 20 मई को इन तीनों प्रखंडो के विधुत सब स्टेशन में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में बिजली की स्थिति सुधारी जाए अन्यथा इस विधानसभा को ब्लैक जोन घोषित किया जाए।

# कैंसर जैसी जटिल बीमारी का हुआ सफल ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

शहर का सुप्रसिद्ध अस्पताल आरोग्यम आरोग्यम में डॉ. बी.एन. प्रसाद एवं उनकी विशेषज्ञ टीम के द्वारा एक अत्यंत जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। पिछले पांच वर्षों से पेट दर्द और सूजन की गंभीर समस्या से जूझ रहीं 47 वर्षीय सुशीला देवी को कई बड़े अस्पतालों में संभावित कैंसर की आशंका के कारण उपचार से इनकार कर दिया गया था। पूर्व में उनकी बच्चेदानी (गर्भाशय) की सर्जरी हो चुकी थी, जिससे मामला और भी संवेदनशील हो गया था। आरोग्यम अस्पताल में जब मरीज को लाया गया, तो बारीकी से की गई चिकित्सकीय जांच में बाईं ओवरी से उत्पन्न एक बड़ा ट्यूमर पाया गया, जो बड़ी आंत और ओमेंटम (पेट की झिल्ली) से चिपका हुआ था। प्रारंभिक जांचों एवं ट्यूमर मार्कर टेस्ट से कैंसर की संभावना जताई गई, जिसके आधार पर एक्सप्लोरेटरी लैप्रोटॉमी करने का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन के दौरान डॉ. बी.एन. प्रसाद की कुशल टीम ने अत्यंत सावधानीपूर्वक ट्यूमर को पूरी तरह हटाया, इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए कि ट्यूमर की सामग्री शरीर में न फैले। ऑपरेशन लगभग दो घंटे में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। ट्यूमर को आगे की पुष्टि हेतु हिस्टोपैथोलॉजी टेस्ट के लिए भेजा गया है। आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग में न सिर्फ झारखंड बल्कि आसपास के राज्यों के लिए एक भरोसेमंद स्वास्थ्य संस्थान बनकर उभरा है। यहां आधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों की टीम सेवा का अद्वितीय संगम है।

## झारखंड विस आवासीय समिति की बैठक संपन्न

# जनहित से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

चतरा परिसदन सभागार में झारखंड विधानसभा की आवासीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सरायकेला के विधायक एवं समिति के अध्यक्ष श्री दशरथ गगरई ने की। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा आवासीय समिति के सदस्य एवं हज़ारीबाग़ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, चतरा विधायक श्री जनार्दन पासवान सहित जिले के सभी प्रमुख विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आवासीय विकास, शहरी व्यवस्था, पेयजल, सड़क, विद्युत और सफाई जैसी जनहित की मूलभूत आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने बैठक में कहा कि "जनहित से जुड़े विषयों पर तत्काल कार्यवाही आवश्यक है। हम सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं ताकि योजनाओं का लाभ शीघ्र जनता तक पहुंचे। यह बैठक क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि लम्बित कार्यों की प्रगति की निगरानी नियमित रूप से की जाएगी और आवश्यकतानुसार दिशा-निर्देश देकर उन्हें समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। झारखंड विधानसभा आवासीय समिति की यह बैठक जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है और राज्य के विकास के प्रति सभी जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों की सहभागिता को दर्शाती है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी आयोजित

# अभिभावकों को बच्चों पर देना होगा ध्यान : प्रधानाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



भामाशाह सरस्वती शिशु विद्यामंदिर में अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई. गोष्ठी में विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व सदस्य सहित कई अभिभावक शामिल हुए. गोष्ठी का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से किया. प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित अभिभावकों से अतिथियों का परिचय कराते हुए गोष्ठी के उद्देश्यों से अवगत कराया. उन्होंने बच्चों के प्रति शिक्षक के दायित्व व अभिभावकों के कर्तव्य पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चे विद्यालय में 6 घंटा तो घर में 18 घंटा अभिभावक के संग रहते हैं. ऐसे में अभिभावको का पूर्ण योगदान बच्चो के भविष्य निर्माण में सहायक होगा. अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि बच्चों के सतत् विकास के लिए शिक्षक और अभिभावक के बीच संपर्क बहुत जरूरी हैं. उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चे में सुधार के लिए सुझाव मांगी. अभिभावकों ने भी अपनी समस्याओं को रखते हुएं कुछ सुझाव भी दिया. जिसे प्रबंधन समिति ने गागोष्ठी का समापन साहू समाज के मुखिया सुरेश साहू के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. बैठक में अध्यक्ष सहित सचिव नागेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया कैलाश साहू , पूर्व सदस्य अर्जुन साहू, बरही पश्चिमी के भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी आदि कई अभिभावक व विद्यालय के आचार्य-आचार्या शामिल हुए.

## तेज रफ्तार ने ली पूरे परिवार की जान

# पेड़ से टकराकर कार के उड़े परखच्चे, हादसे में 3 की मौत



हंसता परिवार जो उजड़ गया

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तेज रफ्तार के कहर ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जिंदगियां लील ली है. घटना गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र की है. जहां थाना क्षेत्र के सरिया रोड स्थित अंबाडीह मोड़ के पास शुक्रवार की देर रात एक कार सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराई. हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में बैठे पति - पत्नी व उनके डेढ़ वर्षीय मासूम बेटे को बाहर निकाला. सभी कोई इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने डेढ़ वर्षीय पलटू और उसकी माँ श्वेता बरनवाल को मृत घोषित कर दिया. वहीं उनके पति अशीष बरनवाल को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया.लेकिन इसी दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. बताया जाता है कि अशीष बरनवाल अपनी पत्नी और मासूम बेटे के साथ कार से सरिया आ रहे थे,इसी दौरान हादसा हो गया.

### हाथियों ने मनोहरपुर में कई घरों को किया ध्वस्त, धान चट कर गए



**मनोहरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर के बांधटोली, कोलबोंगा व अन्य गांवों में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. हाथियों के झुंड ने कई घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे धान व अन्य अनाज को या तो खा गए, या फिर नष्ट कर दिया. गुरुवार की देर रात हाथियों का झुंड बांधटोली और कोलबोंगा गांव में प्रवेश कर गया.इसके बाद ग्रामीण घर से निकलकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने में जुट गए. ग्रामीणों को रतजगा भी करना पड़ा. हाथी बांधटोली के वेणुधर नायक के घर में रखा करीब 50 किलो धान खा गए. हाथियों ने कोलबोंगा गांव में बिरसा धनवार, इतवारी धनवार, हेसिया कच्छप और खैरा धनवार के घरों में रखे अनाज को नष्ट कर दिया. कई घरों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया. वन विभाग के वनरक्षी लाईलोर मुखिया बिरसा कंडुलना के साथ शुक्रवार को कोलबोंगा और बांधटोली गांव पहुंचे और हाथियों से हुए नुकसान का जायजा लिया.

## तालाबों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# श्रमदान कर तालाबों का करें सौंदर्यीकरण व रखरखाव पर दें ध्यान



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी तालाबों पर अतिक्रमण पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने विशेष संज्ञान लिया है एवं अधिकारियों को अभियान चला कर योजनाबद्ध तरीके से सभी तालाबों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है साथ ही जन सहयोग से तालाबों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण में श्रमदान एवं सहयोग करने का अपील की गई। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों के साथ रामगढ़ शहर व नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा प्रथम चरण में रामगढ़ शहर अंतर्गत झंडा चौक के समीप स्थित तालाब, सतकौड़ी कॉम्प्लेक्स के समीप स्थित तालाब, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कैथा तालाब, मरार स्थित मरार तालाब, सेवटा स्थित सेवटा तालाब, हाथमारा स्थित हाथमारा तालाब का निरीक्षण कर अतिक्रमण का जायजा लिया गया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को अच्छे तरीके से तालाबों से अतिक्रमण हटाने एवं दोबारा अतिक्रमण न होने देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले वासियों से भी अपील करते हुए कहा कि सभी जिलेवासी अपने-अपने क्षेत्र में सरकारी तालाबों पर विशेष ध्यान दें, तालाबों पर अतिक्रमण न होने दे। रामगढ़ तालाब बचाओ योजना के तहत संबंधित तालाब क्षेत्र अंतर्गत वासियों से अनुरोध किया जाता है कि दो दिनों का श्रमदान करें या श्रमदान के बदले राशि दान कर तालाबों की एवं श्रमदान कर तालाबों का सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव हेतु सहयोग करें। सभी ऐसे दानकर्ता के नाम से तालाब किनारे उनके नाम से वृक्षारोपण कर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### समाज सेवी की पहल से गांडेय के हरिजन टोला में पेयजल आपूर्ति हुई बहाल



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के गांडेय गांव के हरिजन टोला में शनिवार को समाजसेवी श्याम पाठक के नेतृत्व में जल - नल योजना की पाईप की मरम्मति करवाई गई । बता दें कि हरिजन टोला में संचालित जल - नल योजना के पाईप में खराबी आ जाने के कारण उक्त टोला में लगभग 50-60 आबादी के समक्ष पेयजल की समस्या हो गई थी । ग्रामीणों ने अपने समस्या के विषय में समाजसेवी श्याम पाठक को बताया, श्याम पाठक ने पीएचडी विभाग के एसडीओ मनीष कुमार को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की बात कही। एसडीओ ने मिस्त्री को भेजवाकर पाईप की मरम्मति करवा दी जिसके बाद ग्रामीणों को सुचारु रूप से पानी आपूर्ति शुरू हो गई ।

### मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित नहीं हुए डॉ सौरभ

**कोडरमा।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ गलत टिप्पणी करने वाले डॉ सौरभ कुमार शनिवार को मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित नहीं हुए। इस दौरान डॉ सौरभ को खोजने क्लिनिक और झुमरीतिलैया आवास पर भी पुलिस के साथ मजिस्ट्रेट पहुंचे पर उन लोगों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। इस बाबत कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को पत्र भेजकर डॉ कुमार सौरभ के मानसिक जांच के लिए शनिवार को सिविल सर्जन कोडरमा के द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित करवाने को कहा था। पत्र में कहा गया था कि डॉ कुमार सौरभ झुमरीतिलैया के निवासी हैं और कोडरमा थाना के सामने क्लिनिक अभ्युदय आरोग्यशाला में बैठते हैं। इन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जिले के सारे उच्च पदाधिकारियों जैसे सिविल सर्जन, उपायुक्त, पूरे प्रशासनिक महकमा तमाम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, विधायक, सांसद, स्वास्थ्य मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक को अपमानित करने के साथ ही गाली गलौज करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं ये निजी जीवन पर भी अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। इन्ही कारणो से कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, आईएमए ने इनके मानसिक स्वास्थ्य के जांच की मांग की है। इनके सोशल मीडिया अकाउंट से जिला के पदाधिकारियों के बारे में निम्न स्तर की बातें और विभिन्न मनगढंत आरोप लगाए जा रहे है। उससे लगता है।

### राणी सती मंदिर का 27वें स्थापना दिवस पर भव्य मंगल पाठ का आयोजन



**हजारीबाग ।** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में 27वां स्थापना दिवस बेहद हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया.इस अवसर पर आयोजित एक दिवसीय दादी उत्सव का भव्य आयोजन हुआ.मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा से भक्तिमय हो गया कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6:00 बजे राणी सती दादी की विशेष पूजा-अर्चना और पाटा पूजन से हुई। इसके पश्चात मंगला आरती के साथ एक दिवसीय उत्सव की विधिवत शुरुआत हुई। सुबह से ही मंदिर में दादी भक्तों का आगमन शुरू हो गया था और पूरे परिसर में दिव्यता का माहौल छा गया था। दोपहर 2 बजे से मंदिर प्रांगण में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर कई महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी परिधान में सज-धजकर दादी की मंगल पाठ की। मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पाठ विधिवत रूप से प्रारंभ करवाया. मंगल पाठ के दौरान इत्र उत्सव, जन्मोत्सव बधाई, हल्दी महोत्सव, सिंदूर उत्सव, मेहंदी उत्सव, गजरा उत्सव, चुनरी उत्सव तथा दादी पाठशाला जैसे अनेकों उत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं ने राणी सती दादी के जन्म से लेकर विदाई तक की सभी प्रमुख धार्मिक विधियों को बड़े ही श्रद्धाभाव और उत्साह से निभाया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रही धनबाद की सुप्रसिद्ध भजन गायिका मीनू चौधरी जिन्होंने दादी के जन्म से विदाई तक की संपूर्ण पाठ को मधुर भजनों के माध्यम से प्रस्तुत किया। अपने भजनों में उन्होंने दादी हमें तेरी.... ज़रूरत है, मेरी दादी आएगी....सब काम हो जाएगा जैसे अनुकूल भजनों को उन्होंने प्रस्तुत किया और दादी भक्त भजनों जमकर झूमते नज़र आए। पूरा मंदिर परिसर जय दादी की के जयकारों से गूंजता रहा। पाठ के दौरान दादी के जन्मोत्सव पर टॉफी का वितरण किया गया, वहीं दादी की विदाई के समय सुहाग पिटारी बांटी गई, जिसमें प्रतीकात्मक रूप से सुहाग की सामग्री दी गई, जो श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक है। अंत में दादी की भव्य आरती के साथ मंगल पाठ संपन्न हुआ। धनबाद से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका को मंदिर कमेटी की ओर से चुनरी भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया वहीं इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से महिलाओं का सहयोग रहा।

## सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर विशेष पहल

# जिले के सभी क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर चलेगा अभियान : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



- **अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा**

उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिले के सभी क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत सर्वप्रथम स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमित भूमि को चिन्हित करने एवं इसके उपरांत अभियान चलाकर भूमि आदि को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों के साथ रामगढ़ अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया वहीं भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ अंतर्गत रांची रोड मरार पहुंचे जहां उन्होंने अतिक्रमण हटाने के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपयुक्त ने अच्छे तरीके से अतिक्रमण हटाने एवं आगे भी किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने देने का निर्देश दिया। रांची रोड मरार के उपरांत उपायुक्त माण्डू प्रखंड अंतर्गत कुज्जु मुरपा के सरना टोली पहुंचे जहां उन्होंने स्थल पर अतिक्रमण का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अधिकारियों से पतरातू प्रखंड अंतर्गत बुजुर्ग जमीरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जानकारी लेते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का सहित अन्य उपस्थित थे।

### हजारीबाग में नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता ऑडिशन 24 और 25 मई को



**हजारीबाग।** सामाजिक संस्था सेल्फ हेल्प ग्रुप न्यू एरिया हजारीबाग के द्वाराआगामी 24 और 25 मई को नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन आयोजित कर रही है। इस ऑडिशन में भाग लेने के लिए सभी इच्छुक युवक और युवतियां हिस्सा ले सकते हैं। ऑडिशन के बाद चुने गए प्रतिभागियों के बीच अंतिम मुकाबला 1 जून 2025 को होगा। प्रतियोगिता में भाग लेना निशुल्क है। विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ मोमेंटम और सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-C, चाईबासा रोड खूँटी, पिन - 835210**
**Email Id – deoofficekhunti@gmail.com**

विज्ञप्ति संख्या : 02/2025

विभागीय संकल्प संख्या 2093 दिनांक 06.08.2019 यथासंशोधित अधिसूचना संख्या 1556 दिनांक 08.06.2022 एवं अधिसूचना संख्या 1522 दिनांक 14.05.2025 के क्रम में जिले के सभी सरकारी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/प्रधानाध्यापक के अन्तर जिला स्थानान्तरण के लिए निम्न रूपेण समय–सीमा निर्धारित की गई है :–

| | |
|---|---|
| शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की तिथि | दिनांक 19.05.2025 से 14.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ऑनलाईन आवेदनों का सत्यापन | दिनांक 20.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा स्थापना समिति का अनुमोदन एवं राज्य स्तरीय समिति के लॉगिन पर ऑनलाईन अग्रसाण | दिनांक 21.06.2025 से 05.07.2025 तक |

Teacher Transfer Portal के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन का लिंक एवं आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी/निदेश https://teachertransfer.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी
खूँटी

PR 352779 District (25-26)_D

# आम नही खास है ये आम

अगर आप भारत से जुड़े हैं तो आप आम के शौकीन तो होंगे ही इसमें कोई दो राय नहीं है। आम के मामले में हमलोग दूसरी राय रखते भी नहीं है। आम को फलों का राजा भी माना गया है और हमारे देश में आम का बुखार या आम का क्रेज आम बात है। आम ना सिर्फ स्वादिष्ट होता है बल्कि इसका अपना ही सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है और आम हमारे लिए उतना ही स्वास्थ्यवर्धक भी है। आम का क्रेज के कई कारण है, जिसमें इसका स्वाद, इसके फायदे, इसके विभिन्न किस्म की उपलब्धता, स्वास्थ्य लाभ आदि शामिल है। अगर आम के स्वाद की बात करें तो आम फलों का राजा ही नहीं बल्कि दिलों का भी राजा है। भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देश में आम के विविधता और उपयोगिता दोनों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गर्मियों में आम हमारे जीवन-शैली का अभिन्न हिस्सा होता है।मुझे अपने बचपन का किस्सा याद आता है कि हमारे घर में आम आने पर सबसे बड़ा आम को लेने के लिए लड़ाई होती थी और सबसे बड़ा आम पाने वाला जैसे खुद को विजेता समझता था। यह सुनने में भी अविश्वसनीय लगता है कि भारत में 1500 से ज्यादा किस्मों के आम पाए जाते हैं जिनमें कुछ प्रमुख जो सबसे ज्यादा पसंदीदा हैं जैसे -दशहरी, लंगड़ा, अल्फाजों, हिमसागर, तोतापुरी। अलफांसो को आमों का राजा कहा जाता है और इसकी मांग देश से कहीं ज्यादा विदेशों में है। दूसरे देशों से अच्छे संबंध बनाने के लिए आम को उपहार के रूप में भी प्रयोग करते हैं। आजकल लोगों के बीच में आम का क्रेज थोड़ा काम हुआ है क्योंकि लोगों के बीच में मिसकनसेप्शन है आम खाने से वजन बढ़ता है। लेकिन क्या आपको पता है कि आम सबसे स्वास्थवर्धक फलों में से एक है। आम विटामिन सी से प्रचुर फल है साथ ही यह एंटीऑक्सीडेंट भी है जो हमारे रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है और पाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ रखता है। आम के सभी भागों का अपना विशेष महत्व है। आम के पत्तों का उपयोग शुभ कार्य में तोरण बनाने या पूजा के लिए किया जाता है।



कंचन सिंह

आम का पेड़ वायु शुद्धिकरण में प्रमुख भूमिका निभाता है। अगर आम के आर्थिक महत्व की बात करें तो आम से कई प्रकार के प्रोडक्ट जैसे स्मूदी, जैम आदी बनाए जाते हैं जो कि भारतीय इकोनॉमी में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। भारत में आम की विदेश में बहुत मांग होने के कारण निर्यात भी किया जाता है। और आम के उत्पादन से लाखों किसानों को रोजगार मिलता है। रिटेलर को भी आम बेचने का विशेष फायदा मिलता है। अगर आम के महत्व की बात करें तो यह अंतहीन विषय है। आम हमारे जीवन को स्वस्थ और रसीला बनाता है। आम आपके जीवन को आम से खास बनाता है। इसीलिए क्या खूब कहा है, आम नही खास है ये आम।



# बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस में झारखंडी की यात्रा-एसी बोगी और लोकल जुगाड़



चारुमित्रा



नहि जानामि यात्राया अंतं, नहि जानामि लोकस्य चरित्रम्। किंतु जानामि – टिकट हो या न हो, एसी बोगी है सर्वसुलभम्!"

बनारस की यात्रा की उमंग ऐसा था जैसे झारखंड में बिजली के खंभे खुद ही कह दें – "चलो यार, थोड़ा उजाला बाँट दें।" श्रद्धा से भरा मन, जेब में टिकट, और बैग में दीदी के हाथ का अचार-पराठा – बस, यही समेटकर मैं, पिताजी और बच्चे रांची से बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़ने निकले।

ट्रेन समय पर थी – मतलब भारतीय रेल के अनुसार 'ज्यादा लेट नहीं थी।' सीट मिल गई, टीटी मुस्करा रहा था और एसी बोगी में ठंड ऐसी कि स्वेटर पहनने का मन कर जाए। सोचा, यात्रा तो बड़ी सुसंस्कृत होगी।

परंतु हे देव! सासाराम पार करते ही जैसे ट्रेन नहीं, कोई धारावाहिक शुरू हो गया।

दरवाजे यूँ खुलने लगे जैसे कोई जादुई द्वार हों। एक के बाद एक पात्र बोगी में प्रवेश करने लगे – उम्रदराज महिलाएं, बैग उठाए बुजुर्ग, और चेहरे पर विजय पताका लहराते युवजन। एक बूढ़ी अम्मा चादर बिछाते हुए बोलीं – "हई देखीं, अभीयो बर्थ मिल जाला।" मैं उनके इस कॉन्फिडेंस पर लहालोट थी।

"न टिकटं, न अनुमति, केवलं साहसं समर्थम्।

लोकलयो यत्र आगच्छति, तत्र बर्थं स्वतः प्राप्तम्।"

बुजुर्ग सज्जन मेरे पास आकर बोले – "तनी खिसक जाईं, लइका सुतल बा।" मैंने पैर समेटे, बच्चा सुलाया, सोचा – चलो, सेवा हो गई। पर बाबा बोले – "एतना भी जरूरी ना की तू सुतल रहू, लइका त सुतिए गइल।" अब मेरी नींद, सेवा और सहनशीलता – तीनों ने पलटी मार दी। पर फिर भी उठ गई, क्योंकि बिहार में बहस जीतना, टिकट कटवाने से भी मुश्किल काम है।

ऊपर के बर्थ वाले सज्जन खड़े ही जा रहे थे ,पर किसी ने ध्यान नहीं दिया – क्योंकि तब तक बोगी पूरी तरह 'लोकल' हो चुकी थी। उन्होंने जब थोड़ी जगह बैठने को माँगी तो एक बुजुर्ग व्यक्ति थोड़ा सा खिसक गया और बड़े प्रेम से बोला-"बैठीं!"

सामने एक युवक आया – प्लास्टिक की थैली में लिट्टी-चोखा, दो अखबार और एक अधपिया पानी की बोतल। ऐसा निश्चल भाव जैसे एसी बोगी उसके खानदानी विरासत की हो।

"भैया, ई सीट खाली है?" – मैंने जब तक कुछ सोचा, वह बैठ भी गया। फिर शुरू हुआ 'बाथरूम वाली सीट' का तर्कशास्त्र – यानी दरवाज़े के पास की कोई भी सीट, जहाँ दर्द वाले पाँव को चैन मिले।

और फिर लिट्टी का महाभोज! अखबार बिछे, अचार खुला, और गूँजने लगी आवाज़ – "तनी नमक दीं भाई।" एसी में बैठकर गर्म खाने का ठंडा स्वाद उन्हें तनिक भी खलल नहीं डाल रहा था।

एक व्यक्ति फूल वोल्यूम में समाचार सुनने लगा। मैंने कहा -भैया ज़रा आवाज़ धीमी कर देंगे। खैर उसने मेरी बात मानकर मोबाइल का साउंड कम कर दिया। तबतक बगल वाले ने गाना बजा दिया -'ए फूलपुर वाली भौजी!' अब गाने का लुत्फ भी हमें मिल रहा था।

टीटी आए – बोले, "टिकट?" सभी ने ऐसा मासूम चेहरा बनाया जैसे विद्यालय में पकड़े गए स्टूडेंट कहें – "हमें तो पता ही नहीं था कि आज टेस्ट है!"

टीटी ने हमें देखा, लिट्टी देखी, फिर अपने भाग्य को देखता हुआ चुपचाप आगे बढ़ गया। शायद सोच रहा था – "जिन्हें हटाना हो, उन्हें भगवान ही हटाए।"

"टीटीः मौनं समाश्रित्य, लिट्टीं नयनेन पश्यति।
भ्रष्टाचारस्य भीषणं दर्शनं तत्र प्राप्तम्।"

बगल में बैठी महिला बोली – "इतनी महंगी टिकट लेकर भी चैन नहीं!"

तो वहीं बुढ़िया मुस्कराई – "बिटिया, चैन टिकट से ना, जुगाड़ से आवेला।"

अब तो मुझे भी लगने लगा कि 'ई-टिकट' के बजाय 'ई-जुगाड़' एप आना चाहिए।

पीछे बच्चा चिल्लाया – "मम्मी, अंकल मेरे पैर पर बैठ गए!"

अंकल बोले – "बच्चा है, सम्हाल लो। ट्रेन तो थोड़ी देर की है।"

और माँ ने गुस्से में बच्चे को खिड़की से चिपका दिया, खुद को दीवार से।

एक सज्जन, जो पहली बार एसी में आए थे, अंग्रेज़ी पत्रिका उलटते-पलटते बोले – "रेलवे को इस पर ध्यान देना चाहिए।" उनका दोस्त बोला – "रेलवे को छोड़िए, सर – अब ध्यान आप को अपने सीट पर देना चाहिए।"

जैसे-जैसे बनारस करीब आया, लोकल योद्धाओं का आत्मबल और बढ़ता गया – "अब कौन उतारेगा? स्टेशन आ गया!"

सबने अपना लिट्टी समेटा, अख़बार तह किया, और दरवाजे की ओर ऐसे बढ़े जैसे मंच से अवॉर्ड लेने जा रहे हों।

"जय रेलवे! जय एसी बोगी!
लोकल जन को भी सुविधा दोगी।

टिकट-धारी तो हैं प्रायोजक, असली मजा तो है जुगाड़ू रथयात्रा का!"

बनारस स्टेशन आया, सभी बड़े शान से उतरे – जैसे कोई चुनाव जीतकर राजधानी लौटे हों। मैं मुस्कराई, गंगा दिखी, और सोचा – बनारस पहुँची नहीं, बनारस भीतर उतर गया।

अब जब भी बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम आता है, टिकट से पहले याद आते हैं वो चेहरे, वो लिट्टी, और वो वाक्य – "हम लोकल हैं, एसी भी अब लोकल हो गया है!"

# स्वाद



सुरेश चन्द्र झा

कहानी सन उन्नीस सौ सत्तर की।
ग्यारह बजे अजय भैया आ गए,अपनी फिएट प्रीमियर पद्मिनी लेकर,और हम दोनों निकल पड़े शन्नो दीदी के यहाँ,नया बाजार,उनसे राखी बंधवाने।
उनकी गली संकरी थी इसलिए गाड़ी को सड़क पर पार्क करना मजबूरी थी। तीन बार सड़क पर कभी दायें कभी बाएं गाड़ी लगाकर वो तसल्ली कर लिए कि मुहल्ले का कोई शरारती बच्चा उसपर स्क्रैच न लगा पाए । पर कदम भारी ही थे गाड़ी से उतरने के बाद भी । हमने कहा- भैया अब तो ठीक ठाक लगा ही दिए न फिर काहे चिंता कर रहे हैं ।उन्होंने बडे आर्कियोलॉजिकल भाव से उत्तर के साथ सवाल भी दाग दिया - आगरा गए हो न?
अब लीजिए इसमें आगरा कहाँ से आ गया भैया – में विनम्रतापूर्वक बोला
तुम बताओ गए हो न पिछले साल?
हमने सिर हिलाकर हामी भरी
देखे थे न जी,आगरा फोर्ट का वह हिस्सा जहां शाहजहां को औरंगजेब ने कैद किया था।
हम उधेड़बुन में थे कि ये आगरा का किला कहां से आ गया, रक्षा बंधन के पावन पर्व में
वो बोलते रहे – जानते हो वही हिस्सा शाहजहां ने क्यों चुना था,इतने बड़े आगरे के किले में?
हमने कहा -बस इसलिए के वहां से यमुना थोड़ी मुड़ती है और उस कोण से झरोखे से पूरा ताजमहल दीखता था। बस यही बात सही बोले कि वहां से ताज दिखता था।अब तुम सोचो यहाँ इतनी दूर गाड़ी खड़ी रहेगी जो दिख ही नहीं सकती,तो मैं कैसे उतनी देर शन्नो दीदी के यहाँ बैठ सकता हूँ।
इस जगह पर गाड़ी लगाए न,बस यही जगह दिखती है उनके बरामदे से-बीच बीच में देख पाएँगे, समझे ?
वाह भैया जैसे मुमताज की याद का ताजमहल, वैसे ही आपकी ये गाड़ी। मैं मन ही मन कार के प्रति निष्ठा को नमन करता रहा।
चलते चलते शन्नो दीदी के घर के गेट तक आ गए हमलोग। अरे कुछ खास चीज पक रही है-मैंने अपनी श्वान सी घ्राणशक्ति का परिचय दिया।
हाँ मटन पकने की खुशबू है-भैया का सर्वज्ञानी सन्तों सा उत्तर । और वाक्य की पूर्णाहुति उनके श्रीमुख से होती रही- हाँ पुलाव मटन का लंच अरेंज की होंगी शन्नो दी। हमने कहा- आज तो पूर्णिमा है न भैया,और वो भी रक्षाबंधन। आज कैसे खाएँगे हमलोग?
बड़े दार्शनिक भाव से ओतप्रोत उनका उत्तर था – समृद्ध बाबू (प्रोफेसर साहब,शन्नो दीदी के पति ) हमलोगों से बड़े हैं न,वो बोलेंगे तो कैसे नहीं खाएँगे हमलोग,बोलो,आखिर बड़ों का मान रखना है कि नहीं? अब स्वाद के लालच को हावी होना ही था भोजन सम्बन्धित बन्धनों पर। राखी बंधी,मिठाइयों के बाद फिर खाना –अब और किसी दीदी के यहाँ जाने क़ा कार्यक्रम स्थगित। लौटने के समय एकाएक वो बोले--जानते हो न,फेनू (उनका छोटा बेटा ) जब दाल भात खाता है तो एकदम इत्ती सा खायेगा पर जब मटन मछली रहेगा तो उसका बुताद (खुराक) देखो, दूना तिगुना हो जाता है। जानते हो , प्रोफेसरी के फिक्स पैसे में इतना हो नहीं पाता कि बराबर मीट बनवा सकें। बोलते बोलते उनकी आवाज भर्रा गईं,तब लगा मुझे कि हर आदमी के इर्द गिर्द उसके अपने जीवन चक्र की अलग अलग कक्षाएं होती हैं। अपने अपने ऑर्बिट (कक्षा) में घूमते दुख और सुख कब मन के ऑर्बिट में प्रवेश कर जाएँ, कौन समझ सकता है और ऐसे ओढ़े हुए दुखों का क्या कोई अंत है भला ?

# आतंकी सब हारेंगे





विजय नारायण सिंह 'बेरुका'

आँखों से बहते हैं आँसू, मारे गए हिंदुओं पर।
पहलगाम पर हमें सोचना,
होगा कई बिंदुओं पर।।
बहुत हो गया भाईचारा,
अब ललकार जरूरी है।
पहलगाम के हत्यारों पर,
भीषण मार जरूरी है।।
आतंकी हमलों से धरती,
पहलगाम की लाल हुई।
मार निहत्थे पर्यटकों को, सफल
पाक की चाल हुई।।
धर्म पूछ कर मारा तुमने, हम बिन पूछे मारेंगे।
छुपे भले पाताल लोक में,
सबको खोज निकालेंगे।।
बाढ़ आ गई है झेलम में, वारि सिंधु
का बंद हुआ।
आपस का व्यापार बंद है, आना-जाना
बंद हुआ।।
कसम हमें जगदम्ब, पाक को, रण में
धूल चटा देंगे।
काश्मीर में पाक अधिकृत, आधा
कश्मीर मिला लेंगे।।
घर में घुसकर, पूर्ण नाश तक, इन्हें
'बेरुका' मारेंगे।
भारत की है जीत सुनिश्चित, आतंकी
सब हारेंगे।।

काव्य कोना

## दिल दिल की बात

दिल दिल की क्या बात करुँ
दर्द सहलाना - सहलाकर छुपा लेना
कभी गद्य, कभी पद्य में बदल देना
मानव मन है अनोखा कलाकार
दिल दिल की क्या बात करुँ।
हवाओं के आने-जाने की चर्चा नहीं होती
रुक जाये तो चेतना रुक जाती है
कभी मधुर मीठी यादों के झरोखों से आती है
कभी तुफान बन सब उड़ा जाती है
अनोखी है रंगत,
हवाओं के आने-जाने की चर्चा नहीं होती।
आसमां तेरे रंग का क्या बखान करुँ
दाग-धब्बे सब अपने रंग में छुपा लेती है
कभी सुनहरी शाम, कभी सुनहरी सुबह
यूँ ही मन को, तन को आह्लादित कर जाती है
ढ़ंग अनोखा, रंग अनोखा
आसमां तेरे रंग का क्या कहना
दिल दिल की क्या बात करुँ।

नाग मणि

# जन्मदिन का तोहफा



रंजना वर्मा उन्मुक्त

नेहा बड़ी बेसब्री से अपने पति का ऑफिस से आने का इंतजार कर रही थी। आज उसका जन्मदिन था ।उसे अपने पति से बहुत महंगे तोहफे की अपेक्षा नहीं थी। फिर भी वह आज शाम पति के साथ गुजारना चाहती थी और डिनर भी वह बाहर किसी रेस्टोरेंट में करना चाहती थी। दो दिन पहले वह अपनी सहेली के यहाँ किटी पार्टी में गई थी। सहेली के पति और उसके पति एक ही दफ्तर में ,एक ही पोस्ट पर थे ।लेकिन सहेली के और उसके जीवन स्टाइल में आसमान जमीन का फर्क था। उसका घर एक से बढ़कर एक कीमती सामानों से भरा पड़ा था। किटी पार्टी भी उसने शानदार दी थी। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र उसके गले में चमचमाता हीरो का हार था, जिसे उसके पति ने उसके जन्मदिन पर तोहफा दिया था। सारी सहेलियाँ उसकी तारीफ कर रही थी और वह हीन भावना से ग्रस्त हो रही थी। उसने मन ही मन यह तय कर लिया था कि वह अपने पति से झगड़ा करेगी, जब सहेली का पति उसे इतना कीमती उपहार दे सकता है तो वह क्यों नहीं ? शाम में उसके पति ने आते ही उसे एक सुंदर सा पैकेट पकड़ाया और बोला," हैप्पी बर्थडे... नेहा।" नेहा ने खुशी से पैकेट को थाम लिया। "जानती हो ,तुम्हारी सहेली का पति जो मेरे साथ काम करता था ,उस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है ।उसे जेल भी हो सकती है।" नेहा को अपनी सहेली के ठाट का रहस्य समझ में आ गया। उसने अपने पति के गिफ्ट को खोला ,अंदर से खूबसूरत चमचमाती साड़ी निकली... जिसकी चमक अब उसे सहेली के हीरो के हार से ज्यादा प्यारी लग रही थी।



# मैंने कल इक सपना देखा



डॉ आकांक्षा चौधरी

मैंने कल इक सपना देखा-
सुंदर भारत अपना देखा!
धिनक धिनक धिन धा।।
अटकन चटकन
अगड़म बगड़म
इत उत देखा हर शै
देखा!
कैसे कैसे क्या क्या
देखा??
सुनो ज़रा मैंने जो देखा-
आरक्षण का मेला देखा-
पैसे पैरवी का रेला देखा।
सपनों को सिलबट्टे पर;
सपनों को सिलबट्टे पर-
कसमसाते पिसते देखा।।
मैंने कल इक सपना देखा
धिनक धिनक धिन धा।।
ट्रैफिक पुलिस के डंडे खाते-
बूढ़े रिक्शे वाले को देखा।
रोड शो जो नेताजी का-
रोड शो जो नेताजी का;
उसमें एम्बुलेंस को मरते देखा।
मैंने कल इक सपना देखा
धिनक धिनक धिन धा।।
अंधेरे में फुटपाथों पर घर
कितनों के बसते देखा।
डिस्को लाइट्स की भुक्भुक्की में
कितने चिरागों को बुझते देखा।
छोटे बच्चों को मोबाइल पर
बड़ों की फिल्मों में घुसते देखा।
मैंने कल इक सपना देखा
धिनक धिनक धिन धा।।

# कार - बे - कार



अरुणा झा



हास्य

मित्रों सच ही कहा गया है, हमें इस बात की तकलीफ नहीं होती कि' फलाना वस्तु मेरे पास नहीं है। तकलीफ इस बात की होती है कि वह वस्तु आपके पास है।'और कभी-कभी तो तकलीफ इतनी बढ़ जाती है कि हम सही- गलत की पहचान भी भूल जाते हैं।

हुआ यूँ कि अपने घर के आसपास सबों को 'कार' में बैठकर कहीं आते-जाते जब मैं देखती तो मेरी आत्मा कलप जाती। सोचती काश! कि हमारे पास भी एक कार होती तो मेरी दुनिया ही अलग होती। बिना कार के यकीन मानिए जिंदगी तो बेकार ही होती है न। सो कार लेने की मेरी इच्छा बलवती होती चली गई और अंततः मैंने जुगाड़ बिठा ही लिया और एक फौजी अफसर की वर्षों से गेराज में रखी कार मैं 'सेकंड हैंड' में ले आई। उस दिन का वर्णन मैं कैसे करूं, समझ में नहीं आ रहा है। मैं तो हवा में ही उड़ रही थी मुझे अपना ही कद बढ़ा हुआ नजर आ रहा था। उस दिन की स्थिति यह थी कि परिवार का हर सदस्य कार की ही चर्चा कर रहा था ।मैंने भी ढेर सारी मिठाइयाँ मंगवा कर अड़ोस- पड़ोस में भिजवा दिया ।ताकि हर किसी को मेरे यहाँ घटित इस ऐतिहासिक घटना की जानकारी मिल सके।

शाम को हम सभी सज-धज कर सैर को निकले। मैं बड़ी अदा से कार में बैठी। बच्चे भी लद गए ।मैं बार-बार चोर नजरों से पड़ोसिनों की बालकोनी की तरफ देख रही थी। चाहती थी कि सभी मुझे देखें । मैं अपनी खटारा स्कूटर में नहीं, कार में बैठी हूँ ।चलिए कार स्टार्ट हुई और हमारा मन मयूर नाच उठा। लेकिन हाय री किस्मत, अभी चार कदम ही चले थे कि घर्र-घर्र कर कार रुक गई। अब लाख चाबी घुमाएं, कार नवेली दुल्हन की तरह नखरे दिखाने लगी। अबकी जब मैंने नजर घुमाई तो मेरी सभी पड़ोसिनें बालकोनी में खड़ी मुस्कुराती दीखीं।

पूरे दो घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह इंजन स्टार्ट हुई तो लगा अब बुरे पल गए। हम सभी फिर से सवार हुए और चल पड़े। उसमें पहले से ही कैसेट लगा हुआ था सो उसे ऑन किया तो गाना बजने लगा "कर चले हम फिदा, जानो तन साथियों।" घबराकर पतिदेव ने कैसेट पलट दिया तो आवाज आई "जाने वाले हो सके तो लौट के आना "...हद हो गई भाई मूड ऑफ हो गया और इसी अकबकाहट में पता नहीं कैसे ब्रेक फेल हुआ या पति देव का संतुलन बिगड़ा , हमारी कार ने एक मेम साहिबा को धक्का दे दिया। उनको चोट तो कम ही लगी थी लेकिन वह चिल्लाने इस तरह से लगी जैसे उनकी गर्दन ही कट गई हो । और ऐसे मौकों पर तो आप जानते ही हैं कि भीड़ किस कदर जुड़ जाती है। किसी तरह बीच बचाव कर पूरे पांच हजार रुपए उनकी हथेली पर रखे तब जाकर आगे बढ़ने दिया गया।

लेकिन अब सैर करने का 'मूड ऑफ' हो गया था। अतः वापस लौटने का प्लान किया ।लौटते वक्त जब लटके थोबड़े से मैंने एक कैसेट लगाया तो आवाज आई "जाने चले जाते हैं कहाँ दुनिया से जाने वाले।" हद हो गयी भई। उस दिन से हम कार को हाथ लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं सो हो सके तो इस वर्ष आप उस कार को बिकवाने में मेरी मदद करें।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## गजल

कि दूर रख शिकवे सब मिला करेंगे हम।
की थाम हाथों को यार चला करेंगे हम।।
मिले वफा के बदले यहां वफा सबको।
सदा यही बस रब से दुआ करेंगे हम।।
कभी दुखा दिल वो जो गया हमारा था।
उसी से अब तो जरा फासला करेंगे हम।।
यहां वफा की है जिसने यार हमसे भी।
सदा उसी रिश्ते से वफा करेंगे हम।।
जो यार दिल में बसाते हमे हमेशा हैं।
उन्हें कभी भी न यूँ ही खफा करेंगे हम।।
सदा ही प्यार से यार तू सींचते रहना।
गुलों कि तरह गुलशन में खिला करेंगे हम।।
न हो कभी भी जुदा एक दूसरे से यूँ।
कि एक दूजे पे मर के जिया करेंगे हम।।



पूनम शर्मा स्नेहिल

# सैनिटरी नैपकिन





खुशबू बरनवाल 'सीपी'

"मालती, आज तुम्हें क्या हुआ है? तुम परेशान लग रही हो। बताओ ! क्या बात है? मुझसे क्या छुपाना?" "हाँ, तुमसे क्या छुपाना!... मैं अपनी बहू की हरकत के कारण कुछ परेशान हूँ।"

"मालती, तुम्हारी बहू तो बहुत समझदार है। तुम भी तो बहुत प्यार करती हो। अचानक से क्या हो गया?"

"हाँ, जरूरत से ज्यादा हीं समझदार है। कल वह मेरे पोते को ट्रेनिंग दे रही थी।"

"किस चीज की ट्रेनिंग?" "मासिक धर्म के समय अपनी बहन और माँ के लिए वह सैनिटरी नैपकिन ला दे। गर्म पानी का बैग तैयार कर उन्हें दे।.... अजीब औरत है शर्म - धर्म तो आता नहीं है। तुम्हीं बताओ, जवान बेटा को कोई यह सब समझाता है। और तो और बाजार से भी लाने बोलती है।" हाँ, यह तो सच में अजीब बात है। आजकल दुनिया उल्टा- पुल्टा चल रही है, मालती।"

"कुछ अजीब बात नहीं है, दोनों प्यारी दादी। मुझे माँ ने एक अच्छा जिम्मेदार पुरुष बनने की शिक्षा दी है। नारी को सम्मान और उनकी पीड़ा में औषधि बन कर सहयोग करना सिखाया है। आपकी भी तो सेवा करना मुझे माँ ने हीं सिखाया है। सैनिटरी नैपकिन लाकर बहन और माँ को देने में ना कोई बुराई है और ना हीं शर्म की बात है।" पोते की बात सुन और हाथ में सैनिटरी नैपकिन को देख दोनों अवाक देखती रह गईं।

## आज का दोहा

अगर हिमाकत फिर करी, जरा मचाया शोर।
गरजेंगे फिर हर जगह, बरसेंगे चहुँ ओर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पहली बार यूपी के जंगलों में शुरू हुई विस्टाडोम ट्रेन सेवा

**लखनऊ (आईएएनएस)**

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से दुधवा टाइगर रिजर्व तक रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पर्यटक ट्रेन में विस्टाडोम कोच का संचालन शुरू कर दिया गया है।

इसी के साथ यूपी देश का पहला ऐसा प्रदेश बन गया है, जहां पर्यटकों के लिए जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए विस्टाडोम कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा पर्यटकों के लिए 12 महीने उपलब्ध रहेगी। यह सेवा वर्तमान में शनिवार और रविवार ही पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही है, आने वाले दिनों में यह सेवा सभी दिन उपलब्ध होगी। इससे जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं, रोजगार भी उपलब्ध होंगे। पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के वन क्षेत्रों को 'वन डेस्टिनेशन, श्री फॉरेस्ट' के रूप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट और किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य को एकीकृत करते हुए पर्यटकों के लिए सुलभ और रोमांचक अनुभव देने के लिए विस्टाडोम कोच का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म विकास बोर्ड ने यह पहल पर्यटकों को वर्ष भर नेचर ट्रेल और जंगल सफारी का अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की है। यह सुविधा पहले चरण में प्रत्येक शनिवार और रविवार को उपलब्ध कराई जा रही है। इस सेवा के सकारात्मक परिणामों के पश्चात इसे पूरे सप्ताह के लिए विस्तारित करने की योजना है।

## प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता और रोमांच से भरपूर 'विस्टाडोम कोच'



विस्टाडोम कोच के माध्यम से पर्यटक 107 किलोमीटर लंबे जंगल के भीतर सफर करते हुए प्राकृतिक दृश्यावली, जैव विविधता और वन्यजीवों का नजदीक से अनुभव ले सकेंगे। यह सफर 4.25 घंटे का है। ट्रेन सेवा काफी किफायती भी है। इस सेवा के लिए पर्यटकों से केवल 275 रुपए प्रति पर्यटक शुल्क लिया जा रहा है। यह शुल्क कतर्नियाघाट से दुधवा नेशनल पार्क तक का है। निदेशक ने बताया कि बोर्ड द्वारा पर्यटकों को राजधानी लखनऊ से कतर्नियाघाट तक ले जाने का पैकेज तैयार किया जा रहा है। इस पैकेज में विभाग की ओर से प्रति पर्यटक सब्सिडी भी दी जाएगी, जिस पर विचार किया जा रहा है। पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि 107 किलोमीटर लंबी जैव विविधता से भरपूर यात्रा का अनुभव देने वाली ट्रेन का नाम बिछिया टू मैलानी टूरिस्ट पैसेंजर ट्रेन (नंबर- 52259) रखा गया है, जो बिछिया स्टेशन (बहराइच) से सुबह 11:45 बजे चलकर विभिन्न स्टेशनों से गुजरते हुए दोपहर 4:10 बजे मैलानी स्टेशन (लखीमपुर खीरी) पहुंचती है। वापसी ट्रेन मैलानी टू बिछिया टूरिस्ट पैसेंजर ट्रेन (नंबर- 52260) सुबह 6:05 बजे मैलानी से रवाना होकर 10:30 बजे बिछिया पहुंचती है।

# रामभद्राचार्य बोले, 'हमें पीओके चाहिए और बहुत जल्द लेकर रहेंगे'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम की जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने जमकर तारीफ की। दावा किया कि पाकिस्तान की ऐसी पिटाई हुई है कि उबरने में उसे सैकड़ों साल लगेंगे। इसके साथ ही संस्कृत विद्वान ने विश्वास के साथ कहा, "हमें पीओके चाहिए और हमें यह बहुत जल्द मिलेगा। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आएगा। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसकी जमकर धुलाई हुई है और आगे फिर से नापाक हरकत की तो अंजाम घातक होंगे। उन्होंने आगे कहा, " हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान की जमकर पिटाई की है लेकिन, भारत के हाथों पिटाई खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। हम कह रहे हैं कि हमें पीओके चाहिए और हमें यह बहुत जल्द मिलेगा।

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान को जो चोट पहुंचाई है उससे उबरने में पाकिस्तान को एक शताब्दी का समय लगेगा। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मान को रामभद्राचार्य ने लंबे संघर्ष का नतीजा बताया।

### उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का किया आह्वान

# युवाओं में राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए : जगदीप धनखड़

## कहा, उन देशों पर निर्भरता कम करनी चाहिए जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं

**नई दिल्ली (हि.स.)**




उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नई दिल्ली में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बेहतरीन निवेश करने वाला देश है और युवाओं को राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण की भावना विकसित करनी चाहिए।

राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए और हर निर्णय में राष्ट्र हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने आर्थिक राष्ट्रवाद पर जोर देते हुए कहा कि हमें उन देशों पर निर्भरता कम करनी चाहिए जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं। हमें अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने की आवश्यकता है।

धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर की भी सराहना की और भारत के सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन पहलगाम में हुए बर्बर हमले का करारा जवाब था और दुनिया ने इसे देखा और स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक नया मानक स्थापित किया गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद को निशाना बनाया और यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी सीमा पार की गई स्ट्राइक है।

धनखड़ ने शिक्षा और शोध के मामले में व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यह देश शिक्षा के व्यावसायीकरण और वस्तुकरण को बर्दाश्त नहीं कर सकता और हमें समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। उद्योग जगत के नेताओं से आह्वान करते हुए उन्होंने शोध के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को कॉर्पोरेट द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित किया जाना चाहिए और सीएसआर फंड को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### एम्स ऋषिकेश का एयर एम्बुलेंस हेलीकॉप्टर केदारनाथ में दुर्घटनाग्रस्त

**सभी यात्री सुरक्षित**



**देहरादून ।** उत्तराखंड के केदारनाथ में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एम्स ऋषिकेश की हेली एंबुलेंस सेवा से जुड़ा एक हेलीकॉप्टर अपने पिछले हिस्से में आई क्षति के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर में सवार तीनों लोग - पायलट (कैप्टन), एक डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ का एक सदस्य सुरक्षित बच गए। यह घटना एक उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्र में उड़ान के दौरान हुई, जहां कथित तौर पर हेलीकॉप्टर एक चिकित्सा आपातकालीन सेवा में शामिल था। हेलीकॉप्टर के पिछले हिस्से में तकनीकी समस्याओं के कारण आपातकालीन लैंडिंग की गई। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने घटना की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

# लालू यादव के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया इश्तेहार, पैतृक गांव फुलवरिया में होगा चस्पा

**पटना (हि.स.)**



सिवान के एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के खिलाफ एक इश्तेहार जारी किया है। इस इश्तेहार के जरिये कोर्ट ने उन्हें ससमय पेश होने का आदेश दिया है। लालू प्रसाद आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले में पिछले कई सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए थे। इस कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ यह इश्तेहार जारी किया है। दरअसल, कोर्ट में उपस्थिति को लेकर जमानतीय और गैर-जमानतीय वारंट जारी होने के बाद भी यदि आरोपी उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध इश्तेहार जारी किया जाता है। एक पुराने मामले में न्यायालय ने उन्हें स-समय कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। लालू यादव से जुड़ा यह मामला 2011 का है। सिवान जिले में दरौंदा थाना के विधानसभा क्षेत्र में 2011 में उपचुनाव हुआ था, जिसमें राजद उम्मीदवार परमेश्वर राय, लालू यादव के पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे। इसी बीच चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान उनपर अचार संहिता 144-188 धारा लगा था। इसके अंतर्गत आचार संहिता उल्लंघन ध्वनि निस्तारण यंत्र अधिनियम 9 के तहत लाउडस्पीकर एक्ट को लेकर तत्कालीन अंचलाधिकारी (सीओ) के द्वारा, जो कि उस समय उड़नदस्ता प्रभारी थे, उनके द्वारा थाना में केस दर्ज करवाया गया था। एमपी ,एमएलए कोर्ट में यह केस 14 साल चलने के बाद आज एक एसीजीएम एमपी एमएलए कोर्ट के द्वारा लालू यादव के खिलाफ इश्तेहार जारी किया गया है। इश्तेहार में लालू प्रसाद यादव के गांव फुलवरिया का पता है, जहां इश्तेहार को चिपकाया जाएगा।

एडवोकेट मदन सिंह ने बताया कि यह बेलेबल सेक्शन है। आचार संहिता उल्लंघन मामले में इन पर केस दर्ज हुआ था। मदन सिंह ने कहा कि दरौंदा के पांडेपुर गांव में यह जनसभा हुई थी, जिसको लेकर आचार संहिता का उल्लंघन का मामला आया था और तत्कालीन सीओ के द्वारा उन पर केस दर्ज किया गया था।

### टीएमसी सांसद ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से किया इनकार



**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि वह स्वास्थ्य कारणों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सरकार के राजनयिक संपर्क प्रतिनिधिमंडलों में शामिल नहीं हो पाएंगे। सरकार ने घोषणा की है कि वह पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगी। बंद्योपाध्याय ने बताया कि उन्हें संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और विदेश मंत्रालय से फोन आया था और उन्हें अमेरिका जाने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने उन्हें बताया कि स्वास्थ्य कारणों से वह नहीं जा पाएंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे में बदलाव

## अब 29 मई को ही पहुंचेंगे पटना

**पटना (हि.स.)**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री अब दो दिवसीय बिहार दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी आगामी 29 मई को ही पटना पहुंच जाएंगे। 29 को वो पटना में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, जबकि 30 मई को विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। पहले उनका कार्यक्रम एक दिन का तय था, लेकिन अब इसे विस्तारित कर दो दिन का कर दिया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को बताया कि पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर बिहार आने वाले थे, लेकिन अब उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पीएम मोदी अब दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं।

### पटना एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन

प्रधानमंत्री 29 मई की शाम पटना पहुंचेंगे। यहां वे जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। यह भवन लगभग 1,216 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है और राज्य के हवाई यातायात को नई गति देगा। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री रात में पटना में ही विश्राम करेंगे। 30 मई को प्रधानमंत्री रोहतास के बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह रैली चुनावी दृष्टिकोण से बेहद अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री का यह दौरा खास तौर पर आगामी विधानसभा चुनाव और हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पहले केवल बिक्रमगंज में एकदिवसीय कार्यक्रम तय था, लेकिन अब पीएम दो दिन के प्रवास पर बिहार आ रहे हैं।

### 220 मिलियन मुसलमानों की आबादी भारत में

**नई दिल्ली।** लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान को तुर्की के समर्थन की आलोचना की और अंकारा से अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में मुस्लिम आबादी पाकिस्तान से कहीं अधिक है। एआईएमआईएम प्रमुख ने तुर्की को पाकिस्तान का आंख मूंदकर समर्थन करने के खिलाफ चेतावनी दी और उससे आग्रह किया कि वह कोई भी निर्णय लेने से पहले भारत के साथ अपने गहरे ऐतिहासिक संबंधों को पहचाने।

# चप्पल से निकला 3.86 करोड़ रुपए का सोना मुंबई एयरपोर्ट पर विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई (आईएएनएस)**



राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अदीस अबाबा से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे चाड के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। इसके पास से 3.86 करोड़ रुपये मूल्य का 4,015 ग्राम सोना जब्त किया गया, जिसे उसने अपनी चप्पलों की एड़ी में छिपाकर रखा था। विशेष खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई के अधिकारियों ने मुंबई पहुंचने के तुरंत बाद ही चाड के नागरिक को पकड़ा। उसने बेहद चतुराई से चप्पल की एड़ी में सोने के कई 'बार' छुपा रखे थे।

अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चाड के नागरिक ने सीमा शुल्क जांच और कानूनी पहचान से बचने के लिए असामान्य तरीके से सोना छिपाया था। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत सोने को जब्त कर लिया गया और यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि तस्करी किया गया सोना किसके पास ले जाया जा रहा था या किसने इसे मंगाया था, उसका पता लगाने के लिए जांच चल रही है। यह भी जांच का विषय है कि क्या यह घटना किसी व्यापक तस्करी नेटवर्क से जुड़ी है। अप्रैल 2025 के एक पहले के मामले में, डीआरआई मुंबई ने बैंकॉक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे एक यात्री से 6.30 करोड़ रुपये का विदेशी मूल का सोना जब्त किया था। यात्री के सामान के विशेष रूप से डिजाइन किए गए डिब्बों में छिपा हुआ सोना भी सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया, और व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार किया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें।

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा।

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगा। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

### श्रीनगर, गांदरबल और हंदवाड़ा में कई ठिकानों पर एसआईए ने मारा छापा

**श्रीनगर (आईएएनएस)**

राज्य जांच एजेंसी (एसआईए), कश्मीर ने शनिवार को आतंकी साजिश के मामले में कई स्थानों पर छापा मारा है। कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब पिछले दिनों संयुक्त कार्रवाई में पुलिस और सेना ने 6 आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। छापे श्रीनगर, गांदरबल, हंदवाड़ा में मारे गए हैं। पहलगाम अटैक के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक और दोनों ओर से हवाई हमलों के बाद सीज फायर के बाद सेना काफी सजग है। आतंकियों के सहयोगियों और ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) पर पैनी निगाह रखी जा रही है। शनिवार को ही संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने डिटेल दी थी।

# अब हमारा ध्यान अमरनाथ यात्रा पर, व्यवधान नहीं चाहते : अब्दुल्ला

**श्रीनगर (आईएएनएस)**



भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद से हमारी संस्कृति को बहुत नुकसान पहुंचा है। अब हमारा ध्यान अमरनाथ यात्रा को सुगम बनाने पर है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि एलओसी पर स्थिति ठीक है। बॉर्डर और एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन की खबरें नहीं आ रही हैं, जो नुकसान हुआ है उसका मुआयना किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद नुकसान की भरपाई की जाएगी। इस दौरान पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है लेकिन अब हमारा पूरा ध्यान अमरनाथ यात्रा को सुगम बनाने पर है।

### महबूबा सीमा पार के लोगों को खुश करती रहती हैं

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के बीच इस समय जोरदार भिड़ंत हो रही है। महबूबा मुफ्ती पाकिस्तान का पानी रोकने के फैसले के विरोध में हैं साथ ही उन्होंने तुलबुल नौवहन बैराज परियोजना को फिर से शुरु करने के विचार का भी विरोध किया है। उधर उमर अब्दुल्ला ने महबूबा पर बड़ा गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पता नहीं क्यों पीडीपी अध्यक्ष सीमा पार के कुछ लोगों को खुश करने में लगी हैं। पलटवार में महबूबा ने उमर के दादा को घेर लिया है। हम आपको बता दें कि तुलबुल नौवहन बैराज परियोजना का काम फिर से शुरु करने के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के आह्वान को लेकर उनके (उमर) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के बीच तीखा वाकयुद्ध शुरु हो गया है।

### कांग्रेस में होने व कांग्रेस का होने में फर्क... शशि थरूर पर जयराम रमेश का कटाक्ष

**एजेंसी । नई दिल्ली**



सरकार पर अपने दृष्टिकोण में बेईमान होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वह पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद पर भारत की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए विदेशी देशों में सरकार के प्रस्तावित प्रतिनिधिमंडलों के लिए अपने चार नामित सांसदों के नाम नहीं बदलेगी। यह तब हुआ है जब सरकार ने कांग्रेस नेता शशि थरूर को उन सात सांसदों में शामिल किया है जो अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनसे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में वैश्विक नेताओं को जानकारी देने की उम्मीद है। कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी ने सरकार के प्रस्तावित विदेशी प्रतिनिधिमंडल के लिए चार नाम प्रस्तुत किए थे और आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में एक अलग नाम, शशि थरूर की घोषणा देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ। समाचार एजेंसी एएनआई ने जयराम रमेश के हवाले से कहा, "हमसे नाम मांगे गए थे। हमें उम्मीद थी कि हमने जो नाम दिए हैं, उन्हें शामिल किया जाएगा। हमें उम्मीद थी कि पार्टी द्वारा दिए गए नाम शामिल किए जाएंगे। लेकिन जब हमने पीआईबी की प्रेस विज्ञप्ति देखी, तो हम हैरान रह गए।

### पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में कैथल का युवा गिरफ्तार

**एजेंसी । चंडीगढ़**



हरियाणा के कैथल के एक गांव के निवासी को हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तानी सेना और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को कथित तौर पर सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान कैथल के मस्तगढ़ चीका गांव के निवासी देवेंद्र के रूप में हुई है। डीएसपी कैथल वीरभान ने बताया, "कैथल की जिला पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके आधार पर हमारे विशेष डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव मस्तगढ़ चीका निवासी नरवल सिंह के बेटे देवेंद्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने देवेंद्र को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान देवेंद्र ने बताया कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था।

डीएसपी कैथल वीरभान ने बताया कि हिरासत में लेने के बाद उससे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था। वह भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे विवाद की जानकारी आईएसआई को देता था।

### 'आप' के 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा, 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' के नाम से बनाएंगे थर्ड फ्रंट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



देश की राजधानी दिल्ली की सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। आम आदमी पार्टी (आप) को उस वक्त करारा झटका लगा जब पार्टी के 15 निगम पार्षदों ने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दे दिया। हेमचंद, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार, मनीषा, सुमन समेत 15 पार्षदों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने अब एक नया तीसरा मोर्चा (थर्ड फ्रंट) बनाने का ऐलान किया है, जिसका नाम 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' रखा गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इन पार्षदों ने अपने फैसले की जानकारी दी। इस दौरान हेमचंद गोयल को नए फ्रंट का नेता घोषित किया गया। उनके नेतृत्व में यह नया राजनीतिक संगठन आगे की रणनीति बनाएगा और काम करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुकेश गोयल, हिमानी जैन, देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार लाडी, सुमन, अनिल राणा, दिनेश भारद्वाज सहित कई पूर्व निगम पार्षद मौजूद रहे। इन पार्षदों का कहना है कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी की टिकट से चुने गए थे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ आईपीएल की धमाकेदार वापसी

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बेंगलुरु में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फिर से शुरू होगा। शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच मैच से यह शुरुआत होगी। आईपीएल मैचों की मेजबानी करने वाला शहर उत्साह से भरा हुआ है। सुरक्षाकर्मी, खोजी कुत्ते और मेटल डिटेक्टर सुरक्षित माहौल सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रशंसक, मैचों को लेकर उत्साहित होने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं और इसे सुनिश्चित करने के लिए किए गए निर्णयों का समर्थन करते हैं।

कई प्रशंसक विराट कोहली के सम्मान में सफेद जर्सी पहन रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। कोहली के लिए यह मैच खास होगा जो टेस्ट से संन्यास की घोषणा के बाद उनका पहला मैच होगा और इसके साथ ही वह पर्पल कैप की होड़ में आगे निकलने की कोशिश करेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कोहली ने 33 गेंद में 62 रनों की पारी खेली थी और यह उनका इस सीजन सातवां अर्धशतक था। जिससे उनके 505 रन हो गए हैं और वह चौथे नंबर पर हैं। असल में शीर्ष पर बैठे खिलाड़ियों ने पिछले मैचों में एक दूसरे से ऑरेंज कैप हथियाई है क्योंकि सभी के बीच रनों का फासला बहुत कम है। शीर्ष पर बैठे मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव के 510 रन हैं और गुजरात टाइटंस के जॉस बटलर के 500 रन हैं जो पांचवें स्थान पर हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के ही बी साई सुदर्शन (509 रन) और शुभमन गिल (508 रन) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। ऐसे में कोहली को ऑरेंज कैप दोबारा हासिल करने के लिए केवल छह रनों की ज़रूरत है। ऐसा हो सकता है कि पूरा स्टेडियम सफेदी में नहाए तो कोहली एक और अर्धशतक बनाने को देखेंगे। वैसे 11 पारियों में सात अर्धशतक भी किसी रिकॉर्ड से कम नहीं है। प्रशंसक भी उनके टेस्ट संन्यास से भावुक हैं और वे भी इस पल को देखना चाहेंगे।

## बेंगलुरु में फिर बारिश ने पकड़ी रफ्तार

### कोहली को सपोर्ट करने बड़ी संख्या में पहुंचे फैंस

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मुकाबला हो रहा है. इस मुकाबले से आईपीएल 2025 की दोबारा शुरुआत हो गई है, जिसे भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद रोक दिया गया था. लेकिन बारिश के चलते टॉस में देरी हो रही है।

## कोहली पर सबकी निगाहें

इस मुकाबले में सबकी निगाहें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर होंगी, जो टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे. किंग कोहली भी टेस्ट करियर से शॉकिंग रिटायरमेंट के बाद इस मुकाबले में दमदार पारी खेलना चाहेंगे. इसमें कोई शक नहीं है कि केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा. चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार फिट हो चुके हैं, जो आरसीबी के लिए अच्छी खबर है. आरसीबी के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी टीम को जॉइन कर चुके हैं. फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी सेलेक्शन के लिए उपलब्ध हैं. हालांकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी आरसीबी के लिए एक बड़ी समस्या हो सकती है.

उधर कोलकाता नाइट राइडर्स को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराश उसके बल्लेबाजों ने किया है. कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज में निरंतरता नहीं दिखी है. केकेआर को वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से अब दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी. वैसे केकेआर को इंग्लिश ऑलराउंडर मोईन अली की कमी खलेगी, जो वायरल बुखार के कारण बाहर हो गए हैं. वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा केकेआर की बॉलिंग की अहम कड़ी रहने वाले हैं।

### आईपीएल में आरसीबी-केकेआर के बीच एच2एच

इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच अबतक 35 मुकाबले हुए हैं. इस दौरान 20 मैचों में कोलकाता की टीम को जीत मिली. वहीं 15 मैच आरसीबी ने जीते. इस सीजन में दोनों टीमें दूसरी बार भिड़ रही हैं. इससे पहले 22 मार्च 2025 को दोनों टीमों के बीच ईडन गार्डन्स में मुकाबला हुआ था. उस मुकाबले में आरसीबी ने 7 विकेट से जीत हासिल की थी।

### जानें अंकतालिका का हाल

आईपीएल 2025 की अंकतालिका में फिलहाल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे नंबर पर है. आरसीबी के 11 मैचों में 8 जीत से 16 अंक हैं. इस मुकाबले में जीत उसे प्लेऑफ में जगह पक्की कर देगी।



## दिल्ली ग्रैंडमास्टर्स ओपन 7 जून से, रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिल्ली शतरंज संघ द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का 21वां संस्करण 7 से 14 जून तक नई दिल्ली के छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल 1.21 करोड़ की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि होगी। फिडे वर्ल्ड चैंपियनशिप सर्किट पर एक प्रमुख कैलेंडर इवेंट के रूप में इस टूर्नामेंट ने भारत के शतरंज सितारों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें पिछले विजेता अर्जुन एरिगैसी और अरविंद चिदंबरम, आर. प्रज्ञानंद और विश्व चैंपियन गुकेश डोमाराजू शामिल हैं। इन सबने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए अपना अंतिम जीएम मानदंड यहीं अर्जित किया।

## भारतीय जूनियर निशानेबाज साल के पहले वर्ल्ड कप के लिए सुहल रवाना होंगे



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 40 भारतीय निशानेबाजों और सहयोगी स्टाफ का पहला दल शनिवार रात जर्मनी के सुहल में होने वाले इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) के लिए रवाना होगा। यह प्रतियोगिता जूनियर अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धा कैलेंडर की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मानी जाती है। आधिकारिक आगमन की तारीख 19 मई है, जबकि मुकाबले 20 मई से शुरू होकर 26 मई 2025 तक चलेंगे। भारत, जिसने पिछले साल तीन में से दो आईएसएसएफ जूनियर प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल किया था, इस बार 57 निशानेबाजों का सबसे बड़ा दल भेज रहा है।

## वानखेड़े में 'रोहित शर्मा स्टैंड' के अनावरण पर राहुल द्रविड़ ने कहा- यह रोहित के योगदान का इनाम



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का अनावरण किया। इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा की सराहना की। उन्होंने कहा रोहित ने टीम इंडिया के लिए क्रिकेट में जो योगदान दिया, यह उसका पुरस्कार है। रोहित शर्मा की आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट में, जिसमें राहुल ने मजाकिया अंदाज में कहा, "रोहित, लगता है कि आपने उन स्टैंड्स में इतने छक्के लगाए कि उन्हें आपके नाम पर एक स्टैंड का नाम रखना पड़ा। बहुत-बहुत बधाई रोहित।

## पीकेएल की नीलामी से पहले जयदीप, असलम, सुनील सहित प्रमुख खिलाड़ी रिटेन किए गए



**मुंबई (आईएएनएस)।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने शनिवार को सीजन 12 के लिए 'एलीट रिटेन किए गए खिलाड़ी', 'रिटेन किए गए युवा खिलाड़ी' और 'नए युवा खिलाड़ी' की घोषणा की। नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में होगी। जहां अधिकांश फ्रेंचाइजी ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है, वहीं वे आगामी पीकेएल सीजन 12 प्लेयर नीलामी में मजबूत इकाइयों का निर्माण करना भी चाहेंगे। अपनी-अपनी टीमों द्वारा रिटेन किए गए शीर्ष खिलाड़ियों में सुनील कुमार और अमीरमोहम्मद जफरदानेश (यू मुंबा), जयदीप दहिया (हरियाणा स्टीलर्स), सुरेंदर गिल (यूपी योद्धा) और असलम इनामदार और मोहित गोयत की पुणेरी पल्टन जोड़ी शामिल हैं।

## आईपीएल इतिहास में पहली बार लाल की जगह उजले रंग में रंगा दिख सकता है एम चिन्नास्वामी स्टेडियम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आईपीएल 2025 लगभग 10 दिन के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रहा है। शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और केकेआर के बीच सीजन का 58वां मैच खेला जाएगा। आईपीएल के 18 साल के इतिहास में एम चिन्नास्वामी में पहली बार लाल की जगह सफेद जर्सी का बोलबाला नजर आ सकता है। आरसीबी ने अभी तक आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। इसके बावजूद लीग की सर्वाधिक लोकप्रिय टीमों में उसका नाम शुमार है। इसकी वजह हैं विराट कोहली। विराट मौजूदा समय के सर्वाधिक लोकप्रिय खिलाड़ियों में शामिल हैं। उनके चाहने वाले हर जगह हैं और आरसीबी फैंस में तो कोहली को लेकर दीवानगी जगजाहिर है। इस दीवानगी की एक झलक आज के मुकाबले में भी देखने के लिए मिल सकती है। आईपीएल मैचों में अक्सर देखा जाता है कि जिस टीम का होम मैच होता है, स्टेडियम में मौजूद अधिकांश फैंस उसकी ही जर्सी पहने होते हैं। ऐसे ही आरसीबी के मैचों में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम लाल रंग में रंगा नजर आता है क्योंकि होम टीम की जर्सी का रंग भी लाल है। हालांकि 17 मई के मैच के दौरान स्टेडियम में सफेद रंग की जर्सी पहने ढेरों फैंस दिख सकते हैं। दरअसल, विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से 12 मई को संन्यास की घोषणा कर दी थी। यह अचानक घोषणा कोहली के फैंस के लिए बेहद निराशाजनक थी।

विराट के फैंस चाहते थे कि वे अगले कुछ साल तक टेस्ट खेलें और अपना आखिरी टेस्ट खेलते हुए यादगार विदाई लें।

## बीसीसीआई मुख्यालय में अपने नाम पर बोर्ड रूम बनाए जाने पर तेंदुलकर बोले, 'इस गर्मजोशी भरे कदम के लिए आपका धन्यवाद

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा, "सबसे पहले, रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), (देवजीत) सैकिया (सचिव) जी, राजीव जी (उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) और रोहन (गौंस देसाई, संयुक्त सचिव) का बहुत-बहुत धन्यवाद।

बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। "सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ हटाने को तैयार : ट्रंप

- भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर प्रतिक्रिया दी
- भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता चल रही है, अभी अंतिम चरण से काफी दूर है



**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश की है। हालांकि इसके बाद भी उन्होंने कहा कि स्पष्ट सफलता के बावजूद वह व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की जल्दी में नहीं हैं। फॉक्स न्यूज को शुक्रवार को दिए एक इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, भारत ऐसे देश का सबसे अच्छा उदाहरण है, जो अपनी सभी बाधाओं को दूर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। ट्रंप ने कहा कि, "वे व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। क्या आप जानते हैं कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए अपने टैरिफ में 100 प्रतिशत की कटौती करने को तैयार हैं?" इस दावे के बावजूद उन्होंने संकेत दिया, "हर कोई हमारे साथ व्यापार करना चाहता है। भारत के साथ ये समझौता कितना जल्दी होगा, यह देखना होगा। मुझे कोई जल्दी नहीं है। हम हर किसी के साथ व्यापार की योजना नहीं बना रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा, "बातचीत चल रही है लेकिन अंतिम चरण से फिलहाल काफी दूर है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, "भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। किसी भी व्यापार सौदे को पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए। इसे दोनों देशों के लिए काम करना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय समय से पहले होगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब उनकी टीम वैश्विक व्यापार गतिशीलता को बड़े स्तर पर बदलने का विचार कर रही है। शुक्रवार को पहले ट्रंप ने कहा था कि वह "अगले दो से तीन सप्ताह में" व्यापारिक साझेदारों के लिए नई आयात शुल्क दरें निर्धारित करने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ व्यापार के विस्तार की संभावना पर भी विचार करने की बात कही है।

## "भारत-अफगानिस्तान के बीच फिर जमी व्यापार की बर्फ, रिश्तों में नई गर्माहट"

**अटारी (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार पूरी तरह ठप हो गया था, लेकिन शुक्रवार से अटारी-वाघा सीमा के रास्ते व्यापारिक गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं। अटारी-वाघा सीमा के रास्ते व्यापारिक गतिविधियां शुरू होने से उन व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है, जिनके लिए यह मार्ग सूखे मेवों और जड़ी-बूटियों के आयात का प्रमुख जरिया है। दरअसल, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण अटारी-वाघा सीमा को बंद कर दिया गया था। इस दौरान पाकिस्तान की तरफ वाघा सरहद पर लगभग 50 ट्रक फंस गए थे।

## केंद्र सरकार ट्रेड रेमेडी जांच में ई-फाइलिंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि वह ट्रेड रेमेडी जांच में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दस्तावेज जमा करने के लिए एक ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। ट्रेड रेमेडी उस प्रक्रिया को कहा जाता है, जहां सरकार घरेलू उद्योग को बचाने के लिए अनुचित व्यापार प्रथाओं (विदेशी कंपनियों द्वारा डंपिंग) आदि पर एक्शन लेती है। 1995 से भारत की ओर से 1,200 से अधिक ट्रेड रेमेडी जांच की जा चुकी हैं। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज (डीजीटीआर) ने प्रभावित उद्योगों को समय पर राहत सुनिश्चित करने के लिए शीघ्रता से जांच करके, जो आमतौर पर एक वर्ष के भीतर पूरी हो जाती है।

## भारतीय शेयर बाजार का दमदार प्रदर्शन, एक हफ्ते में दिया 4% से ज्यादा का रिटर्न



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता कारोबारी हफ्ता शानदार रहा। इस दौरान बाजार ने निवेशकों को 4 प्रतिशत से भी अधिक का रिटर्न दिया। 12-16 मई के कारोबारी सत्र में निफ्टी में 1,011.80 अंक या 4.21 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 4 अक्टूबर 2024 को समाप्त हुए हफ्ते के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक की यह सबसे बड़ी बढ़त है। इसके अतिरिक्त सेंसेक्स का भी प्रदर्शन बीते हफ्ते शानदार रहा और इसमें 2,876.12 अंक या 3.62 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई। लार्जकैप की अपेक्षा स्मॉलकैप और मिडकैप का भी प्रदर्शन शानदार रहा। समीक्षा अवधि में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स ने 7.21 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 9 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया। बीते हफ्ते निफ्टी में डिफेंस (17.2 प्रतिशत), रियल्टी (10.78 प्रतिशत), मेटल (9.28 प्रतिशत), मीडिया (9.10 प्रतिशत) और पीएसई (7.28 प्रतिशत) सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंडेक्स थे। इस दौरान लगभग सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। 16 मई को समाप्त हुए हफ्ते में सेंसेक्स में टाटा स्टील (10.3 प्रतिशत), टेक महिंद्रा (8.3 प्रतिशत), इटरनल ((जोमैटो) 8.2 प्रतिशत), अदाणी पोर्ट्स (7.7 प्रतिशत), बजाज फिनसर्व (6.1 प्रतिशत) और मारुति सुजुकी (6.1 प्रतिशत) के साथ टॉप गेनर्स थे। इंडसइंड बैंक (4.6 प्रतिशत), भारती एयरटेल (1.9 प्रतिशत) और सन फार्मा (0.6 प्रतिशत) की गिरावट के साथ सेंसेक्स में टॉप लूजर्स थे।

## ब्रिक्स के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भारत अपने पावर सेक्टर की उपलब्धियों को दिखाएगा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत ब्रिक्स के ऊर्जा मंत्रियों की आने वाली बैठक में अपने पावर और एनर्जी सेक्टर की उपलब्धियों को दिखाएगा। यह बैठक 19 मई को ब्राजील में होगी। ऊर्जा मंत्रालय ने शनिवार को यह बयान दिया। केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल इस उच्च स्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बैठक की थीम 'इमपावरिंग ग्लोबल साउथ कॉरपोरेशन फॉर इनक्लूसिव एवं सस्टेनेबल ग्लोबल गवर्नेंस' है। मंत्रालय ने बताया, "यह मंच ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ब्रिक्स देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के ऊर्जा मंत्रियों को एक साथ लाएगा। भारत पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए इस मंच का उपयोग करने की योजना बना रहा है। इन उपलब्धियों में बिजली उत्पादन क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और बायोफ्यूल में प्रगति के साथ-साथ सस्टेनेबल एनर्जी प्रैक्टिस में इनोवेशन शामिल हैं। यह अंतरराष्ट्रीय बैठक ऐसे समय पर हो रही है, जब भारत ने न्यूक्लियर एनर्जी को लेकर महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

## भारत में क्लीन एनर्जी स्टार्टअप्स को बूस्ट करने के लिए डीपीआईआईटी व जीईएपीपी ने की साझेदारी

**मुंबई (आईएएनएस)**




उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पुपल एंड प्लेनेट (जीईएपीपी) ने देश में क्लीन एनर्जी स्टार्टअप्स के लिए अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से साझेदारी की है। यह जानकारी डीपीआईआईटी के ज्वाइंट सेक्रेटरी संजीव की ओर से दी गई।

यह साझेदारी भारत के लंबे अवधि के नेट-जीरो के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए स्टार्टअप्स की टेक्नोलॉजी को बढ़ाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, "भारत की क्लाइमेट लीडरशिप एक मजबूत उद्यमशीलता आधार पर निर्भर करती है। यह साझेदारी क्लीन एनर्जी स्टार्टअप के लिए उन तकनीकों को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण अवसर खोलेगी जो देश के लंबे अवधि के नेट-जीरो के लक्ष्य को सपोर्ट करती हैं। इस दो-वर्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत दोनों पक्षों का लक्ष्य क्लीन एनर्जी और मैन्युफैक्चरिंग में इनोवेशन, स्थिरता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।

# धूल भरी आंधी और बारिश से गिरा पारा

## किसानों ने मृगशिरा नक्षत्र में तापमान में गिरावट पर जताई चिंता

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** मौसम पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार की दोपहर बाद अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ। इससे पहले तक मंगलवार से सप्ताहांत तक तापमान के 40 के पार रहने से मृगशिरा नक्षत्र के तपने से अच्छी बरसात की संभावना जताई गई थी। मगर शनिवार को दोपहर बाद धूल भरी आंधी के साथ बारिश और आसमान में बादल से तापमान में गिरावट दर्ज किया। जबकि इससे पहले तक तापमान 44 डिग्री पहुंच हुआ था। हीट वेव चलती रही थी। जिसकी गति 15 किमी प्रति घंटे पता चलता रहा। ऐसे में जनजीवन और पशुपालन परेशानी व सावधानी का सबब बना रहा। सुबह से ही असह्य तीखी धूप दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाने का कारण बना। मगर, इसके बाद दोपहर में ही गोधूलि बेला का नजारा पेश हो गया। वैसे, इसके बावजूद 44 से गिरकर तापमान 42 पर ही देर शाम तक बना रहा। इस बीच धूल भरी आंधी के साथ रिमझिम बारिश ने उमस बढ़ा दिया। फिर भी बाजार में पसरे सन्नाटा से धंधों के प्रभावित होने की स्थिति में बदलाव आ गया। बाजार में चहल-पहल पूर्व की अपेक्षाकृत बढा हुआ नजर आया। किसानों ने बताया कि चालू मौसम में तीखी धूप और हीट वेव मक्का, मूंगफली और मूंग जैसी गर्मा फसलों के लिए फायदेमंद साबित होता है। हालांकि सब्जियों की खेती को बचाने के लिए मेहनत काम काफी बढ गया है। वहीं, मौसम परिवर्तन से मौसमी बीमारियां बढ गई है। स्मॉल पॉक्स की भी शिकायत मिल रही है। किसानों का कहना है कि चालू नक्षत्र के तपने से अच्छी बरसात का संकेत मिलता है।



### आंधी से टूटा 33000 वोल्ट का तार, बिजली आपूर्ति बाधित

तेज आंधी से शनिवार को थाना क्षेत्र के झरीवा गांव के समीप 33000 वोल्ट लाइन के 4 पोल का तार टूट कर गिर गया। हालांकि इससे किसी नुकसान की खबर नहीं है। मगर, इससे बड़े क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति दोपहर से ही बाधित हो गई। इसकी सूचना मिलते ही लाइन की व्यवस्था को ठीक करने की जिम्मेवारी ने विभाग ने बिजली तार के ठेकेदार को दे दी। इसके बाद रात में ही बिजली आपूर्ति बहाल होने की संभावना जताई गई।

## खरौंधी में अचानक बारिश और आंधी से बाजार में अफरातफरी, जनजीवन प्रभावित



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया। खासकर साप्ताहिक बाजार में उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई।बाजार में खरीदारी कर रहे लोगों और दुकानदारों को इस अप्रत्याशित मौसम से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दुकानों के तंबू और छप्पर उड़ गए, जिससे दुकानदारों का सामान भीग गया और नुकसान हुआ। खरीदार भीगते हुए इधर-उधर सुरक्षित स्थान की तलाश में भागते नजर आए। कई जगहों पर बिजली की आपूर्ति भी बाधित हुई, जिससे लोगों को अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि मौसम विभाग की तरफ से कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी, जिससे कोई तैयारी नहीं हो सकी। आंधी और बारिश के कारण सड़कें फिसलन भरी हो गईं और कुछ जगहों पर जलजमाव भी हो गया, जिससे साप्ताहिक बाजार प्रभावित हुआ।

## चाचा की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पलामू।** जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में चाचा जगन्नाथ साव (55) की पिटाई कर हत्या करने वाले भतीजे दीपक कुमार (26) को गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। 14 मई की सुबह कहासुनी के बाद दीपक ने अपने चाचा जगन्नाथ को घूसा मार दिया था। चेहरे पर जोरदार चोट लगने के कारण जगन्नाथ अचेत हो गये थे और इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी थी। चाचा की मौत हो जाने के बाद से दीपक लगातार फरार चल रहा था। इसी क्रम में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने गुप्त सूचना पर दीपक को गिरफ्तार किया और शनिवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में 16 मई को 103 (1)/3 (5) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार 14 मई की सुबह जगन्नाथ साव शराब पीकर हंगामा कर रहा था। दीपक ठेला पर सामान निकाल कर बेचने जा रहा था। नशे में जगन्नाथ साव दीपक से ठेला हटाने को लेकर बकझक कर रहा था। बात बढ जाने पर दीपक ने गुस्से में आकर जगन्नाथ साव के चेहरे पर घूसा मार दिया था।

## वारदात से पहले धराए तीन अपराधी, लोडेड पिस्टल बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने से पहले तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से लोडेड पिस्टल और एक गोली बरामद की गयी है। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उनकी पहचान पाटन के सतौआ के अंकेश भुइयां (25), कुलदीप कुमार (20) और लेस्लीगंज के अखौरीपतरा के जितेन्द्र भुइयां (22) के रूप में हुई है। लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने शनिवार को जानकारी दी कि शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली कि ढेला चौक के आगे ग्रामीण बैंक के पास कुछ अपराधी घटना को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहे हैं। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो तीन युवक पुलिस गाड़ी को देखकर भागने लगे। जवानों ने खदेड़ कर उन्हें पकड़ा। उनकी पहचान की और तलाशी ली तो जितेन्द्र भुइयां की कमर से एक देशी लोडेड कट्टा और मोबाइल फोन मिला। मोबाइल फोन में अवैध हथियार के साथ जितेन्द्र की कई तस्वीरें मिली है। कुलदीप के पैकेट से पर्स मिला, जिसमें एक जिंदा कारतूस था। एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी। एसडीपीओ ने बताया कि तीनों का पूर्व से कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। तीनों बैंक के आसपास जमा होकर लूटपाट के इरादे से रेकी कर रहे थे। पुलिस ने समय रहते तीनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी टीम में लेस्लीगंज के थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, सअनि अजय कुमार, जवान बबन यादव, धीरेन्द्र कुमार और गृहरक्षक चालक रेहान अहमद शामिल थे।

### प्रतुल शाहदेव पहुंचे जालिम गांव, कहा

# दुखन प्रसाद की हत्या की निष्पक्ष जांच हो



- गिरफ्तार निर्दोषों को अविलंब रिहा किया जाए

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव लातेहार के सुदूर क्षेत्र में स्थित जालिम गांव पहुंचे। प्रतुल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया।ग्रामीणों ने शाहदेव को बताया कि जालिम गांव में पुलिस ने दुखन प्रसाद सहित अनेक पुरुष और महिलाओं की बर्बरता से पिटाई की थी। ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार के कारण बुजुर्ग दुखन राम की मौत हो गई।परिजनों ने अपने चोट के निशान भी दिखाए। प्रतुल ने इस घटना को अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया और मांग की कि दुखन राम की हत्या की निष्पक्ष जांच हो। प्रतुल ने कहा कि सादे कपड़े में रात 11 बजे आए पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि इस घटना को अंजाम देनेवाले पुलिस पदाधिकारी और सिपाहियों पर इस को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से हटाते हुए निलंबित किया जाए।प्रतुल ने कहा कि पुलिस का रात के 11:00 गांव में सादे कपड़ों में घुसना भी पुलिस मैनुअल का भी उल्लंघन है।

**सड़क जाम में पत्रकारों सहित अनेक निर्दोषों पर दर्ज मुकदमा वापस हो :** प्रतुल ने कहा इसके बाद जब आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया है। इस लाठी चार्ज के भी जांच की आवश्यकता है कि क्या इतना कठोर कार्रवाई की आवश्यकता थी या फिर ग्रामीणों को समझा पूछ कर जाम समाप्त किया जा सकता था। प्रतुल ने कहा की सड़क जाम के मामले में पुलिस में मुकदमा दर्ज करते हुए अनेक निर्दोषों को और दो पत्रकारों को भी अभियुक्त बनाया। प्रतुल ने इस मुकदमे को वापस लेने की मांग की। कहा कि वह इस मुद्दे को लातेहार जिला के पुलिस अधीक्षक एवं उच्च अधिकारियों के सामने भी उठाएंगे।

### कार्रवाई : दुलदुलवा में महुआ का गोदाम सील

# 100 क्विंटल से अधिक महुआ गुड़ व अन्य सामग्री थी गोदाम में

- गांव की अवैध शराब भट्ठियों को बेची जाती थी यह सामग्री
- स्थानीय लोग भी रहे एसडीएम के साथ, दिया कार्रवाई में साथ

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार अवैध शराब निर्माण के अनैतिक कारोबार की जड़ों पर लगातार प्रहार कर रहे हैं, न केवल शराब निर्माण के काम में लगे शराब व्यवसायियों की काउंसलिंग जारी है बल्कि अवैध शराब निर्माण की रोकथाम की दिशा में भी लगातार दंडात्मक कार्रवाई भी जारी है। इसका असर दुलदुलवा गांव की फिजाओं में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। संजय कुमार पिछले दो हफ्ते से लगातार इस गांव जा रहे हैं। शनिवार को उन्होंने गांव जाकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ गांव के कई इलाकों का भ्रमण किया, लोगों से अब तक हुए सुधार के बारे में फीडबैक लिया। लोगों की राय मानते हुए उन्होंने अवैध शराब बनाने के लिए कच्चा सामान जैसे महुआ गुड आदि बेचने वाले गोदामों पर कार्रवाई करने की योजना बनाई। फल स्वरुप कुछ ही देर में उन्होंने तीन अलग-अलग ऐसे कारोबारियों के गोदामों/ दुकानों पर छापेमारी की। इनमें से एक विजय गुप्ता के गोदाम में महुआ, गुड़ आदि मिलाकर लगभग 100 कुंटल यानी 10 टन के आसपास सामान रखा हुआ था। विदित हो कि देशी शराब बनाने में महुआ एवं गुड़ का उपयोग किया जाता है।एसडीएम में जब विजय गुप्ता से इस महुआ और गुड़ आदि के बड़े भंडार के स्रोत और उद्देश्य के बारे में पूछा तो वे कुछ बता नहीं पाए, हालांकि जब इस गोदाम का बिक्री रजिस्टर मांगा गया तो रजिस्टर में उन्हीं लोगों का नाम दर्ज पाया गया जो हमेशा से गांव में अवैध शराब निर्माण के लिए जाने जाते हैं और जिन पर इस संबंध में कई मामले दर्ज हैं। इससे प्रथम दृष्टया साबित हो गया कि उक्त सामग्री अवैध शराब निर्माण के काम आनी है क्योंकि यह सामग्री उन्हीं व्यापारियों व व्यवसाईयों के बीच बेची जाती है। इस पर संजय कुमार ने दो साल के विक्री रजिस्टर जब्त करते हुये एहतियातन इस गोदाम की वीडियोग्राफी कराते हुए मौके पर ही सील कर दिया तथा गोदाम की चाबी का जिम्मेनामा विजय गुप्ता एवं एक स्थानीय ग्रामीण को संयुक्त रूप से लिखित में इस शर्त के साथ दे दिया गया कि वे न तो इस गोदाम के ताले को बिना अनुमति खोलेंगे और न ही कोई सामग्री बिक्री करेंगे।

गोदाम मालिक विजय गुप्ता ने स्वीकार किया कि वे अपनी उक्त कच्ची सामग्री गांव के ही शराब माफिया के बीच में बिक्री करते थे किंतु जब से एसडीएम ने यहां पर अभियान चलाया है उन्होंने बेचना बंद कर दिया है, वे इस बचे सामान को जल्द हटाने वाले थे किंतु वे हटा नहीं पाए हैं, इसी बीच उनके गोदाम की आज जांच हो गई। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में अब ऐसा कार्य नहीं करेंगे । इसके अलावा अन्य व्यवसायी रविंद्र चंद्रवंशी के गोदाम में बड़ी मात्रा में सिर्फ गुड़ का भंडार पाया गया, इसमें महुआ का भंडार नहीं पाया गया। इस कारोबारी को भी प्रतिबंधित किया गया कि वह शराब बनाने वाले कारोबारी को यह सामग्री नहीं बेचेंगे।



### गांव वाले दे रहे थे साथ


शनिवार को गांव का नजारा बदला हुआ था क्योंकि अब एसडीएम अकेले नहीं चल रहे थे उनकी कार्रवाई में गांव की पूरी भीड़ उनके साथ देते हुवे चल रही थी, सभी का एक मत से यही कहना था कि अब इस गांव के लोग शराब से दूरी बनाने के स्वयं पक्षधर हो गये हैं इसलिए वे सभी अवैध शराब के विरुद्ध एसडीएम द्वारा चलाई गई मुहिम का साथ देंगे।

### भट्ठियों के लिए भी सर्च अभियान चलाया

एसडीएम ने शनिवार की विजिट के दौरान गांव की बस्ती एवं जंगल क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठियों को लेकर सर्च अभियान चलाया किंतु अच्छी बात यह रही कि उन्हें 2 घंटे के सर्च अभियान में कहीं कोई शराब भट्ठी नजर नहीं आई। उन्होंने दुलदुलवा में ऐसी स्थिति लाने के लिए समस्त ग्राम वासियों को साधुवाद दिया।

## टीएसपीसी उग्रवादियों ने चिपकाया पोस्टर, पुलिस ने किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता




**पलामू।** लगातार कमजोर हो रहे प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास कर रहे हैं। पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद जिले के पांडू प्रखंड कार्यालय की दीवार पर पोस्टर चिपका दिया। शनिवार सुबह पोस्टर चिपका हुआ देखा गया। सूचना मिलने पर पांडू पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टर को जब्त कर लिया। छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टर झारखंड बिहार-स्पेशल कमिटी टीएसपीसी की ओर से लगाया गया है। शनिवार सुबह पांडू प्रखंड से अंचल कार्यालय की मुख्य दीवार पर टीएसपीसी उग्रवादियों का पोस्टर चिपका हुआ देखा गया स्थानीय लोगों ने जब देखा कि इसकी सूचना पुलिस को दी। आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टर को हटवा दिया। यहां बता दे की पांडू प्रखंड से अंचल कार्यालय मुख्य बाजार से एकदम सटा हुआ है । उग्रवादियों की उपस्थिति पोस्टर के माध्यम से होने से लोगों में दहशत है। पोस्टर के माध्यम से उग्रवादियों ने बीड़ी पत्ता ठेकेदार और मुंशी दलाल को होशियार किया है। इन दिनों बड़े पैमाने पर बीड़ी पत्ता की तुडवाई हो रही है। बीड़ी पत्ता ठीकेदार से उग्रवादी बढ़िया लेवी वसूलते हैं।

## मंदिर में होनी थी शादी, प्रेमी संग दुल्हन हुई फरार

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद क्षेत्र में युवक युवतियों के बीच प्रेम और प्रेमी संग फरार होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। शनिवार को ऐसा ही एक मामला सामने आया है। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के एक मुहल्ले में एक लड़की की शादी शनिवार को मंदिर में होने वाली थी। मगर बारात आने से पहले ही दुल्हन किसी मोहल्ले के युवक के साथ फरार हो गई। अब आगे क्या होगा यह तो समय बताएगा। मगर उस परिवार पर आज जो पहाड़ टूटा है, उसकी भरपाई शायद कभी नहीं हो पाएगी। आस पड़ोस में जो बदनामी हुई, वह अलग। इस तरह की घटनाएं धीरे धीरे बढ़ती जा रही है। माता- पिता बच्चों को लेकर हमेशा संशय में रहते हैं। वहीं क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। साथ ही इस घटना की मौखिक सूचना थाना को भी दी गई हैं।

# 400 सौ लीटर डीजल सहित चार चोर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** थाना पुलिस ने चार अपराधकर्मीयों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। साथ ही उनके निशानदेही पर 400 लीटर डीजल सहित क्रेशर का पार्ट्स एवं चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को बरामद की है.जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बातया की थाना कांड संख्या-27/25, दिनांक- 15.05.2025, धारा-334(2)/305(a)बीएनएस, दिनांक 15 मई को बारियातु थाना अंतर्गत ग्राम बानालात में एक क्रैशर के गेट का ताला तोड़कर क्रैशर का पार्ट्स एवं 400 लीटर डीजल तथा रुपये चोरी कर लेने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ था। त्वरित काण्ड दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया, अनुसंधान के क्रम में काण्ड में संलिप्त 04 अपराधकर्मी को पकड़ा गया जिनसे पुछताछ के उपरांत उक्त चारों चोरों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए चोरी किये गये क्रैशर का पार्ट्स व 80 लीटर डीजल एवं चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को बरामद किया गया। चोरों का सरगना गिरफ्तार राहुल राम एक शातिर अपराधकर्मी है इसके द्वारा पूर्व में मगध कोलयरी में लेवी मांगने एवं टण्डवा थाना क्षेत्र में लूटपाट करने के आरोप में जेल जा चुका है साथ ही टण्डवा थाना में इसके विरुद्ध चोरी के भी काण्ड दर्ज हैं। राहुल राम के द्वारा बड़कागांव थाना क्षेत्र से चोरी किये गये एक बड़ा जेनरेटर (डी०जी० सेट) का इंजन व पार्ट भी बरामद किया गया है साथ मे महिन्द्रा कंपनी का पिकअप गाड़ी रजि० सं०-जेएच02बीपी 2190 महिन्द्रा कंपनी का पिकअप गाड़ी (बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का) टाटा कंपनी के जेनरेटर का इंजन व अन्य पार्टस एवं क्रैशर का दांता - 05 (पाँच) पीस तथा 40-40 लीटर का डीजल से भरा दो गिलन डीजल बरामद किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों मे राहुल राम, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता महादेव राम, राजकुमार भुईयाँ, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता स्व० नकुल भुईयाँ,दोनों ग्राम कोईद, थाना- टण्डवा, जिला- चतरा निवासी, आशिष कुमार साहु, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता विशेश्वर साव, ग्राम बरकुटे, थाना टण्डवा, जिला चतरा, कुन्दन कुमार सिंह, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता कपिल कुमार सिंह, ग्राम मनातु, थाना बारियातु, जिला लातेहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## शादी का कार्ड बांटने निकले दो युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल

**चिनिया।** चिनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रनपुरा गांव में शनिवार शाम करीब 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब छत्तीसगढ़ के लोधा खोरी गांव से आए दो युवक सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल से शादी का निमंत्रण पत्र बांटने के लिए चिनिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों की ओर जा रहे थे। दोनों युवक दिनभर निमंत्रण पत्र बांटने के बाद जब वापस लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना घटी। लौटते समय रनपुरा गांव में लोकनाथ यादव के घर के पास एक तीव्र मोड़ पर उनकी बाइक तेज रफ्तार के कारण असंतुलित हो गई और फिसलकर सड़क किनारे गिर पड़ी। बाइक पर सवार दोनों युवक जोरदार झटका लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे वह मोड़ पर नियंत्रण नहीं रख पाए और हादसा हो गया।

### स्कूल में संवादात्मक सत्र आयोजित

# छात्रों व अभिभावकों ने साझा किए विचार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** न्यू टाउनशिप शाहपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं कैरियर मार्गदर्शन को लेकर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की शैक्षिक निदेशिका डॉ. सिम्मी मेहता द्वारा प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुई। कक्षा 10वीं और 11वीं के छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. सिम्मी मेहता ने कहा कि किसी भी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र की रुचि आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज का त्याग ही कल की बड़ी सफलता की आधारशिला रखता है। विद्यार्थियों को न केवल नियमित अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि कुसंगति से बचते हुए सत्संगति का लाभ उठाना चाहिए। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचना वर्तमान समय की एक बड़ी चुनौती है, जिससे छात्रों को सजग रहना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययन की चिंता विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन अभिभावकों को बच्चों की संगति, दिनचर्या और गतिविधियों पर सतत निगरानी रखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि छात्रों के मार्गदर्शन के लिए विद्यालय में नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था है, जो विशेष रूप से बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए संजीवनी सिद्ध हो रही है। रसायन शास्त्र के देवाशीष भट्टाचार्य और अमन सिंह, जीवविज्ञान के रवि शेखर, भौतिकी और गणित के विश्वजीत चटर्जी तथा अर्थशास्त्र की खुशबू ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के महत्व और करियर निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुनियोजित तैयारी और निरंतर अभ्यास से सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

## पेज एक के शेष

### कार्रवाई : झारखंड से...

चिह्नित प्रवासियों के मूवमेंट पर रोक लगाना राज्य सरकार के अधीन होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लिखे गए पत्र में यह भी बताया गया है कि अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को डिपोर्ट करने के लिए एक होल्डिंग सेंटर का निर्माण करें। होल्डिंग सेंटर में ही चिह्नित किए गए बांग्लादेशी और रोहिंग्या को लाकर रखना है। होल्डिंग सेंटर में जांच पड़ताल पूरी करने के बाद उन्हें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को सौंपा जाएगा। इसके बाद संबंधित देश को उनके नागरिकों को सौंपा जाएगा। इस दिशा में कार्रवाई के लिए केंद्र की ओर से पत्र मुख्य सचिव के स्तर से पुलिस मुख्यालय और सभी जिलों को भी भेजा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह आदेश दिया है कि यदि संदिग्ध बांग्लादेशी या म्यांमार का नागरिक (रोहिंग्या) खुद को भारतीय नागरिक होने का दावा करता है और वह किसी अन्य राज्य में रह रहा हो, तो संबंधित राज्य सरकार गृह सचिव और जिला कलेक्टर या जिला मजिस्ट्रेट को, जहां से संदिग्ध व्यक्ति आने का दावा करता है, उसका नाम, माता-पिता का नाम, आवासीय पता, निकटतम रिश्तेदारों का विवरण प्राप्त करना है। उसके बाद 30 दिनों के भीतर भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट निर्वाचित राज्य सरकार या फिर संघ क्षेत्र को भेजा जाएगा। भारतीय नागरिक होने के दावे का सत्यापन एक महीने के भीतर हर हाल में कर लेना है। अवैध बांग्लादेशी की पहचान होने के बाद राज्य सरकार तत्काल संबंधित व्यक्ति की बायोमेट्रिक और डेमोग्राफी की जानकारी लेगी। इसके बाद उसे विदेशी आइडेंटिफिकेशन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। जिला पुलिस के जरिए अवैध प्रवासियों की जांच के बाद बीएसएफ या कोस्ट गार्ड भी उसे होल्डिंग सेंटर से अपने हिरासत में लेकर डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने गरीब...

जो प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी नहीं हैं। सरकार ने इस योजना द्वारा 20 लाख परिवारों को पक्के मकान देने का लक्ष्य रखा है। हेमंत सोरेन सरकार चाहती है कि राज्य में कोई भी व्यक्ति बेघर न रहे।

### पलामू के होटवार...

मनातू क्षेत्र में जब पुलिस टीम होटवार जंगल के करीब पहुंची, तभी घात लगाए उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। इस सर्च ऑपरेशन में पलामू पुलिस के अलावा एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह, हुसैनाबाद एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब, डीएसपी राजेश कुमार, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव और नावाबाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव समेत कई अधिकारी शामिल थे। पुलिस अब भी पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान चला रही है। अधिकारियों का मानना है कि दस्ते के कुछ सदस्य घायल होकर जंगल में भाग निकले हैं। क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त जवानों को भी अलर्ट पर रखा गया है।

### आदिवासी संगठनों का...

स्थिति स्पष्ट नहीं है। सीएनटी एक्ट का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है और धार्मिक स्थलों पर कब्जा किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशाही मुंडा ने रैंप निर्माण को आदिवासी अस्मिता पर सीधा हमला बताया और कहा कि इस मामले में अब आर-पार की लड़ाई होगी। जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने कहा कि वे पिछले चार महीने से आंदोलनरत हैं। लेकिन, राज्य सरकार पुलिस बल के सहारे जबरन निर्माण कार्य पूरा करवा रही है। आंदोलनकारियों ने बताया कि 27 मई को राजभवन के समक्ष धरना दिया जाएगा और चार जून को झारखंड बंद बुलाया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता कुंदरसी मुंडा ने कहा कि नया आदिवासी मोर्चा बनाकर जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए बड़ा आंदोलन शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिरम टोली की लड़ाई किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होगी। मौके पर सूरज टोप्पो, शनि हेमरोम, सुशीला कच्छप, संगीता कच्छप, निरंजना हेरेंज, आकाश तिर्की, राहुल तिर्की, विजय कच्छप समेत कई लोग उपस्थित थे।

### लोस अध्यक्ष ओम...

डांगरा टोली में लोकसभा अध्यक्ष का भव्य नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इस नागरिक अभिनंदन में रांची शहर के कई संस्थाएं और रांची शहर के विभिन्न गण्यमान्य लोग और सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। 25 मई की रात्रि विश्राम के बाद 26 मई को लोकसभा अध्यक्ष पुनः दिल्ली के लिए रवाना होंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला का पहली बार झारखंड दौरा हो रहा है। इसे लेकर रांची में सामाजिक संगठनों की ओर से उनके भव्य नागरिक अभिनंदन की तैयारी की जा रही है।

### जेएससीए का चुनाव...

ताकि खेल और खिलाड़ियों का विकास हो। वहीं, एसके बेहरा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता राज्य में क्रिकेट को बुलंदियों तक पहुंचाना है। इसके अलावा, संघ में भाई-भतीजावाद खत्म करना होगा। जेएससीए चुनाव के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जेएससीए चुनाव को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' हर...

तरह की बढ़ती हुई चुनौती को रोका जा सके। पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हमारे एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली ने पूरी तरह से विफल कर दिया, जो हमारी सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। मैंने करगिल युद्ध, श्रीलंका संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और कई आतंकवाद विरोधी अभियानों में अपनी सेवा के दौरान भारतीय सेना की वीरता को नजदीक से देखा है। अपने 34 वर्षों के सैन्य जीवन के अनुभव के आधार पर मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सेना की साहस, समन्वय और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज भी यदि देश पुकारे, तो मैं एक बार फिर वर्दी पहनने के लिए तैयार हूं। एक सैनिक के लिए देशभक्ति की भावना कभी समाप्त नहीं होती। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है और मैं उन सभी वीर जवानों को सलाम करता हूं, जो दिन-रात देश की रक्षा में डटे हुए हैं। जय हिंद।

# पिता का सपना था वकालत, मेरा सपना था आर्किटेक्चर

## अभिनंदन समारोह में बोले सीजेआई बीआर गवई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई के सम्मान में बार काउंसिल ऑफ इंडिया



की ओर से शनिवार को अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

इस सम्मान समारोह में बीआर गवई ने अपने 40 साल के वकालत के करियर के बारे में कहा कि मैं वे वकील नहीं बनना चाहते थे। उनका सपना आर्किटेक्ट बनने का था। अभिनंदन समारोह में उन्होंने 'बार काउंसिल' का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह समारोह भारत में विविधता की सच्ची तस्वीर है। हमारा संविधान हमारे देश की विविधता के लिए बहुत उपयुक्त है। हमारे देश में क्षेत्रीय, भौगोलिक, आर्थिक विविधता है। जब मैं अपनी 40 साल की यात्रा पर विचार करता हूं, तो पाता हूं कि मैं अपनी इच्छा से वकील नहीं बना। मैं पहले आर्किटेक्ट बनना चाहता था।


### न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश गवई ने हाल ही में कहा कि सीजेआई की भूमिका संस्था के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण की मांग करती है। सीजेआई के कर्तव्य केवल सर्वोच्च न्यायालय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे देश में संपूर्ण न्यायिक प्रणाली तक फैले हुए हैं। पूरे कानूनी समुदाय की ओर से, मैं उन्हें दूरदर्शी लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पूर्ण सहयोग और प्रतिबद्धता का आश्वासन देता हूं। मैं राष्ट्र और हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए न्यायमूर्ति गवई की सेवा के लिए उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। बता दें कि 14 मई को जस्टिस बीआर गवई ने भारत के 52वें सीजीआई के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई। सीजीआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो गया था। उनका कार्यकाल सिर्फ सात महीने का है।

# स्वीमिंग पूल में गोते लगा रहे थे शहबाज, तभी आकर गिरी भारत की मिसाइल, पाक पीएम ने खुद किया स्वीकार

**लाहौर । एजेंसी**

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खुलेआम स्वीकार किया कि जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत उनके देश पर सटीक हमले किए, तब वह स्वीमिंग कर रहे थे। पाकिस्तान स्मारक पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत की बैलिस्टिक मिसाइलों ने 10 मई को नूर खान एयरबेस और अन्य जगहों पर हमला किया था। यह एक दुर्लभ इशारा है जो भारतीय सैन्य कार्रवाई की बात आने पर पाकिस्तान के सामान्य इनकार के विपरीत है। शहबाज



शरीफ ने कहा कि 10 मई को सुबह करीब 2:30 बजे जनरल सैयद असीम मुनीर ने मुझे सिक्योर लाइन पर कॉल करके बताया कि भारत की बैलिस्टिक मिसाइलों ने नूर खान एयरबेस और दूसरे इलाकों पर हमला किया है। हमारी वायुसेना ने अपने देश को बचाने के लिए स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल किया और उन्होंने चीनी जेट पर आधुनिक गैजेट और तकनीक का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि फज्र (नमाज) के बाद मैं तैराकी करने चला गया, अपने साथ अपना सुरक्षित फोन भी ले गया। फोन दूसरी बार बजा - लाइन पर जनरल असीम मुनीर थे। उन्होंने मुझे बताया कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है," उन्होंने दर्शकों को यह बताना भूल गए कि भारत ने पाकिस्तान द्वारा दागी गई सभी मिसाइलों और ड्रोन को नष्ट कर दिया है।

# दुनिया में भारत का पक्ष रखेंगे सर्वदलीय सात प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली (हि.स.)**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ नीतियों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए सर्वदलीय सात प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया है। ये प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख सहयोगी देशों का दौरा करेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में की जा रही है, जो भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ निरंतर लड़ाई का प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय संकल्प और आतंकवाद के सभी रूपों और स्वरूपों के खिलाफ उसके दृढ़ दृष्टिकोण को पेश करना है। ये प्रतिनिधिमंडल दुनिया को भारत के आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का मजबूत संदेश देंगे। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और विशिष्ट राजनयिक शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले सांसदों में शामिल हैं- शशि थरूर (कांग्रेस), रवि शंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), बैजयंत पांडा (भाजपा), कनिमोझी (द्रमुक), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी) और श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना)। सरकार के इस फैसले की सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब महत्वपूर्ण क्षण आते हैं तो भारत एकजुट खड़ा होता है। उन्होंने इसे राजनीति से ऊपर राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बताया।कांग्रेस नेता एवं विदेश मामलों से जुड़ी संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा कि वह इस निमंत्रण के लिए सम्मानित महसूस करते हैं और राष्ट्रीय हित के मामले में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं।




### आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट

वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर जानकारी दी कि कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के तौर पर चार सांसदों के नामों की पेशकश की है, जिनमें आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह किसी पार्टी के बारे में नहीं है।

### एनआईए ने मुंबई एयरपोर्ट से आईएसआईएस के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया


**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के फरार दो इनामी गुर्गों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान अब्दुल फैयाज शेख और तल्हा लियाकत खान के रुप में की गई है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के प्रमुख सदस्यों के रूप में काम कर रहे थे। एनआईए की टीम दोनों से गहन पूछताछ कर रही है। एनआईए सूत्रों के अनुसार आईएसआईएस के दोनों आरोपित महाराष्ट्र के पुणे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के निर्माण और परीक्षण से जुड़े 2023 के एक मामले से जुड़े हैं।इन दोनों को फरार अपराधी घोषित किया गया था और केंद्रीय एजेंसी ने इनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 3-3 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी। दोनों इंडोनेशिया के जर्कार्ता में छिपे थे।

## वक्फ से जुड़ी दो नई याचिकाओं पर विचार करने से मना किया

# हर कोई अखबारों में अपना नाम देखना चाहता है : सुप्रीम कोर्ट

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी.आर. गवई व जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली दो नई याचिकाओं पर विचार करने से मना कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबारों में अपना नाम देखना चाहता है। अदालत इस मामले पर 20 मई को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई में अंतरिम राहत पर भी विचार किया जाएगा। केंद्र सरकार ने कहा है कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं हमेशा के लिए दायर नहीं की जा सकतीं। सरकार के बड़े वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं हमेशा के लिए दायर नहीं की जा सकतीं। इसका मतलब है कि सरकार चाहती है कि इन याचिकाओं पर जल्द सुनवाई हो।एक याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री द्वारा बताई गई कमियों को भी दूर कर दिया था। लेकिन उनकी याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''हर कोई चाहता है कि उसका



● मामले पर सुनवाई अब 20 मई को होगी

नाम अखबारों में आए।'' वकील ने पीठ से आग्रह किया कि उनकी याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाए। पीठ ने कहा, ''हम इस विषय पर फैसला करेंगे।'' इसके बाद, पीठ ने इसे खारिज कर दिया। इसी तरह की एक अन्य याचिका सुनवाई के लिए आई, तो पीठ ने कहा, ''खारिज की जाती है।''

याचिकाकर्ता के वकील ने आग्रह किया कि उन्हें लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप करने की अनुमति दी जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''हमारे पास पहले से ही बहुत सारे हस्तक्षेपकर्ता हैं।'' अदालत पहले से ही कई लोगों को मामले में शामिल होने की अनुमति दे चुकी है। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने 17 अप्रैल को फैसला किया था कि वह कुल याचिकाओं में से केवल पांच की सुनवाई करेगी। अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं 15 मई को प्रधान न्यायाधीश व न्यायमूर्ति मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई थीं। पीठ ने कहा कि वह 20 मई को तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी। ये मुद्दे हैं-

- अदालतों द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर अधिसूचित करना, यानी यदि अदालत ने किसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया है, तो उसे वापस कैसे लिया जा सकता है।
- राज्य वक्फ बोर्डों व केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुसलमानों को ही इसका कामकाज करना चाहिए।
- वह प्रावधान जिसके अनुसार जब डीएम यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि संपत्ति सरकारी है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। यदि डीएम को लगता है कि कोई संपत्ति सरकारी है, तो उसे वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा।

सरकार संशोधित वक्फ अधिनियम, 2025 के बचाव में अड़ी, कुछ भी बदलाव नहीं चाहती -


वहीं केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम, 2025 का बचाव किया है। मंत्रालय ने 25 अप्रैल को 1,332 पृष्ठों का एक हलफनामा दाखिल किया है। मंत्रालय ने संसद द्वारा बनाए गए कानून पर अदालत द्वारा किसी भी रोक का विरोध किया है। सरकार चाहती है कि अदालत इस कानून पर रोक न लगाए।

## नकली दुल्हन से शादी कराकर घर लूटने का धंधा

# सुहागरात को ही दुल्हन घर में रखे 1.30 लाख व गहने लेकर फरार

**संवाददाता**

**लखनऊ।** मामला आगरा का है, लेकिन इसे लेकर तरह -तरह की बातें राज्य के राजधानी की गलियों में हो रही हैं। यह कि योगी राज में भी इस तरह की घटनाएं कैसे होने लगीं। नकली दुल्हन के मार्फत लूटने वाले गैंग की सक्रियता का। ऐसा ही आगरा में सुहागरात में ही ससुराल को लूटने वाली दुल्हन को आगरा पुलिस खोजने में परेशान है। हालत यह हो गई है कि भाजपा विधायक को भी मैदान में उतरना पड़ा है। क्योंकि विधायक के हस्तक्षेप के बाद केस दर्ज हो सका है। उसके बाद पुलिस पड़ताल में पता चला है कि शादी में दुल्हन की ओर से आए रिश्तेदार भी नकली थे। उन्हें किराए पर लाया गया था। 10 हजार रुपये में मामा और फूफा बनाकर दुल्हन पक्ष की ओर से पेश किया गया। इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड एक अधिवक्ता बताया जा रहा है। पुलिस उसकी भी तलाश में जुटी है। ये मामला 4 मई का है। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के सीता नगर की रहने वाली कुसमा अपने बेटे की शादी के लिए लड़की तलाश रही थी। अधिवक्ता जयप्रकाश



- 10 हजार में मामा-फूफा बना किराए पर लाए फर्जी रिश्तेदार
- बिचौलिया बनकर एक वकील ने युवक की शादी कराने का लिया 1.20 लाख रु.
- दुल्हन का आधार कार्ड था नकली

उर्फ जेपी धाकरे ने कुसमा से संपर्क किया। जिसमें दोनों ओर से खर्चा उठाने की बात कही गई। बिचौलिया बने अधिवक्ता ने 1.20 लाख में ठेका लिया था।

कुसमा इस पर तैयार हो गई थी। उसका बेटा रिंकू पेटीज बेचने का काम करता है। 4 मई को अधिवक्ता ने न्यू आगरा क्षेत्र के महादेव मंदिर में रिंकू की शादी एक युवती से कराई। जिसका नाम मिर्जापुर की अंतिमा बताया था। मंदिर में शादी के दौरान दुल्हन की ओर से उसके मामा बने रामरतन, फूफा यादराम और बुआ भी मौजूद थी। शादी के बाद उसी रात को दुल्हन की विदाई करा दी गई। दुल्हन ने रात करीब 2 बजे नशीला पदार्थ सुंघाकर पति को बेहोश किया। इसके बाद अगले कमरे में सोने वाले लोगों को भी बेहोश कर दिया। इसके बाद घर में रखी 1.30 लाख की नकदी और गहने लेकर फरार हो गई। रिंकू की मां कुसमा ने बताया कि अधिवक्ता से मुलाकात उसके रिश्तेदार के घर पर हुई थी। किराए पर आए थे रिश्तेदार कुसमा के रिश्तेदारों ने मामा बने रामरतन को फोन किया तो उसने बताया कि उसे अधिवक्ता जेपी धाकरे ये कहकर लाया था कि एक गरीब लड़की का मामा बनना है। इसके लिए उसे 10 हजार रुपये मिलेंगे, लेकिन सिर्फ 500 रुपये ही दिए हैं। ऐसे ही फूफा व बुआ को भी किराए पर लाया गया था। रिंकू की मां कुसमा ने अधिवक्ता को फोन किया तो वह दूसरी शादी कराने का झांसा दे रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि इस पूरे खेल में अधिवक्ता मास्टरमाइंड प्रतीत हो रहा है। उसकी तलाश की जा रही है। भाजपा विधायक धर्मपाल ने मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की है।

## नूंह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 23 बांग्लादेशी ईंट भट्टे से गिरफ्तार



**नूंह (आईएएनएस)** । हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 बांग्लादेशी नागरिकों को ईंट-भट्टे से गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। सभी एक स्थानीय गांव बाजड़का में स्थित ईंट-भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ईंट-भट्टे पर कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के कार्यरत हैं।

## पाकिस्तानी जासूस यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़** । हरियाणा के हिसार निवासी हरीश कुमार की बेटी ज्योति रानी से पाकिस्तान को



कथित तौर पर जानकारी देने के आरोप में पूछताछ की गई। कथित तौर पर उसने दिल्ली में एक पाकिस्तानी अधिकारी अहसान-उर-रहीम से मुलाकात की, दो बार पाकिस्तान की यात्रा की और संवेदनशील जानकारी साझा की। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तानी गुर्गों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने की बात कबूल करने के बाद गिरफ्तार किया गया।

### मणिपुर में हथियार और विस्फोटक का जखीरा बरामद



**इंफाल** । मणिपुर में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान राज्य के अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए हैं। सुरक्षा बलों का अभियान अभी जारी है। मणिपुर पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल ईस्ट जिले के इरिलबुंग थाना क्षेत्र के नुंगजेंगबी यूरुप हिल में तलाशी अभियान के दौरान एक सफेद बोरे से .303 राइफल (मैगजीन सहित), 9 एमएम पिस्तौल (3 मैगजीन), देसी पिस्तौल, 9 एमएम के छह जिंदा राउंड, .303 एलएमजी के तीन मैगजीन, सात कार्बाइन मैगजीन, 7.62 एमएम के छह जिंदा राउंड, एके 47 (5.56 एमएम) के 19 जिंदा राउंड, वुड पीयर्सिंग शेल, 7.62 मिमी के 410 खाली खोखे, छह ट्यूब लॉन्चिंग (मिनी फ्लेयर), पांच नॉर्मल टीयर स्मोक शेल, दो टीयर चिली स्मोक शेल, दो वायरलेस सेट बैटरी (मोटोरोला) बरामद किए।

# अब भाजपा का लक्ष्य बीएमसी व बिहार विधान सभा चुनाव जीतना

## बीएमसी का बजट देश के कई छोटे भारतीय राज्यों से भी अधिक है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर तो तैयारियां जोरों पर शुरू कर ही दी है , बिहार में भी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर गणित व अभियान तेज कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर अभियान से भाजपा को दोनों जगह लाभ की उम्मीद है। महाराष्ट्र में सरकार चला रहे महायुति गठबंधन व विपक्षी महाविकास अघाड़ी के साथ ही कुछ छोटे दल भी लगातार तैयारी में जुटे हुए हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी जड़ें जमाने की कोशिश कर रहे असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए कमर कस रही है।सर्वोच्च न्यायालय ने 6 मई को महाराष्ट्र सरकार को आदेश दिया था कि वह नोटिफिकेशन जारी करने के 4 माह के अंदर स्थानीय निकायों के चुनाव कराए। अदालत के आदेश के बाद से ही राज्य में चुनावी माहौल बनने लगा है। अक्टूबर के पहले या दूसरे हफ्ते में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और अन्य नगर निकायों के चुनाव होने की संभावना है। राज्य में 6 बड़ी पार्टियां सक्रिय हैं। कई छोटे दलों ने भी कुछ सीटों पर मुकाबले को रोचक बनाया हुआ है। शिवसेना व एनसीपी में हुए विभाजन के बाद राज्य की सियासी तस्वीर बहुत हद तक बदल गई



**ऑपरेशन सिंदूर से लाभ की उम्मीद**

है। भाजपा महाराष्ट्र की सियासत में सबसे बड़े प्लेयर की भूमिका में है।महाराष्ट्र में सरकार चला रहे महायुति गठबंधन में भाजपा , एकनाथ शिंदे की शिवसेना व अजित पवार की एनसीपी शामिल है। जबकि विपक्षी एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार गुट) और कांग्रेस शामिल हैं।

एआईएमआईएम की ओर से गुरुवार को राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई और इसमें राज्य में होने वाले सभी चुनाव लड़ने का फैसला किया गया। महाराष्ट्र में पार्टी के अध्यक्ष इम्तियाज जलील ने कहा कि हम महायुति के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। एआईएमआईएम स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए गठबंधन करने की संभावना पर भी काम कर रही है।इस तरह की भी चर्चा चल रही है कि राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ( मनसे ) और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच गठबंधन हो सकता है। दूसरी ओर, शिवसेना ( यूबीटी ) एमवीए गठबंधन से बाहर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है। हाल ही में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच गठबंधन के बारे में चर्चा हुई है लेकिन इसे लेकर कुछ फैसला नहीं हुआ है।बीएमसी महाराष्ट्र का सबसे बड़ा नगर निगम है। बीएमसी का बजट देश के कई छोटे भारतीय राज्यों से भी अधिक है और यह भारत का सबसे पैसे वाला नगर निगम है। इसमें कुल 227 वार्ड हैं। 2017 में हुए बीएमसी चुनावों में अविभाजित शिवसेना ने सबसे ज्यादा वार्ड (84) जीते थे, दूसरे नंबर पर बीजेपी (82) रही थी। कांग्रेस ने 31, एनसीपी ने 9, राज ठाकरे की एमएनएस ने 7 और समाजवादी पार्टी ने 6 वार्डों में चुनाव जीता था। तब शिवसेना और भाजपा साथ थे लेकिन उन्होंने बीएमसी चुनाव अलग-अलग लड़ा था। बड़ी पार्टी होने के नाते, शिवसेना अपना मेयर बनाने में सफल रही।इसके अलावा ठाणे महानगरपालिका, कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका, नवी मुंबई महानगरपालिका और नासिक महानगरपालिका के चुनाव भी बेहद अहम होते हैं।भाजपा की अगुवाई में 288 सीटों वाली महाराष्ट्र की विधानसभा में महायुति गठबंधन को 230 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा ने अकेले दम पर ही 132 सीटें जीती थीं जबकि उसके सहयोगी दलों – एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें जीतीं।